Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 06

देश



**यशस्वी जायसवाल टेस्ट और टी20 रैंकिंग में भारत के एकमात्र टॉप 10 बल्लेबाज**

**शरद की पार्टी का बड़ा दावा : अजित पवार को सरकार से बाहर जाने के लिए कह रही है...**

शुक्ल पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

मूल्य ₹ 2.00

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 19 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 219 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74,840 | ₹94,700 |



## आज का इतिहास

- **1969 : भारत सरकार ने देश के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय लिया।**
- **2014 : रूस ने कुछ अमेरिकियों को 13 अमेरिकियों को वीजा देने से अमेरिकी प्रतिबंधों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की।**

## न्यूज बाइट्स

### कोसी की उपधारा में नाव डूबी, सात की बची जान एक युवक हुआ लापता

**दरभंगा (नि.सं.) ।** कुशेश्वरस्थान की कोसी उपधारा में गोलमा डीह से गोलमा घाट जाने के दौरान नाव डूब गई है। नाव पर आठ लोग सवार थे। जिसमें एक युवक लापता हो गया। गायब होने वाले युवक की पहचान गोलमा निवासी विंदेश्वरी राय के 23 वर्षीय पुत्र राजा राय के रूप में हुई है। जिसकी खोजबीन की जा रही है। हादसे में दो बाइक भी पानी में गिर गई। जिसे स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु और तिलकेश्वर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पहुंचे। स्थानीय लोगो ने बताया कि नाव से लौटने के क्रम में ये हादसा हुआ। नाव पर कुल 8 लोग सवार थे। सात लोगों को बचा लिया गया है। 2 बाइक पानी में गिर गई थी जिसे निकाल लिया गया। कुशेश्वर स्थान पूर्वी के बीडीओ ने बताया की घटना के 15 मिनट के अंदर ही हमलोगों को सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद हमलोग मौके पर पहुंचे। बाकी सभी लोगों को बचा लिया गया है। एक की तलाश अभी तक जारी है।

### रोहतास में दो युवकों की गोली मार कर हत्या, नहर किनारे मिले शव

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.) ।** सासाराम में डबल मर्डर हुआ है। गुरुवार की सुबह दो युवकों का शव मिला है। दोनों युवकों की गोली मारकर हत्या करने की बात सामने आ रही है। मौके से 4 खोखा और एक बाइक भी बरामद की गई है। शव के पास पॉलिथीन में लिक्विड भी मिला है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पा रही है। घटना बिक्रमगंज थाना के करियवा बाल नहर पुल के पास की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने धारूपुर सूर्य मंदिर के पास स्थित नहर पुल के पास दो लाश देखी। दोनों शव एक दूसरे से कुछ दूरी पर पड़े थे और काफी खून बिखरा पड़ा था। गांव वालों ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### आईटीआई दीघा घाट के 63 छात्रों का अप्रेंटिस में हुआ चयन

**पटना (नि.सं.) ।** क्वेस्ट एलायंस की ओर से गुरुवार को आईटीआई दीघा घाट में अप्रेंटिस कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात के टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हेकिल लि. समेत अन्य प्रतिष्ठान शामिल हुए। टाटा मोटर्स के एचआर नईम कुशी ने 63 छात्रों का चयन किया। इस दौरान कुल 81 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया। इसकी जानकारी आईटीआई के प्राचार्य विकास चन्द्र ने दी। मौके पर ग्रुप अनुदेशक आशुतोष कुमार, चंदन तिवारी, प्रभात रंजन, संजय झा, दीपक सहाय, सुचित्रा कुमारी व अन्य उपस्थित रहे।

---

नीट पेपर लीक से जुड़ी 40 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में तीसरी सुनवाई हुई, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# एनटीए सेंटर वाइज ऑनलाइन जारी करें रिजल्ट, अगली सुनवाई 22 को

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को सभी छात्रों के मार्क्स अपनी वेबसाइट पर जारी करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एनटीए ने कोर्ट को इंफोर्म किया है कि काउंसलिंग 24 जुलाई से शुरू की जाएगी। नीट पेपर लीक मामले पर अंतिम फैसला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ सहित तीन जजों की बेंच अब सोमवार 22 जुलाई को सुनाएगी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान भारत सरकार के अधिवक्ता यानी सॉलिसिटर जनरल ने नीट काउंसलिंग डेट भी बताई। शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को गुरुवार को आदेश दिया कि वह शनिवार दोपहर 12 बजे तक तक नीट देने वाले सभी स्टूडेंट्स के मार्क्स सेंटर वाइज और सिटी वाइज ऑनलाइन जारी करे। कोर्ट ने कहा कि इस प्रक्रिया में छात्रों की पहचान उजागर न की जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने माना कि हजारीबाग और पटना में पेपर लीक हुआ। सोमवार को अब इस मामले की सुनवाई होगी। इससे पहले नीट यूजी काउंसलिंग 2024 प्रक्रिया के बारे में बताते हुए केंद्र ने कहा था कि छात्रों को पहले और दूसरे राउंड में उनके द्वारा चुने गए प्रेफरेंस के अनुसार सीटें बदलने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे में यदि तीसरे दौर से पहले सीटें रद्द कर दी जाती हैं, तो इसका ओवरऑल काउंसलिंग और सीट अलॉटमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नीट काउंसलिंग का तीसरा राउंड सितंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है।



जस्टिस जे बी पारदीवाला | चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ | जस्टिस मनोज मिश्रा

सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता के वकील नरेंद्र हुडा ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट में वो सारी बातें उठाईं जो संकेत देती हैं कि पेपर लीक हुआ है। पेपर सिर्फ हजारीबाग और पटना में ही नहीं, बल्कि अन्य जगहों पर भी लीक हुआ है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख सोमवार को तय की है और बिहार पुलिस और भारत सरकार को बिहार पुलिस की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया है। साथ ही एनटीए को सभी नीट अभ्यर्थियों का रिजल्ट अपनी वेबसाइट पर घोषित करने का निर्देश दिया है। इससे पहले केंद्र और एनटीए ने शीर्ष अदालत के आठ जुलाई के आदेश का अनुपालन में अपने हलफनामे दाखिल किए हैं। पीठ ने पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं के वकीलों को अभी तक ये हलफनामे नहीं मिले हैं।

### परीक्षा से 5 महीने पहले बढ़ाया गया सिलेबस

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील नरेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि परीक्षा से 5 महीने पहले एनटीए ने सिलेबस बढ़ाया, जिसे ही ग्रेस मार्क्स का आधार बनाया गया। इसके बाद गड़बड़ी छिपाने के लिए दोबारा परीक्षा कराई गई। सीजेआई ने पूछा कि 23.33 लाख में से कितने छात्रों ने अपने सेंटर बदले हैं, जिस पर एनटीए ने कहा कि फिलहाल सिस्टम से यह डेटा नहीं मिल सकता।

---

यूपी में डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी

# दो की मौत, 15 कोच उतरे, तीन पलट गए, कई घायल, मुआवजे की घोषणा



**एजेंसी | गोंडा(यूपी)**

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के 10 से 12 डिब्बे पटरी से अलग हो गए और दो डिब्बे पलट गए। हादसा मोतीगंज और झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई घायल हो गये। डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना पर पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने कहा, रेलवे की मेडिकल वैन मौके पर पहुंच गई है और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिए गए हैं। यह घटना दोपहर 2.37 बजे के आसपास हुई।

जिलाधिकारी डॉ नेहा शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गये और अब तक दो लोगों की मौत की सूचना है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य जारी है और सभी मृतकों और घायलों को बाहर निकाला जा चुका है। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि हादसे में 20 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य जारी है। करीब 40 सदस्यीय मेडिकल टीम और 15 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा जिले में हुए रेल हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

### रेल मंत्रालय ने की मुआवजे की घोषणा

गोंडा ट्रेन दुर्घटना हादसे को लेकर रेल मंत्रालय ने मुआवजे की घोषणा कर दी है। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है। सीआरएस जांच के अलावा, उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

### भारतीय रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

भारतीय रेलवे ने बताया, पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 15904 डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना के संबंध में हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

---

## दक्षिण बिहार के आठ जिलों में सूखे से निपटने की योजना को दिया गया विस्तार

**निज संवाददाता | पटना**

दक्षिण बिहार को सूखे से बचाने की योजना को विस्तार दिया गया है। यहां के आठ जिलों में सिंचाई के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी गयी है। इन जिलों के लिए स्वीकृत 23 योजनाओं के लिए लघु जल संसाधन विभाग ने 37 करोड़ मंजूर किया है। मार्च 2025 तक इन योजनाओं को पूरा कर लेना है। पटना समेत दक्षिण बिहार की आठ जिलों में इन योजनाओं के पूर्ण होने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इन जिलों के बड़े इलाके में किसान बारिश, नदी-नहर, जलाशय, कुआं आदि पर निर्भर हैं। लेकिन, इस समय दक्षिण बिहार में बड़ी संख्या में नदियां सूख गयी हैं जबकि अधिसंख्य जलाशयों से भी पानी गायब है। नहर, कुआं और तालाब भी सूख चुके हैं। सभी 38 जिलों में स्थिति भयावह है। इन सब कारणों से अब सिंचाई के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

सात निश्चय पार्ट टू (2020-2025) के तहत राज्य सरकार द्वारा हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना पर काम हो रहा है। इसके तहत सर्वेक्षित हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना है। लघु जल संसाधन विभाग को आहर-पईन सिंचाई योजना (एक एकड़ से अधिक), उद्वह सिंचाई योजना (कमांड एरिया 2 हजार हेक्टेयर तक), चेक डैम सिंचाई योजना (15 मीटर की लंबाई से अधिक और कमांड एरिया 2 हजार हेक्टेयर तक), निजी नलकूप और मौजूदा सार्वजनिक नलकूप की मरम्मत से संबंधित कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

### जिलों में योजनाएं स्वीकृत

औरंगाबाद (9), पटना (6), कैमूर-मोहनियां (3) के अलावा अरवल, आरा, गया, मुंगेर, नालंदा में एक-एक योजना को हरी झंडी दी गई।

---

## जहरीली गैस से दम घुटने से चार लोगों की मौत, कई बेहोश



**नि. सं. | मोतिहारी (पूर्व चम्पारण)**

नव निर्मित टॉयलेट टैंक का सेंट्रिंग खोलने के दौरान टैंक में से निकली जहरीली गैस से चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई है वहीं कई लोग बेहोश हो गए हैं। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई है। सभी को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर लोगों का आक्रोश भड़क गया और गुस्साए लोगों ने अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दिया। शव को अस्पताल में रखकर परिजन और ग्रामीण हंगामा कर रहे हैं। सैकड़ों लोग अस्पताल परिसर में मौजूद हैं। इस दौरान लोगों ने एम्बुलेंस में भी तोड़फोड़ की है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को शांत करने में जुटी हुई है। मृतकों की पहचान योगेंद्र यादव, अब्दुल बकर, हुसैन अंसारी और वसी अहमद के रूप में हुई है जबकि तीन बेहोश लोगों का इलाज कराया जा रहा है। घटना ढाका नगर परिषद क्षेत्र के लहन ढाका की है। बताया जा रहा है कि रामचंद्र ठाकुर के घर में शौचालय के टैंक का निर्माण कराया गया था।

---

## डीएलएड : पहली मेधा सूची से 23 जुलाई तक होगा नामांकन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से डीएलएड में नामांकन के लिए संस्थावार कटऑफ लिस्ट के साथ पहली मेधा सूची बुधवार को जारी कर दी गई है। विद्यार्थी समिति की वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 23 जुलाई तक नामांकन लिया जायेगा। कटऑफ के आधार पर मिले कॉलेज से संतुष्ट नहीं होने वाले विद्यार्थी गुरुवार से 23 जुलाई तक स्लाइड अप के लिए ऑनलाइन आवदेन कर सकते हैं। प्रशिक्षण संस्थानों को ओर से पोर्टल पर लॉग इन कर अंतिम रूप से 24 जुलाई तक सीट अद्यतन किया जाएगा। जिस विद्यार्थी का चयन प्रथम चयन सूची में कहीं भी नहीं हुआ है वह 25 और 26 जुलाई तक नया विकल्प भरने या पूर्व के विकल्प में परिवर्तन कर सकते हैं। समिति की ओर से नामांकन के दौरान कोई परेशानी होने पर छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी की गई।

---

बीपीएससी टीयर-1 कैंडिडेट्स को हाईकोर्ट से राहत

## सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने का आदेश, 2024 सीटें थीं खाली

**निज संवाददाता | पटना**

बीपीएससी टीयर-1 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट को लेकर पटना हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग को जल्द से जल्द सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है। पटना हाईकोर्ट के इस आदेश से अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। शिक्षक भर्ती परीक्षा के पहले चरण में सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें कुल 2773 उम्मीदवारों को पास किया गया था। हालांकि, कुल वैकेंसी 4797 की थी, लेकिन 2024 सीट खाली रह गई थीं। इसके बाद आयोग की ओर से कहा गया था कि अब खाली बची सीटों को दूसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में जोड़ा जाएगा। अब इन तमाम सीटों के लिए सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग के इस फैसला का विरोध किया था और हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी। इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसके बाद कोर्ट का फैसला आया है। याचिकाकर्ता धीरेन्द्र कुमार की अर्जी पर पटना उच्च न्यायालय ने ये आदेश दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता वाईवी गिरी ने इस केस की पैरवी की है।



बीपीएससी टीयर 1 में 2024 सीटें खाली रह गई थीं। 9-10 वीं क्लास के लिए अंग्रेजी विषय के लिए 926, साइंस के लिए 681,11-12वीं क्लास के लिए 223 सीटें और अन्य सब्जेक्ट के लिए 194 सीटों पर नियुक्ति नही हुई थी।

---

राज्य के पुल-पुलियों का आकलन शुरू

## सूबे के कमजोर पुलों पर भारी वाहन नहीं चलेंगे

- **सीएम ने सभी थाना भवनों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को भी कहा**

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य के पुल-पुलियों का आकलन शुरू हो गया है। इस महीने तक आकलन के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। आकलन के आधार पर कमजोर पुलों की पहचान होने पर उससे भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही वहां लिखा भी जाएगा कि अमूक पुल से भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है ताकि ग्रामीण भी सतर्क होकर पुल की सुरक्षा कर सकें। दरअसल, राज्य में पिछले कुछ दिनों में दर्जन भर से अधिक पुल-पुलिया या तो गिर गए या पानी में बह गए। सूबे के उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है।

विभाग ने इंजीनियरों को इस महीने तक पुल-पुलियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया है। इसी आधार पर पुल-पुलियों की मरम्मत होगी। विभाग ने साफ किया कि किसी भी परिस्थिति में आवागमन बाधित न हो। आकलन में पुल-पुलिया कमजोर साबित हुई तो तुरंत बैरिकेडिंग कर दी जाए। खासकर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाए ताकि पुलों पर आवागमन बंद न हो। आकलन में इसका खास ख्याल रखने को कहा गया है कि पुलों के निर्माण के समय उसकी तकनीकी भार वहन की स्थिति क्या थी और वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी समीक्षा कर विभाग के स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की ओर से भेजी गई मार्गदर्शिका के अनुसार पुलों का अनुरक्षण करने को कहा गया है। आकलन में अगर पुल कमजोर साबित हुए तो वहां लिखा जाएगा कि इन पुलों पर भारी वाहनों का आवागमन निषेध है।

---

डोडा में आतंकियों ने अस्थायी कैंप पर किया हमला

## जम्मू-कश्मीर में तीन जगह एनकाउंटर, दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**एजेंसी श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)।**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन इलाके में सेना ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को मार गिराया है। सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान आतंकियों-सेना के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो अभी भी जारी है। उधर, डोडा में भी दो जगह इनकाउंटर चल रहा है। गुरुवार तड़के आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में बुधवार देर रात स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने गोलीबारी की।



इसमें दो जवान घायल हुए।

सेना ने फायरिंग की तो आतंकी जंगल की ओर भागे, वहां सेना ने उन्हें घेर रखा है। यहां सेना और आतंकियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। वहीं, जिले में एक अन्य जगह भी एनकाउंटर जारी है। डोडा में ही 15 जुलाई को आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। 16 जुलाई को डोडा के डेसा फोरेस्ट बेल्ट के कलां भाटा में रात 10:45 बजे और पंचान भाटा इलाके में रात 2 बजे फिर फायरिंग हुई थी।

---

## सुप्रीम कोर्ट के जजों ने ली न्यायाधीश पद की शपथ

**नई दिल्ली (ए.)।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत परिसर में आयोजित एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों, अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति कोटिश्वर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे। मूल रूप से मणिपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति सिंह अपने राज्य के पहले न्यायाधीश हैं।

---

बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए लोगों में काफी बना हुआ है उत्साह

## जम्मू से अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

- **पिछली बार 4.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए थे दर्शन**
- **इस बार श्रद्धालुओं में दिख रहा अलग उत्साह**

**निज संवाददाता | जम्मू कश्मीर**



अमरनाथ यात्रियों का एक नया जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। 4,889 श्रद्धालुओं का ग्रुप जम्मू से कश्मीर के पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों के लिए निकला है। तैनात पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच तड़के करीब तीन बजे 187 वाहनों के काफिले में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। 500 महिलाओं और 11 बच्चों सहित 2,993 तीर्थयात्री अपनी यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग को अपनाएंगे। वहीं 1,896 तीर्थयात्रियों ने छोटे लेकिन 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना है। इस जत्थे के साथ जम्मू से अमरनाथ यात्रा शुरू करने वालों की संख्या 91,202 है। बाकी तीर्थयात्री सीधे घाटी के आधार शिविरों में पहुंच गए हैं। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून को अनंतनाग के पहलगाम और गांदरबल जिलों के बालटाल के दोहरे मार्गों से शुरू हुई।

अब तक 2.97 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में दर्शन किए हैं। यात्रा 19 अगस्त को रक्षा बंधन के त्योहार के साथ 'श्रावण पूर्णिमा' पर समाप्त होगी। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

---

## जन-वितरण दुकानों पर 31 जुलाई तक निःशुल्क बनेगा आयुष्मान कार्ड : स्वास्थ्य मंत्री मंडल पांडेय

**निज संवाददाता | पटना**

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि गुरुवार से राज्य की जनवितरण प्रणाली के (पीडीएस) दुकानों पर शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। अभियान अंतर्गत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों का कार्ड निर्गत किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और गरीबों को मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिलती है। शिविर में पात्र लोगों को लाने की जिम्मेदारी सभी बीडीओ को दी गई है। बीडीओ इस अभियान की निरंतर निगरानी करेंगे। अभियान की सफलता के लिए जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को इसके संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्गत करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1.79 करोड़ राशन कार्डधारी परिवार हैं। इनमें से अब-तक करीब एक करोड़ 39 लाख 87 हजार 827 परिवार का कार्ड बन चुका है। इसके तहत दो करोड़ 95 लाख नौ हजार 726 लाभार्थी का कार्ड बन चुका है। शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं। राज्य के सभी जन-वितरण प्रणाली दुकानों पर सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के वीएलई (विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर्स) की ओर से कार्ड बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंप में पात्र लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गयी है।



## संक्षिप्त समाचार

### दिन में ही घर में घुस कर चोरी करते रंगेहाथ धराया

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना के भुसंडा मोड़ पर दिनदहाड़े एक युवक घर में घुस चोरी कर रहा था। इस बात की भनक लगते ही गृहस्वामिनी माया देवी ने शोर मचाया, जिसके बाद जमा भीड़ ने युवक को रंगेहाथ धर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित भीड़ के चंगुल से युवक को सुरक्षित निकाल कर थाना लाया। युवक की पहचान अनंत कुमार के रूप में हुई। युवक मूलतः थाना क्षेत्र के सरैया का निवासी है और पुदीना खेत में मकान बना रखा है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा कि पीड़ित महिला द्वारा लिखित तहरीर दी है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

### बारात निकलने के पहले दूल्हे के भाई ने महिला को मारी गोली

**करायपरसुराय।** करायपरसुराय में घटना, पड़ोसी से हुआ था विवाद, जख्मी रेफर सिटी रिपोर्टर| करायपरसुराय करायपरसुराय थाना क्षेत्र के सिरहंटा गांव में मंगलवार की रात बारात निकलने के पहले, पड़ोसी से विवाद हो गया। जिसके बाद दूल्हे के भाई ने पड़ोसी महिला को गोली मार दी। परिजन जख्मी विजय चौधरी की पत्नी मीना देवी को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल लाएं। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। गोली महिला के पेट में लगी है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। हालांकि, तब तक आरोपित फरार हो चुका था। घंटों बाद दूल्हा, बारात के साथ शादी रचाने निकला। ग्रामीणों ने बताया कि कमलेश चौधरी के छोटे पुत्र की शादी थी। रात में घर से बारात निकल रही थी। उसी दौरान परिवार का पड़ोसी मीना देवी के पुत्र से झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। उसी दौरान नशे धूत दूल्हे के बड़े भाई रविंद्र चौधरी ने फायरिंग कर दी। गोली महिला के पेट में लग गई। जिसके बाद भगदड़ मच गई। ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी को अस्पताल ले जाया गया। इधर, आरोपित गांव से फरार हो गया। घंटों बाद बारात गांव से निकली। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। मामूली विवाद में दोनों पक्षों का झगड़ा हुआ था। जिसके बाद बदमाश ने महिला को गोली मार दी।

### अखंड कीर्तन के समापन पर भंडारा का आयोजन

**परवलपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बाना बिगहा गांव में माता सती के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चौबीस घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। बुधवार को अखंड कीर्तन के समापन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बाना बिगहा, हजारीबाग, गढ़पर लालगंज सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। माता सती कमेटी के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार की सुबह से पूजन एवं संध्या आरती लगातार चलता रहेगा। प्रत्येक मंगलवार को मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

### सौ जरूरतमंदों के बीच सीलिंग फैन बांटा गया

**बोधगया।** बोधगया के रत्ती बिगहा गांव में संचालित जेनामिताभ वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शहर के नजदीक के गांव के रहने वाले एक सौ चिन्हित जरूरतमंद लोगों के बीच सीलिंग फैन का वितरण किया गया। एसोसिएशन ऑफ मेडिकल डॉक्टर ऑफ एशिया (आमदा) के सहयोग से वितरण हुआ। कार्यक्रम में आमदा एसोसिएशन की ओर से बतौर प्रतिनिधि भिक्षु प्रज्ञा प्रिय, बोधगया वृद्ध आश्रम की संचालक वेदा व बंटी मेहता ने मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जनहित से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। जेनामिताभ वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव आनंद विक्रम ने कहा कि सीलिंग फैन वितरण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दानदाताओं से संवाद व पत्राचार के माध्यम से लगातार सम्पर्क में थे।

### पॉलिटेक्निक व पारा मेडिकल में सफल छात्र सम्मानित

**गया।** शहर के माड़नपुर-बाइपास के पास आकाश टेक्निकल क्लासेस से बिंदेश्वरी प्रसाद सभागार में बुधवार को प्रतियोगिता परीक्षा में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ के संस्था के निदेशक ई. आकाश दयाल, जिला सामाजिक सदस्य प्रतिनिधि अजय दांगी, ग्रामीण विकास पदाधिकारी स्मिता वर्मा, युवा नेता सुभाष यादव ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद वर्ष 2024 में पॉलिटेक्निक व पारामेडिकल में सफल छात्रों को शील्ड, मेडल, पुस्तक, अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अजय दांगी ने छात्रों से कहा कि आज गरीब के बच्चे परीक्षा में सफल होकर बाबा साहेब के सपनों को पूरा कर रहे है। युवा नेता सुभाष यादव ने कहा कि बच्चों के कड़ी तपस्या से ही राज्य एवं राष्ट्र का सम्मान बढ़ सकता है। संस्था के निदेशक ई. आकाश दयाल ने कहा कि हौसलों से ही उड़ान होती है। आज छात्रों ने सचमुच साबित कर दिया सूरज जैसा बनने के लिए सूरज जैसा तप कर अपने जलवे से आने वाले नई पीढ़ियों को संदेश देने का कार्य किया है जो एक सराहनीय सोच को प्रदर्शित करता है। अंकित ने पढ़ाया संस्थान का मान : आकाश संस्था के निदेशक ई. आकाश दयाल ने बताया कि इस बार अंकित कुमार ने प्रतियोगी परीक्षा में समग्र बिहार में सामान्य कैटेगरी में तीन और ईबीसी में नंबर वन रैंक लाकर संस्थान का मान बढ़ाया है। वहीं संस्था के तकनीकी प्रबंधक नवल रंजन ने कहा कि विगत 16 वर्षो से करीब दस हजार छात्रों ने सफलता की सीढ़ियां चढ़ चुके है। इस वर्ष 400 छात्रों में से 250 ने सफलता पायी है। अध्यक्षता शिक्षक ओंकार व मंच का संचालन युवा सामाजिक कार्यकर्ता डी.के डाडेल ने किया।

### पगडंडी से स्कूल आते-जाते हैं छात्र और शिक्षक



**नालंदा।** नालंदा के हरनौत प्रखंड के सरथा पंचायत के गंगा बिगहा गांव में स्थित प्राथमिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा के लिए घने झाड़ियों से होकर गुजरने वाले खतरनाक रास्ते से होकर जाना पड़ता है। जहां उन्हें आवारा जानवरों का खतरा भी रहता है। बरसात के मौसम में रास्ता जलमग्न हो जाता है। इससे स्कूल जाना और भी मुश्किल हो जाता है। शिक्षक और स्कूली बच्चे दोनों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इस समस्या के बारे में कई बार स्कूल और गांव वालों द्वारा शिकायतें की गई है। लेकिन शिक्षा विभाग या स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। हरनौत प्रखंड में कई अन्य विद्यालय भी हैं जहां शिक्षकों और छात्रों को स्कूल तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। वहीं, स्कूल के प्रभारी HM रेखा कुमारी का कहना है कि स्कूल आने के लिए कोई रास्ता न होने की वजह से हम लोगों को कई सालों से पगडंडी के सहारे स्कूल आना पड़ता है। न ही स्कूल में बिजली की ही सुविधा है। स्कूल में 55 बच्चे नामांकित है। इनको पढ़ाने के लिए 4 शिक्षक हैं। HM रेखा ने कहा कि इसी पगडंडी के सहारे अधिकारी भी स्कूल तक आते हैं। इसकी शिकायत हमने कई बार विभाग से की है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रखंड में और कई स्कूल हैं। जहां स्कूल तक पहुंचने के रास्ते नहीं हैं। यहां बच्चों और शिक्षकों को अपना रास्ता खुद चुनकर स्कूल तक पहुंचना पड़ता है। हरनौत बीडीओ उज्जवल कांत ने कहा कि वे इस मामले की जांच करेंगे। अगर ग्राम पंचायत द्वारा कोई योजना नहीं बनाई गई है, तो वे रास्ता बनवाने के लिए योजना बनाएंगे।

# ED का बिहारशरीफ में वकील समेत 4 ठिकानों पर छापा

निज संवाददाता। नालंदा



♦ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई, विदेश भेजा जा रहा था रुपए

ED की कोलकाता टीम ने गुरुवार को बिहारशरीफ में एक बड़ी कार्रवाई कि है। सुबह 7 बजे से 4 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई क्रिप्टो करेंसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में की गई है। इसमें 'फायविन' नामक गेमिंग एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। ED की टीम ने अंबेर नईसराय, गढ़पर, अस्पताल चौक और बड़ी पहाड़ी मोहल्ले में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप और कंप्यूटर के हार्ड डिस्क जब्त किए। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नगर थानाध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने छापेमारी की पुष्टि करते हुए बताया कि एक स्थानीय वकील के यहां भी जांच की गई है। उन्होंने कहा कि छापेमारी इतने गोपनीय तरीके से की गई कि किसी को भनक तक नहीं लगी। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, यह मामला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय रैकेट से जुड़ा हुआ है। इस रैकेट में क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से गेमिंग एप से कमाए गए करोड़ों रुपए विदेशों में भेजे जा रहे थे। चीन के नागरिकों के इस रैकेट में शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बिहारशरीफ में शेयर मार्केटिंग के नाम पर युवाओं को क्रिप्टो करेंसी में निवेश का लालच देकर प्रशिक्षण दिया जा रहा था। कई रसूखदार व्यक्तियों के इस ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से मोटी रकम कमाने की बात सामने आई है। 'फायविन' एप एक ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म है, जहां उपयोगकर्ता रंगों का अनुमान लगाकर पैसे जीत सकते हैं। सही अनुमान पर दोगुने से लेकर 36 गुना तक का इनाम मिलने का दावा किया जाता है। हालांकि, इस तरह के ऐप्स में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का जोखिम बहुत अधिक होता है। ED की यह कार्रवाई क्रिप्टो करेंसी के अवैध उपयोग और ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी पर एक बड़ा वार है। क्रिप्टोकरेंसी एक तरह की डिजिटल मुद्रा है जो किसी भी केंद्रीय बैंक या सरकारी संस्था के नियंत्रण में नहीं होती। यह विकेंद्रीकृत तरीके से चलती है, यानी इसे कोई एक इकाई नियंत्रित नहीं करती। बिटकॉइन और इथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर आधारित होती है।

# गया में CUSB में PG की 192 खाली सीटें

निज संवाददाता। गया



♦ 22-23 जुलाई को स्पॉट राउंड एडमिशन, मानदंडों को पूरा करने वाले स्टूडेंट्स ले सकते हैं भाग

गया में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय(सीयूएसबी) स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों को भरने के लिए 22 और 23 जुलाई, 2024 को अपने कैंपस में स्पॉट एडमिशन आयोजित करने जा रहा है। जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ.शांतिगोपाल पाइन द्वारा एक नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के अनुसार विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों में रिक्त 192 सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक उम्मीदवार जो सीयूईटी पीजी- 2024 परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। वे नोटिस में दिए गए शेड्यूल के अनुसार CUSB परिसर में व्यक्तिगत रूप से प्रवेश के लिए रिपोर्ट कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध 'स्पॉट एडमिशन आवेदन पत्र' भरकर 19 जुलाई 2024 तक admission@cusb.ac.in पर ईमेल के माध्यम से भेजने का भी निर्देश दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि रिक्त सीटों की स्थिति आज की तिथि के अनुसार है। अगर स्पॉट एडमिशन की निर्धारित तिथि तक प्रवेशित छात्रों की ओर से कोई निरस्तीकरण प्राप्त होता है, तो ऐसी सीटों को रिक्त सीटों की सूची में शामिल किया जा सकता है। स्पॉट एडमिशन के माध्यम से प्रवेश दिया जा सकता है। अभ्यर्थियों को ऑन-स्पॉट प्रवेश के संबंध में नवीनतम अपडेट के लिए सीयूएसबी की वेबसाइट www.cusb.ac.in का लाभ ले सकते हैं। गौरतलब हो कि सीयूएसबी ने अकादमी सत्र 2024-25 में 28 स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सीयूईटी पीजी- 2024 के माध्यम से कुल 1196 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। अब तक करीब 1000 सीटें फुल हो गई है।

## करंट लगने से किसान की मौत, ट्रैक्टर से जा रहे थे खेत की ओर


निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बुधवार को करंट के संपर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई। मामला औंगारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पारीख गांव स्थित खंधा का है। मृतक की पहचान पारिख गांव निवासी ललन प्रसाद के (31) वर्षीय पुत्र लक्ष्मण प्रसाद के रूप में की गई। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि लक्ष्मण प्रसाद ट्रैक्टर से खेत जुतवाने के लिए गए हुए थे। जहां पटवन के लिए बांस के सहारे बिजली का नंगा तार ले जाया गया था। बिजली का तार नीचे आया हुआ था। जिसे लक्ष्मण प्रसाद पकड़कर ऊपर की ओर करने लगे। बिजली के तार में विद्युत प्रवाहित हो रही थी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें बचाने के क्रम में दो लड़के और मामूली रूप से झुलस गए। हालांकि इस बीच मौके पर ही लक्ष्मण प्रसाद की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही घरवालों को मिली परिजनों की चीख पुकार गांव में गूंजने लगी। लक्ष्मण प्रसाद खेती-बाड़ी का काम करते थे। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं इस मामले में औंगारी थाना अध्यक्ष सुषमा कुमारी ने बताया कि करंट के संपर्क में आने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# अफसरों की लापरवाही से स्कूल की जांच में गया रहा फिसड्डी, राज्य में 37वां स्थान

निज संवाददाता। गया



शिक्षा विभाग में केके पाठक के नहीं रहने का असर अब गया जिले में भी देखने को मिल रहा है। चाहे वह विद्यालयों का निरीक्षण हो या फिर स्टूडेंट प्रोफाइल अपलोड करने का मामला। निर्धारित समय व लक्ष्य के मुताबिक कार्य नहीं हो पा रहे हैं। शत-प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण करने का विभागीय आदेश है। जबकि स्कूल इंस्पेक्शन में गया जिला को राज्य में 37वां स्थान है। यानी नीचे से दूसरा स्थान। बिहार में कुल 38 जिले हैं। विभागीय निर्देशों के अनुपालन के तहत जिले में निरीक्षण करने वाले पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए शेड्यूल तैयार किया गया और इसी के मुताबिक विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। 16 जुलाई को 559 विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिवेदन ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। डीईओ डॉ. ओमप्रकाश ने इस बाबत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और विद्यालय अवर निरीक्षक, नगर निगम (उत्तरी व दक्षिणी) को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि अपने-अपने प्रखंडों से संबंधित विद्यालयों का प्रभावी निरीक्षण 18 जुलाई को प्रखंड परियोजना प्रबंधक, प्रखंड साधन सेवी और की-रिसोर्स पर्सन से कराएं। साथ इसी दिन निरीक्षण प्रतिवेदन ई-शिक्षा कोष पर अपलोड करते हुए उसकी रिपोर्ट डीईओ ऑफिस को भी करें। बताया गया कि कुछ कर्मियों के स्थानांतरण हो जाने या फिर अवकाश पर रहने के चलते निरीक्षण प्रभावित है। टाउन ब्लॉक में ही सबसे अधिक स्कूलों का नहीं किया गया निरीक्षण दूर-दराज के प्रखंडों की बात छोड़ दीजिए उस तिथि को गया टाउन ब्लॉक में ही सबसे अधिक 87 विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिवेदन ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड नहीं किए गए। उसके बाद प्रतिवेदन अपलोड नहीं करने में दूसरे स्थान पर टिकारी प्रखंड रहा। यहां 72 विद्यालयों के इंस्पेक्शन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुए। अतरी प्रखंड के 12 विद्यालय, बांकेबाजार 23, बाराचट्टी सात, बेलागंज 23, बोधगया 31, डोभी आठ, डुमरिया 12, फतेहपुर 16, गुरारू सात, गुरुआ 51, इमामगंज 28, खिजरसराय 35, कोंच 43, मानपुर 25, मोहनपुर 17, मोहड़ा 10, नीमचकबथानी सात, परैया 13, शेरघाटी पांच, टनकुप्पा 18, टिकारी 72 और वजीरगंज प्रखंड के 16 विद्यालयों का निरीक्षण प्रतिवेदन अपलोड नहीं किया गया। प्रतिवेदन अपलोड नहीं करने वाले विद्यालयों में अधिकांश प्राथमिक व मध्य विद्यालय हैं।

# मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने इंसानियत का पढ़ाया पाठ, बोले-सबसे ऊपर मानव धर्म, हमेशा दी जाएगी सेवा

निज संवाददाता। गया



गया में मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने शहर के ताज कॉलोनी के पास मुहर्रम के मौके पर इंसानियत का नायाब मिसाल कायम किया है। मुहर्रम का जुलूस लेकर आने वाले अकीदतमंदों के लिए दो दिवसीय काउंटर लगवाया है। अकीदतमंदों के लिए इस काउंटर पर बिस्किट, पानी, मिठाई, बादाम के शरबत की व्यवस्था की गई है। ताकि इस भीषण गर्मी में अल्लाह के बंदों को कुछ हद तक राहत मिल सके। वे अपने सूखे हलक को तर कर दुबारा से मौला की इबादत में लग जाएं और उनके संदेशों पर चलते हुए हर समाज में इंसानियत का पैगाम दे सकें। मानवाधिकार संगठन के बैनर तले लगाए गए काउंटर से बुधवार को पानी, बिस्किट और मिठाईयों का काउंटर के माध्यम से प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। यह व्यवस्था गुरुवार को भी अकीदतमंदों के लिए विशेष रूप से रहेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज ने कहा कि मुहर्रम समाज में शांति, न्याय और मानवता के सिद्धांतों पर चलने का संदेश देता है। मुहर्रम यह संदेश देता है कि सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने के लिए चाहे कितनी भी कठिनाइयों का सामना क्यों न करना पड़े जीत तो हमारी ही होनी है। हमें अपने परवरदिगार के बताए मार्ग और सिद्धांतों पर हर प्रतिकूल और अनुकूल स्थिति में कायम रहना चाहिए। तभी विश्व में न्याय और मानव धर्म की जीत होगी। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का जुलूस और मजलिसे समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बल देती है। मुहर्रम केवल शिया और सुन्नी मुस्लिमों के लिए ही नहीं, बल्कि अन्य धर्मों के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा अवसर है जब विभिन्न धर्मों और संप्रदायों के लोग एकजुट होकर कर्बला की घटना को याद करते हैं। इमाम हुसैन की शहादत को सलाम करते हैं। मोहर्रम के अवसर पर हमें अपने समाज में प्रेम, सौहार्द और सहयोग की भावना को और अधिक गहरा बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह त्योहार हमें सिखाता है कि किसी भी धार्मिक या सांप्रदायिक भेदभाव से ऊपर उठकर हमें मानवता और न्याय के लिए काम करना चाहिए। दूसरों के हित के लिए तत्पर रहना होगा। तभी इंसानियत कायम होगी।

## हर्ष फायरिंग में किशोर को लगी गोली, गांव से निकली बारात देखने गया था बच्चा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बुधवार की रात शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग हुई थी। जिसमें गोली लगने से 14 वर्षीय किशोर जख्मी हो गया। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरंगा गांव का है। जख्मी की पहचान शेखपुरा जिला के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कैमरा गांव निवासी शंकर राम का पुत्र राजा कुमार के रूप में हुई है। वर्तमान में राजा कुमार अपने फूफा के घर नौरंगा गांव राजकिशोर के यहां रह रहा था। गुरुवार को पीड़ित शिकायत लेकर बिन्द थाना पहुंचा। घटना के संबंध में जख्मी राजा कुमार ने बताया कि गांव में ही कुशेश्वर ढाढ़ी के बेटे की बारात निकल रही थी। मैं बारात देखने के लिए गया था। इसी बीच हर्ष फायरिंग हो गई। बुलेट दाहिने पैर के एड़ी को चीरते हुए बाहर निकल गई। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए बिन्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार हुआ। किशोर की मां का कहना है कि उनका भूमि विवाद ससुराल के लोगों से चल रहा है। इसी वजह से पिछले 1 साल से अपने बेटे को उसके फूफा के घर में रख रही। आशंका है कि भूमि विवाद में गोतिया के लोगों ने साजिश रची है। बेटे को गोली मारी गई है। बिन्द थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि हर्ष फायरिंग के दौरान वहां मौजूद एक किशोर को गोली लग गई। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है। एक आरोपी को चिह्नित किया गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हथियार बरामदगी का भी प्रयास किया जा रहा है।

## आज भी निकलेगा जुलूस, रात 3 बजे तक भारी भीड़ होगी

निज संवाददाता। गया



विभिन्न जिलों में मुहर्रम के मौके पर दो पक्षों के बीच रोड़ेबाजी और बवाल के मद्देनजर गया पुलिस शांति व्यवस्था में लगी है। आज शहर और आसपास के इलाके से जुलूस के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंद कर्बला पहुंचेंगे। शाम 4 बजे से लेकर रात 3 बजे तक भारी भीड़ होगी। इसी दौरान पुलिस की अग्नि परीक्षा होगी। बुधवार को एसएसपी आशीष भारती नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) और अन्य पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ भ्रमणशील रहकर ताजिया जुलूसों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया।

**रीय पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी लगातार भ्रमणशील हैः** एसएसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की सतर्कता की जांच भी की। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रमुख जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थलों और मस्जिदों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी की गई है। वरीय पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी लगातार भ्रमणशील हैं। जिला पुलिस अपील करती है कि शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाएं।

# अखाड़े के युवकों ने दिखाए विभिन्न करतब, बेल्जियम के शीशे से बना नौबतखाना आकर्षण का केंद्र, सड़क पर उमड़ी भीड़

निज संवाददाता। नालंदा



बिहारशरीफ में मोहर्रम के दूसरे दिन गुरुवार की सुबह भुसटटा मोहल्ले से निकले नौबतखाना ने शहरवासियों का मन मोह लिया। बेल्जियम के शीशे से बने इस नौबतखाना में लगी मोमबत्तियों की रोशनी से आसपास का माहौल पूरी तरह से रोशन हो उठा था। नौबतखाना जैसे ही सड़कों पर निकला, लोगों की भारी भीड़ इसकी खूबसूरती देखने के लिए उमड़ पड़ी। अखाड़े के युवकों ने विभिन्न करतब दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। इलाके में इमाम हुसैन की याद में शोक गीत गूंज रहे थे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** जिला प्रशासन ने जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। वहीं, डीएम-एसपी भी मुहर्रम जुलूस को लेकर पूरी तरह अलर्ट पर रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों ने भी शर्तो का पालन करने का आश्वासन दिया उन्हें लाइसेंस निर्गत हुआ है। बिहारशरीफ में तीन अखाड़े ने लाइसेंस लिया है। अन्य अखाड़े को भी नियमों के अनुसार लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। एसपी अशोक मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था काफी पुख्ता है। सीआरपीएफ, क्यूआरटी, बाइक पेट्रोलिंग सभी पूरी तरह से मुस्तैद है।

**इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैंः** मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है। इस महीने में मुसलमान इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं। वे ताजिया और सिपल बनाकर जुलूस निकालते हैं और इमाम हुसैन और कर्बला में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह महीना मुसलमानों के लिए शोक का महीना होता है। वे इमाम हुसैन के बलिदान को याद करते हैं और उनके संदेश को लोगों तक पहुंचाते हैं। इतिहासकारों का मानना है कि इमाम हुसैन ने इस्लाम और मानवता के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। मुहर्रम का महीना इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए बेहद खास होता है। यह महीना उन्हें इमाम हुसैन के बलिदान और त्याग को याद करने का अवसर प्रदान करता है।

# बिहार के अलग-अलग जिलों में हो रही हत्या से राज्य के शासन-प्रशासन पर उठा रहे सवाल : पप्पू यादव

### सड़क दुर्घटना में कार्यकर्ता की मौत पर सांत्वना देने पहुंचे सांसद

**रानीगंज, एजेंसी।** भरगामा7 पिछले दिनों प्रखंड के भरगामा पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में युवा शक्ति के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवानंद मालाकार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवा शक्ति के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवानंद मालाकार के परिजनों से भेट कर सांत्वना दिया। सांसद ने स्व मालाकार की पत्नी, पुत्र समेत परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

सांसद ने स्व मालाकार के निधन को व्यक्तिगत अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि मालाकार युवा शक्ति के सच्चे सिपाही थे। इधर सुकेला में पप्पू यादव के स्व मालाकार के घर पहुंचने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में युवा समर्थक मालाकार के घर पहुंचे। पीड़ित परिवार के घर सांत्वना देने पहुंचे युवा शक्ति के प्रदेश महासचिव प्रिंस विक्टर, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील राही, निलेश, बमबम, पप्पू, आशीष, जुबेर, यदुनंदन यादव, विवेकानंद मंडल, सूरज प्रताप सिंह व अन्य ग्रामीण शामिल थे। रानीगंज पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव बुधवार को रानीगंज में युवा शक्ति के प्रदेश



अध्यक्ष प्रिंस भिक्टर के आवास पर प्रेस वार्ता कर बिहार के अलग अलग जिलों में हो रही हत्याओं को लेकर शासन प्रशासन पर सवाल उठाते हुए जमकर बरसे। सांसद पप्पू यादव ने कहा की बिहार में रोज हत्या हो रही है। बिहार में नीतीश कुमार का इबकाल खत्म हो गया है। 10 साल नीतीश जी शासन चलाये। 15वां साल देश की राजनीति में हस्तक्षेप करने लगे। इससे पदाधिकारियों का मनोपॉली बढ़ा है। एक एक दिन में कई लोगों की हत्या हो रही है। दानापुर पटना में एक दिन में आधा दर्जन लोगों की हत्या हो गयी। उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी के पिता की हत्या की घटना दुःखद घटना है,निंदनीय है। हत्यारा कोई भी हो उसको मरना है। हत्या तो हत्या है, जिस तरह से हाई प्रोफाइल हत्या में तुरंत एस आई टी टीम गठित हो गया, एफएसएल की टीम आयी, डॉग स्क्वायड आया, पूरा बिहार सरकार लगा रहा। मुख्यमंत्री ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया। लेकिन जब किसी कोमन आदमी की हत्या होती है तो किसी को कोई चिंता नहीं है। न कोई होम मिनिस्टर,सीएम का फोन आता है न एसआईटी जांच होती है।

भरगामा रानीगंज के इलाके में आये दिन घटना घटित हो रहा है। बेलसरा गांव समझिए कि अब समाप्त हो रही है। वहां अभी इतनी हत्याएं होगी कि कोई नही रोक सकता। जो बेलसरा गांव पढ़ा लिखा हुआ करता था। अब वर्चस्व की राजनीति हो गया है। एक दिन कोई घर नहीं बचेगा की हर घर मे विधवा होगा। सत्ता नीतीश कुमार के हाथ मे नहीं है। सत्ता से कोई निकल नहीं रहा है। एससी एसटी की जमीन की रजिस्ट्री के लिए डीएम का परमिशन लेना होता है लेकिन यह काम सीओ कैसे कर रहा है। साठ प्रतिशत से ज्यादा पिसी लिया जाता है इस कारण बिहार में पुल गिर रहा है। मुखिया प्रिंस भिक्टर, सुशील राही, उमेश आदि थे।

## करंट लगने से किसान की मौत, ट्रैक्टर से खेत की ओर जा रहे थे

### झूलते तार को ऊपर उठाने में दो लोग झुलस कर हुए घायल



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में बुधवार को करंट के संपर्क में आने से एक युवक की मौत हो गई। मामला औंगारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पारीख गांव स्थित खंधा का है। मृतक की पहचान पारिख गांव निवासी ललन प्रसाद के (31) वर्षीय पुत्र लक्ष्मण प्रसाद के रूप में की गई। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि लक्ष्मण प्रसाद ट्रैक्टर से खेत जुतवाने के लिए गए हुए थे। जहां पटवन के लिए बांस के सहारे बिजली का नंगा तार ले जाया गया था। बिजली का तार नीचे आया हुआ था। जिसे लक्ष्मण प्रसाद पकड़कर ऊपर की ओर करने लगे। बिजली के तार में विद्युत प्रवाहित हो रही थी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें बचाने के क्रम में दो लड़के और मामूली रूप से झुलस गए। हालांकि इस बीच मौके पर ही लक्ष्मण प्रसाद की मौत हो गई।

### आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी

मौत की खबर जैसे ही घरवालों को मिली परिजनों की चीख पुकार गांव में गूंजने लगी। लक्ष्मण प्रसाद खेती-बाड़ी का काम करते थे। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वहीं इस मामले में औंगारी थाना अध्यक्ष सुषमा कुमारी ने बताया कि करंट के संपर्क में आने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुढ़नी व मुशहरी में बनेगी सात महत्वपूर्ण सड़कें, विभाग ने दिए 17 करोड़

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पंचायतीराज विभाग ने जिले के दो प्रखंडों कुढ़नी व मुशहरी में सात ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके साथ ही इन ग्रामीण सड़कों के लिए राशि की भी स्वीकृत कर दी गई है। इसमें छह सड़के कुढ़नी व एक सड़क मुशहरी प्रखंड की हैं। विभाग ने जिन सड़कों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की है, उनमें कुढ़नी के मोहम्मदपुर मोबारक, बंगरा वंशीधर, छाजन हरिशंकर पश्चिमी, सुमेरा, अखतेयरपुर पडेया व किशुनपुर बलौर के अलावा मुशहरी के मझौली खेतल की सड़क शामिल है। इन सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नाली निश्चय योजना के तहत होगा। विभाग ने इन सड़कों के निर्माण के लिए कुल 17 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इनके निर्माण की मांग दशकों से की जा रही थी। सड़क का निर्माण होने से इन गांव के लाखों लोगों को राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार, मोहम्मदपुर मोबारक, बंगरा वंशीधर, छाजन हरिशंकर पश्चिमी, सुमेरा, अखतेयरपुर पडेया व किशुनपुर बलौर सड़क के लिए प्रति सड़क दो-दो करोड़ व मुशहरी के मझौली खेतल की सड़क के लिए पांच करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। विभाग के संयुक्त सचिव किशोर कुमार ने राशि की स्वीकृति की सूचना महालेखाकार को देते हुए बताया है कि टेंडर प्रक्रिया के साथ जल्दी ही इनका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** कटिहार-बरौनी रेलखंड पर स्थित नारायणपुर रेलवे स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर बलहा रेलवे ढाला के पूरब बिजली पोल संख्या 78/25 के पास रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से नगरपारा गांव के ललित कुमार (20 वर्ष) की कटकर मौत हो गया। मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक गंगा स्नान के लिए गया था। मृतक चार भाई और दो बहनों में छोटा था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मां लातो देवी समेत अन्य परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर भवानीपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर मंगलवार को पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

### आपसी विवाद में महिला का सिर फोड़ा

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लत्तीपुर निवासी कुमारी ज्योति ने बुधवार को बिहपुर थाना में आवेदन देकर घर में घुस कर मारपीट का आवेदन दिया है। आवेदन में बताया है कि 16 जुलाई की रात आठ बजे तीन आरोपी पिस्टल, रॉड और हसुआ लेकर घर पर आए और गाली गलौज करते हुए मेरे पति को पुकारा। शोर सुनकर बाहर आई तो एक आरोपी ने पिस्टल के बट से मेरे सिर पर प्रहार कर दिया। पति बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की।

## नई रेलवे लाइन निर्माण के लिए आंदोलन होगा तेज

**गया, एजेंसी।** गया-डांटेनगंज नई रेलवे लाइन निर्माण के लिए सोमवार से इमामगंज में पंचायत स्तरीय बैठक शुरू की गई है। इस संबंध में केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष बिगन पासवान ने बताया कि नई रेलवे लाइन निर्माण के लिए आंदोलन तेज करने को पंचायत स्तरीय बैठक की जा रही है। इसके लिए प्रखंड में पहली बैठक सलैया पंचायत में की गई। बैठक में आंदोलन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले रेलवे लाइन निर्माण के लिए सरकार से आरपार की लड़ाई का निर्णय लिया गया है। इमामगंज, डुमरिया और बांकेबाजार प्रखंड जिला मुख्यालय से 70 से 100 किलोमीटर दूर हैं। तीनों प्रखंड नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए रेलवे लाइन का निर्माण ही सही व स्थाई संसाधन माना जा रहा है। इस क्षेत्र का रेलवे लाइन से जोड़ने से लोगों को रोजगार बढ़ेगा। उन्हें दूसरे प्रदेश में मजदूरी व अन्य कार्यों के लिए जाना नहीं पड़ेगा। इस क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण के लिए तत्कालीन रेल मंत्री व बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बीस साल पहले रेलवे लाइन के लिए सर्वे कराया था, लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं किया गया। रेलवे लाइन निर्माण के लिए इमामगंज के लोग उसी समय से लड़ाई लड़ते आ रहे है, लेकिन अभी तक मंत्री, विधायक, सांसद सिर्फ आश्वासन देते आ रहे हैं। इसके लिए अब विधायक, सांसद व मंत्री को ज्ञापन सौंप कर सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महिला व पुरुष काफी संख्या में भाग ले रहे हैं।

## जानकी एक्सप्रेस में यात्री से रुपए लेने वाला हवलदार निलंबित

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर रेल थाना में कार्यरत बीएमपी हवलदार परमानंद सिंह का एक रेल यात्री से पैसे लेने का वीडियो सामने आया था। जिसके बाद मुजफ्फरपुर रेल एसपी डॉ. गौरव मंगला ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुजफ्फरपुर रेल एसपी के जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 17 जुलाई की सुबह नियंत्रण कक्ष को एक वीडियो क्लिप भेजा गया था। जो जानकी एक्सप्रेस डाउन ट्रेन में परमानंद सिंह के ने यात्री से पैसा लेने से संबंधित था।

### जीवन यापन भत्ता के रूप में वेतन का भुगतान होगा

जांच के बाद मुजफ्फरपुर रेल एसपी ने हवलदार परमानंद सिंह को निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। निलंबित अवधि के दौरान आरोपी हवलदार परमानंद सिंह को जीवन यापन भत्ता के रूप में वेतन का भुगतान किया जाएगा। हवलदार परमानंद सिंह की ड्यूटी जानकी एक्सप्रेस डाउन में लगाई गई थी। इसी दौरान किसी यात्री से उन्होंने पैसा लिया जिसका वीडियो किसी दूसरे यात्री ने बना लिया। इसके बाद उक्त वीडियो को मुजफ्फरपुर रेल एसपी के यहां भेज दिया गया। मुजफ्फरपुर रेल एसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बीएमपी के हवलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### अवैध कार्य के लिए चर्चा में रहा है समस्तीपुर जीआरपी

समस्तीपुर जीआरपी में तैनात पुलिस पदाधिकारी लंबे समय से अवैध कार्यों में लिप्त रहने को लेकर चर्चा में रहे हैं। करीब 2



वर्ष पूर्व समस्तीपुर जीआरपी से जब्त शराब के कारोबार का भी खुलासा हुआ था। जिसमें थाना अध्यक्ष समेत पूरे थाने को बदल दिया गया था। बाद के दिनों में यात्रियों से मारपीट, अवैध उगाही की बात भी सामने आई थी। जिसमें पूर्व में भी पुलिस पदाधिकारी को निलंबित किया गया था।

### सीएसपी संचालक पर खाते से अवैध निकासी का आरोप

**पूर्णिया , एजेंसी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र मंझेली चौक स्थित इंडियन बैंक के सीएसपी संचालक पर एक गरीब महिला के खाते से दस हजार रुपए की अवैध निकासी का आरोप लगा है। पीड़ित महिला ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला भवानीपुर निवासी सुमित्रा देवी पति स्व. रुबल ऋषि ने बताया कि उसने 19 जून को एलएनटी फाइनेंस कंपनी से 40 हजार रुपये का ऋण लिया था। यह रकम इंडियन बैंक के खाते में फाइनेंस कंपनी द्वारा भेजा गया था। इसके बाद महिला 21 जून को मंझेली चौक स्थित इंडियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में जाकर उनके संचालक मो जाबिर के द्वारा पांच हजार की निकासी की तथा 22 जून को दूसरे सीएसपी से दस हजार की निकासी की थी। फिर 25 जून को दस हजार रुपये की निकासी की। बचे रुपए की जांच करने जब पहुंची तो सीएसपी संचालक मो जाबिर ने बताया कि खाते में 4400 ही शेष बचा है।



## बिहार के सासाराम में डबल मर्डर, युवकों की गला काटकर हत्या, लाश के पास मिले चार खोखे का राज क्या

**सासाराम, एजेंसी।** बिहार के सासाराम में दो युवकों की गला काट कर हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। बिक्रमगंज थाना के करियवा बाल नहर पुल के निकट दो युवकों को गला काटा हुआ शव देखा गया। खबर जंगल की आग की तरह इलाके में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग वहां जुट गए। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटना स्थल से चार खोखा और एक बाइक और कुछ संदिग्ध सामान जब्त किया है। घटना धारुपुर के सूर्यमन्दिर पूल के निकट की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई है। दोनों युवकों की उम्र 25 साल से 30 साल के बीच बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में बिक्रमगंज थाना पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से 4 खोखा बरामद किए गए हैं। वहीं एक बाइक 50 मीटर की दूरी पर खड़ी देखी गयी। पुलिस ने इन सामानों को अपने कब्जे में ले लिया है। । वही एक पॉलीथिन में पानी के जैसा कुछ लिक्विड बरामद किया गया है। जिसे फोरेंसिक टीम जांच करेगी। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है। फोरेंसिक टीम का इंतजार किया जा रहा है । दोनों मृत युवकों की पहचान के लिए पुलिस के साथ स्थानीय लोग भी जुट गए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों को वायरल किया जा रहा है ताकि कोई पहचान बता सके। बिहार में इन दिनों हत्या, लूट, बलात्कार समेत अन्य वारदातों की घटनाएं बढ़ी जा रही हैं जिससे विपक्ष को भी सरकार पर हमला करने का मौका आसानी से मिल रहा है। मंगलवार को दरभंगा में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। इससे बिहार का सियासी पारा हाई है। राज्य के कई जिलों में मुहर्रम जुलूस के दौरान हिंसक झड़पों की खबरें मिल रही हैं जिससे विधि व्यवस्था और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## सच निकली मंत्री मदन की बात, गांव का ही निकला मुकेश सहनी के पिता का हत्यारा

**पटना, एजेंसी।** वीआईपी चीफ मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का खुलासा दरभंगा पुलिस ने कर दिया है। और इस मामले में मुख्य आरोपी काजिम अंसारी को गिरफ्तार किया है। जिसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इस हत्याकांड के बाद नीतीश सरकार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने जो दावा किया था वो सच साबित हुआ है। घटना वाले दिन मीडिया से बातचीत में मंत्री मदन सहनी ने कहा था कि ये घटना अगल-बगल के लोगों द्वारा ही की गई है। जीतन सहनी का कोई बड़ा व्यवसाय नहीं है कि जिससे कोई बाहरी व्यक्ति ये काम करे। ये अगल-बगल के लोगों का काम है। बाहर के लोगों से उनका कोई संबंध या संपर्क नहीं है। राजनीति और





किसी कारोबार से भी उनका संबंध नहीं है। जितना हम उनके और उनके परिवार के बारे में जानते हैं तो ये अलग-बगल का कोई आपसी विवाद ही हो सकता है। मदन सहनी की ये बात सच साबित हुई, दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने खुलासा करते हुए बताया कि जीतन सहनी का हत्यारा उन्ही के गांव अफजाला का रहने वाला है। जान-पहचान वाला है। और उसने कर्ज न चुका पाने के चलते अपने साथियों के साथ इस हत्याकांड को अंजाम दिया। जीतन और काजिम कई सालों से एकदूसरे को जानते थे। और ब्याज पर काजिम अंसारी ने दो साल में डेढ़ लाख रुपए कर्ज पर लिए थे।

### ग्रामीणों को नियमित नहीं मिल रहा नल का जल

**पातेपुर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र की नलजल योजना पीएचडी विभाग में चले जाने से लोगों की मुश्किल बढ़ती जा रही है। कुछ पंचायत में लोगों को नल से जल नहीं मिल रहा है। वहीं कुछ जगह पर पीएचडी के हाथ में जाने से अधिकारी की लापरवाही दिख रही है। इसी तरह की समस्या पातेपुर प्रखंड क्षेत्र अग्रेल पंचायत के वार्ड संख्या 09 में दिख रही है। इस संबंध में वार्ड सदस्य मनीष कुमार ने बताया कि पानी की टंकी एक सप्ताह से फूटी है। पीएचडी विभाग के अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। इस मौके पर मनीष कुमार सुरेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, शंभू प्रसाद सिंह, विजय सिंह, दिलीप सिंह, अमर सिंह, अरविंद कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, महेंद्र महतो, रामस्वार्थ महतो, संजय कुमार सिंह उर्फ बब्बू सिंह, तपेश्वर प्रसाद सिंह, रवि भूषण कुमार, रामचंद्र महतो, विजय महतो आदि मौजूद थे।

## हत्या के नीयत से पटना से भोजपुर में आए थे



## पांच प्रोफेशनल शूटर को किया गिरफ्तार, छापेमारी में हथियार-कारतूस सहित अन्य सामान बरामद

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिल्की-अनाईठ मोहल्ला क्षेत्र से पटना एसटीएफ व जिला पुलिस ने भोजपुर जिले में किसी की हत्या के नियत से आए पटना जिले के चार शूटर को हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए अपराधियों में पटना के नौबतपुर थाना के पीपलावा थाना बरखुदारचक निवासी अमन कुमार उर्फ अमन सिंह, पटना के बिहटा थाना के महुआर गांव निवासी दयानंद दुबे, पटना के विक्रम थाना के निसरपुरा गांव निवासी आदर्श कुमार शर्मा और पटना के बिहटा थाना के महुआर गांव निवासी कृष्ण मुरारी कुमार उर्फ रूद्र सिंह शामिल है। सभी पटना के कुख्यात दो लाख रुपए के इनामी भरत कुमार गैंग के शूटर हैं। इसमें अमन और दया का पहले से लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। भोजपुर के उदवंतनगर थाना के केशोपुर-बकरी हत्याकांड के अलावा पटना के नौबतपुर थाना के शेखपुरा में घटित दोहरे हत्याकांड में दोनों जिलों की पुलिस को तलाश थी। रंगदारी व गोलीबारी करना गैंग का मुख्य उद्देश्य रहा है।

### कुख्यात भरत सिंह से हथियार सप्लाई की बात स्वीकारी

सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। इस दौरान भागने के क्रम में सशस्त्र बलों की मदद से चारों को पकड़ा गया। तलाशी लिए जाने पर तीन देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 12 कारतूस और पांच मैगजीन बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों का पहले से भी भोजपुर समेत अन्य जिलों में आपराधिक इतिहास रहा है। चार जुलाई को उदवंतनगर थाना के केशोपुर-बकरी गांव में बिरतन राम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में हत्या करने आए अपराधियों से पुलिस की मुठभेड़ भी हुई थी। मुठभेड़ में पटना का एक शूटर आलोक बाबा गोली लगने के बाद पकड़ा गया था। एक देसी पिस्टल भी मिला था। हत्या व मुठभेड़ को लेकर दो प्राथमिकी हुई थी। जिसमें पुलिस को भरत गैंग के अन्य शूटरों की तलाश थी। पकड़े गए बदमाशों ने पटना के कुख्यात भरत सिंह से हथियार व गोली उपलब्ध कराए जाने की बात स्वीकार की है।

## कुख्यात घर में छिपे थे

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के पास से तीन देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 12 कारतूस, 5 मैगजीन, तीन खोखा, आठ मोबाइल और तीन राउटर जब्त किया है। इसे लेकर इंस्पेक्टर कमलजीत के बयान पर नवादा थाना में प्राथमिकी हुई है। पटना के कुख्यात मास्टर माइंड इनामी भरत सिंह समेत पांच को आरोपित किया गया है। एसपी ने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना जिले के चार कुख्यात अपराधी मिल्की-अनाईठ मोहल्ला स्थित धनंजय कुमार के घर में छिपे हुए हैं। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार की मौत

**आरा।** गजराजगंज थाना क्षेत्र में बामपाली के पास आरा-बक्सर फोरलेन पर अज्ञात वाहन से ठोकर लगने के कारण एक बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत और दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। मृतक कटु मांझी, उम्र 45 वर्ष पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के चितौली गांव निवासी दशरथ मांझी का पुत्र था। जबकि घायल पटना जिला के फुलवारीशरीफ निवासी भुनेश्वर मांझी का 24 वर्षीय पुत्र विनोद मांझी है। मृतक कटु मांझी अपने पुत्र अजय कुमार के शादी में केडिया पाली गांव गया था। बुधवार को वापस अपने गांव जा रहा था। तभी बामपाली के पास घटना हुई। कटु मांझी बामपाली कैसे पहुंचा, यह स्पष्ट नही हो सका। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने गजराजगंज थाना को दिया। सूचना मिलने के बाद गजराजगंज थाना की डायल 112 ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजी।

### वीकेएसयू ने पीजी नामांकन के लिए खोला पोर्टल, 26 तक आवेदन

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर वन सत्र, 2024-26 में नामांकन के लिए पोर्टल खोल दिया है। अब पीजी में नामांकन प्रवेश के आधार पर होगा। इसके लिए 26 जुलाई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने नामांकन के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दिया है। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ केके सिंह ने बताया कि एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रवेश परीक्षा होगी। पात्रता परीक्षा 200 अंक की होगी। इसमें 50 सवाल जनरल विषय से होगा। प्रत्येक सवाल का सही उत्तर देने पर एक अंक मिलेगा। जबकि 75 सवाल विषय से पूछे जाएंगे। प्रत्येक सवाल का सही उत्तर देने पर दो अंक मिलेगा। पात्रता परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होगा। अनारक्षित श्रेणी के छात्र को पास करने के लिए समूह ए और बी जोड़कर 80 अंक प्राप्त करना होगा।

### आपत्तिजनक, भड़काऊ और अफवाह पोस्ट से बचे : एसपी

**आरा।** एसपी प्रमोद कुमार यादव ने जिले की तमाम जन मानस से आपत्तिजनक, भड़काऊ और अफवाह से बचने के लिए अपील किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने जिले के सभी आमजन से अनुरोध किया है कि आगामी पर्व त्यौहार को लेकर अगर कहीं भी सोशल मीडिया या बैनर पोस्टर पर किसी समुदाय या विशेष वर्ग के खिलाफ कोई आपत्तिजनक और भड़काऊ बात किसी के द्वारा लिखी जाती है या कोई पोस्ट किया जाता है तो उसके संबंध में अफवाह से बचे। इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा जिले के सीनियर पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पुलिस किसी भी अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्व के खिलाफ तत्काल नए कानून के तहत संबंधित धाराओं में कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सभी आम नागरिकों से अनुरोध है कि आगामी पर्व त्यौहार के संबंध में जो भी पुलिस और प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था संधारण और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व सम्पन्न कराने के लिये गाइडलाइन जारी की जाती है।

### राहगीर से लूटपाट करने वाले चार लोग गिरफ्तार

**बक्सर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूट के दो हजार रुपए भी बरामद किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के हरेंद्र यादव से एकौनी गांव के पास घात लगाए अपराधियों ने हथियार के बल पर 28 हजार रुपए लूट लिए। घटना के बाद पीड़ित द्वारा हल्ला करने पर ग्रामीणों ने भाग रहे एक अपराधी को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया।

### जीतन सहनी के हत्यारे को मिले कड़ी से कड़ी सजा

**बक्सर।** पूर्व वार्ड पार्षद भरत चौधरी ने कहा कि वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम हत्या अपराधियों ने कर दी है। उन्होंने जीतन सहनी की हत्या पर शोक व आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। बिहार सरकार से उन्होंने हत्या कांड की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी मांग की है। साथ ही मल्लाह निशाद समाज परिवार की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया।

# एक्सिस बैंक लूटकांड का मुख्य लुटेरा गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

♦ 17 लाख रुपए लूट हुआ था फरार, समस्तीपुर में रिलायंस ज्वेलरी लूटकांड में था शामिल

भोजपुर में एक्सिस बैंक से दिनदहाड़े करीब 17 लाख रुपए की डकैती करने वाला एक आरोपी अरेस्ट हो गया है। इस मामले में अंतरराज्यीय गैंग से जुड़े एक लुटेरे को बिहार एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया लुटेरा वैशाली जिला के महुआ थाना क्षेत्र के परमानंदपुर गांव निवासी धनोज साह का बेटा सूरज कुमार है। वहीं, भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी सर्किट हाउस रोड स्थित घटना को अंजाम दिया था। सूरज ने पूछताछ में बताया कि वो सिर्फ एक्सिस बैंक लूटकांड में ही शामिल नहीं था। बल्कि 28 फरवरी को हुए दिनदहाड़े समस्तीपुर के मोहनपुर इलाके में रिलायंस ज्वेलरी से करीब 8 करोड़ रुपए लागत के लगभग 10 किलो सोना-हीरा लूटकांड में भी शामिल था।

**JSS गैंग का मुख्य सदस्यः** पकड़ा गया आरोपी सूरज JSS गैंग का मुख्य सदस्य है। इसका संचालन गैंग का शातिर लुटेरा कर्मवीर करता है। लूट की घटना को अंजाम देने से पहले गैंग के सदस्य अपने खुफिया ठिकाना पर षड्यंत्र रचते हैं। इसके बाद घटना को अंजाम देने के लिए अन्य जिलों के लड़कों को अपने टीम में शामिल करते है। लूटकांड में सभी की भागीदारी पहले से तय रहती है। इसके बाद घटना को अंजाम देने से पहले गैंग के सदस्य रेकी करते है। इसके बाद दिनदहाड़े वारदात को आराम से अंजाम देने के बाद फरार हो जाते हैं।

**प्राइवेट बस स्टैंड से गिरफ्तारः** इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद ने बताया कि एक्सिस बैंक लूटकांड में शामिल सभी अपराधी वैशाली, छपरा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर आदि जिलों के निवासी है। उन्होंने बताया कि एक्सिस बैंक लूटकांड मामले में शामिल एक अपराधी की भोजपुर में आने की सूचना मिली थी। इसके बाद अपराधी की गिरफ्तारी और लूटी गई पैसों की बरामदगी के लिए नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत, बिहार STF और DIU टीम के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने बुधवार की रात करीब 10:30 बजे प्राइवेट बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**एक और घटना को देने वाला था अंजामः** एसपी ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी अपने किसी दोस्त से मिलने के लिए आरा आया हुआ था। किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में रेकी करने आया था। हालांकि अपने दोस्त के बारे में अपराधी ने गलत जानकारी दी है। लेकिन उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरूवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्य की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय–पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

### देश भक्ति गीतों की धुन पर युवाओं ने करतब दिखाए

**धनसोई।** कर्बला ए शहीद हजरत इमाम हुसैन की याद में फैज ए आम कमिटी जलालपुर के तत्वाधान में पैगंबर ताजिया का जुलूस निकाला गया। उक्त ताजिया बन्नी रोड जलालपुर से होते हुए देर रात तक कर्बला पहुंचा। इमाम के चाहने वालों ने मातम कर या हुसैन की सदाओं के बीच कर्बला के शहीदों का गम मनाया। वहीं इस ताजिया जुलूस का नेतृत्व साबिर हाशमी, आजाद अली, आफताब, अफजल इदरीशी, फैज अली उर्फ राहुल, मुर्शीद अंसारी, मो कासिम साह, निजाम साह, सलीम साह, सोहराब अंसारी, रोजिद आलम, निजामुद्दीन, मुमताज सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान फैजे आम कमेटी के सदस्यों द्वारा राष्ट्र गान, राष्ट्रगीत भारत माता की जय के नारों के साथ तिरंगा लेकर करतब दिखाया।


## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
## NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY, DELHI

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
(An autonomous Institute under the aegis of Ministry of Education (Shiksha Mantralaya), Govt. of India)
Plot No. FA7, Zone P1, GT Karnal Road, Delhi-110036, INDIA

दूरभाष/Tele: +9111-33861000, 1001, 1005 फैक्स/ Fax: +9111-27787503 /Website: www.nitdelhi.ac.in

**Ref: Advt. No: 08/2024 (Dated: 27.06.2024)** **Dated: 18.07.2024**

**Recruitment of Faculty Positions at the level of Professor, Associate Professor, Assistant Professor Grade-I and Assistant Professor Grade-II (on Contract Basis)**

**Extension Notice**

The last date of submission of online applications for various faculty positions has been extended upto 09.08.2024 (23:59:59 hrs). The last date for receipt of hard copy of duly filled and signed application form along with all self-attested supporting documents is 16.08.2024 by 5.00 PM.

The date for determining eligibility of candidates in every respect i.e. qualifications, experience and age limit etc. shall be considered as 09.08.2024.

**Registrar(I/C)**

**CBC 21275/12/0002/2425**



## दक्षिण रेलवे के तहत नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू

दक्षिण रेलवे के तहत चेन्नई सेंट्रल मंडल में चरण II कार्य के लिए, ताम्बरम यार्ड में प्री नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का निष्पादन किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी:- **(1) 15930 न्यू तिनसुकिया – ताम्बरम एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.07, 29.07, 05.08 और 12.08.2024) चेन्नई एग्मोर और ताम्बरम के बीच अपनी यात्रा रद्द करते हुए चेन्नई एग्मोर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(2) 15929 ताम्बरम – न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.07, 01.08, 08.08 और 15.08.2024) चेन्नई एग्मोर स्टेशन से 19.15 बजे संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(3) 12376 जसीडीह – ताम्बरम साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.07, 31.07, 07.08 और 14.08.2024) चेन्नई एग्मोर और ताम्बरम के बीच अपनी यात्रा रद्द करते हुए चेन्नई एग्मोर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(4) 12375 ताम्बरम – जसीडीह साप्ताहिक एसएफ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.07, 03.08, 10.08 और 17.08.2024) चेन्नई एग्मोर स्टेशन से 13.35 बजे संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(5) 15630 सिलघाट टाउन – ताम्बरम नगांव एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.07, 02.08, 09.08 और 16.08.2024) चेन्नई एग्मोर और ताम्बरम के बीच अपनी यात्रा रद्द करते हुए चेन्नई एग्मोर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(6) 15629 ताम्बरम – सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 29.07, 05.08 और 12.08.2024) चेन्नई एग्मोर स्टेशन से 19.15 बजे संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### ताजिया जुलूस में युवाओं ने भांजी तलवार, लाठी और भाला से दिखाए करतब

**बक्सर।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में बुधवार को मुहर्रम का त्योहार मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में त्याग, बलिदान, मातम और सच्चाई का पर्व मुहर्रम को लेकर शहर से लेकर के गांव-देहात में ताजिए निकाले गये। आकर्षक सजावट और भव्य ताजिया निकाला गया। त्योहार शांतिपूर्ण माहौल के साथ सम्पन्न हो गया। पूरा शहर या अली या हुसैन की गूंज से गूंजता रहा। शहर के सराय फाटक, दर्जी मोहल्ला, कोइरपुरवा, सोहनीपट्टी, मच्छरहट्टा पुल, गजाधर गंज, मुसाफिरगंज, नालबंद टोली, सिविल लाइन, अमला टोली समेत मुहल्लों से अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाला गया। अखाड़ा में युवाओं का करतब देख दंग रह गये लोग ताजिया जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ-साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। तलवार, भाला, लाठी, डंडा के साथ युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को चकित कर दिया। इस्लाम धर्मावलंबी बताते हैं कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। लेकिन, बातील के आगे अपने सिर नहीं झुकाया। इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया।

### 20 तक एबीवीपी का सदस्यता अभियान

**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बक्सर इकाई की ओर से जिला सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभअंशिका सिंह ने गीत गाकर और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अभाविप दक्षिण बिहार के प्रांत संगठन मंत्री रौशन जी ने कहा कि 22 जुलाई से 20 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। दक्षिण बिहार के प्रांत संगठन मंत्री रौशन जी ने कहा किस्वाधीनता के बाद अपने देश के हजारों सालों का गौरवशाली, वैभव संपन्न परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए उसे पुनः आधुनिक विकसित एवं पारिस्थितिकी दोषों से मुक्त करने के लिए ही विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गई।

वहीं जिला संयोजक अविनाश पांडेय ने कहा कि इस बार पूरे बक्सर में इस बार 10000 छात्र और शिक्षकों को सदस्य बनाना है। विद्यार्थी परिषद विश्व का अग्रणी छात्र संगठन है, जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्रों को संगठित करके उनके साथ एक भारत, सशक्त भारत, श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में लगा है। वहीं जिला सह संयोजक प्रियांशु शुभम ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हित के साथ राष्ट्रहित में कार्य करने वाली एक मात्र छात्र संगठन है। वहीं नगर मंत्री अभिनंदन मिश्रा ने कहा कि इस बार तीन चरणों में सदस्यता अभियान चलेगा।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**
**पूर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –06/औरंगाबाद/2024–25**

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 13.07.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय :–दिनांक 22.07.2024 से 12.08.2024 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.07.2024 से 12.08.2024 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) दिनांक–13.08.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in )
7 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–(i) दिनांक–29.07.2024को अपराहन 3:00 बजे तक कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष।
(ii) दिनांक–30.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय।
(ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
(iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना का कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. कार्य विवरणी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत–पोईवा, फेसर, पंडरावा में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित (244.023 लाख x 3) | 732.069 | 14,64,138.00 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| 2 | नबीनगर प्रखंड अंतर्गत पाँच पंचायत–बेलाई, पिपरा, बरियाँवा, नाउर, टंडवा, में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित (244.023 लाख x 5) | 1220.115 | 22,20,115.00 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| 3 | रफीगंज प्रखंड अतर्गत चार पंचायत –पोगर, अरथुआ, भदुकी कला, कोटवारा, में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित (244.023 लाख x 4) | 976.092 | 19,52,184.00 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| 4 | गोह प्रखंड अंतर्गत चार पंचायत–हसामपुर, फाग, मिरपुर, अमारी, में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित (244.023 लाख x 4) | 976.092 | 19,52,184.00 | 10,000.00 | As per website | 12 माह |
| | **कुल** | 3904.368 लाख | | | | |

12. विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट :– www.eproc2.bihar.gov.in/ state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**PR. No. 004080 (BCD) 2024-25**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू

(अनु0ज0जा0,अनु0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग,कल्याण शाखा)
**Email-dwopalamau@gmail.com**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना(CMEGP) के तहत पलामू जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में मेगा कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें योग्य लाभुकों को पंजीकरण कराना है, जिसकी मेगा कैम्प में निम्न प्रकार के प्रखंडवार, दिनांक निर्धारित किया गया है। चैनपुर, लेस्लीगंज, मनातू, रामगढ़, सतबरवा, हरिहरगंज, छतरपुर, पीपरा एवं हुसैनाबाद दिनांक 22.07.2024 को मेगा कैम्प लगाया जाएगा। विश्रामपुर, पाण्डु, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, हैदरनगर, मोहम्मदगंज दिनांक 23.07.2024 को मेगा कैम्प लगाया जाएगा। सदर मेदिनीनगर, पंडवा, पाटन दिनांक 24.07.2024 को मेगा कैम्प लगाया जाएगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 329907 District(24-25)D



बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-**2024/08** दिनांक- **17.07.2024**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade (पाठ्यक्रम) की सीटों पर नामांकन हेतु Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/06 दिनांक- 24.06.2024 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade की 25% जिला बंधेज मुक्त सीटों एवं 75% जिलावार सीटों पर सीट आवंटन के लिए Online Counselling हेतु ITICAT-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों/ सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Registration एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(ITICAT)-2024/07 दिनांक 17.07.2024 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। कॉउन्सेलिंग के लिए Registration-cum-Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 22.07.2024 से प्रारम्भ होगा।**

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ट्रेड का Choice of Preference of I.T.I. / Trade भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी First Round में Registration नहीं करते हैं अथवा Registration कर अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा Registration एवं Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**

## संक्षिप्त समाचार

### अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिये मुख्यमंत्री विधार्थी प्रोत्साहन योजना के लिये आवेदन जारी

**नवादा।** विवेक कुमार केशरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 में इंटर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं को 15 हजार रूपये प्रति छात्रा की दर से प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना की राशि सीएफएमएस के माध्यम से सीधे संबंधित छात्राओं के बैंक खाते में भेजी जाती है, जिसके लिए संबंधित छात्राओं का आवश्यक कागजात यथा- आधार लिंक्ड बैंक खाता विवरणी के साथ, अंक प्रमाण-पत्र, प्रवेश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवश्यक है। नवादा जिला अंतर्गत इस वर्ष कुल 1015 (एक हजार पन्द्रह) अल्पसंख्यक छात्राएं इंटर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विगत 3 वर्षो की वंचित छात्राएं भी अपने कागजात जमा करके आवेदन दे सकती हैं। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्राएं आवश्यक कागजात जैसे- आधार लिंक्ड बैंक खाता विवरणी के साथ, अंक प्रमाण-पत्र, प्रवेश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अपने विद्यालय/महाविद्यालय में अविलम्ब जमा करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि उक्त योजनाओं के लाभ से संबंधित छात्राओं को आच्छादित किया जा सके।

### 24 घंटे के अंदर 21 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा।** अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 17 जुलाई 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति एक्ट में 01, मद्य निषेध में 02 एवं अन्य मामलों में 18 गिरफ्तारियां हुई ।कुल 21 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 05 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 419 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 67 हजार रुपए वसूली गई है। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### तालाब में नहाने की दौरान डूबने से एक युवक की हुई मौत, परिजनों में शोक

**रजौली।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ में गुरुवार की सुबह लगभग 7:30 बजे तालाब में नहाने गए एक 25 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई है।मृतक युवक की पहचान तेतरिया डीह गांव निवासी जसिया देवी के पुत्र वीरेंद्र भुल्ला के रूप में हुई है।बताया जाता है कि युवक गांव के ही गोपाल सिंह के तालाब में नहाने गया था एवं नहाने के क्रम में युवक के डूबने से मृत्यु हो गई है।घटना की सूचना थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर सवैयाटांड़ पंचायत के क्षेत्रीय पुलिस पदाधिकारी एसआई दशरथ चौधरी को जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु भेजा गया।वहीं एसआई दशरथ चौधरी ने बताया कि मृतक युवक का अंतिम संस्कार परिजनों द्वारा किया जा चुका था।साथ ही बताया कि परिजनों द्वारा किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही है।

### प्रखंड के कई कर्मी ने लिया योगदान तो कई हुए स्थान्तरित

**नारदीगंज।** नारदीगंज प्रखंड कार्यालय में वर्षा से अपने पद पर कार्यरत कई कर्मियों को विभाग ने तबादला कर दिया है।इसके अलावा अंचल कार्यालय, कृषि विभाग व मनरेगा विभाग में भी तबादला हुआ है। वही नये कर्मियों ने योगदान दिया है। बीडीओ रंजीत कुमार व प्रखंड नाजिर रमेश कुमार ने बताया नारदीगंज में कार्यरत कृषि विभाग के बीएओ शशि भूषण झा का तबादला हुआ है। इसके अलावा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक सावित्री बसेरा को विभाग ने स्थान्तरित किया है। वही उनके स्थान पर प्रधान लिपिक के पद पर दीपक कुमार ने योगदान दिया है।इसके अलावा तीन पंचायत सचिव को तबादले की गई है,जिसमे पंचायत सचिव शिव नंदन यादव, दिनेश कुमार, नंदनी राम हैं। वही दो पंचायत सचिव ने योगदान दिया है, योगदान देने वाले पंचायत सचिव में शशि कुमार व राजकुमार यादव हैं। दो डाटा आपरेटर को स्थानांतरित किया गया है, जिसमे डाटा आपरेटर में शुभम मल्होत्रा व प्रियंका कुमारी हैं। इस पद पर एक डाटा आपरेटर ने योगदान दिया है, जो सोनी कुमारी हैं। प्रखंड कार्यपालक सहायक में स्थानांतरित होने वाले में मनीषा कुमारी हैं, योगदान लेने वाले में नाजमीन हैं।प्रखंड के सभी पंचायत कार्यपालक सहायक स्थान्तरित हुए हैं, स्थांतरित होने वाले में पंचायत कार्यपालक सहायक में पंडित मधुकर दयाल,आकाश कुमार,आलोक कुमार वर्मा,नीलम कुमारी, राहुल कुमार,राजहंस कुमार,पूजा कुमारी, अमरकांत कुमार,अर्चना कुमारी, प्रवीण कुमार के अलावा चांदनी कुमारी शामिल हैं। वही पंचायत कार्यपालक सहायक के पद पर योगदान के लिए आकाश कुमार गुप्ता, रजनी कुमारी, मुन्ना कुमार,संजीत कुमार,सोनू कुमार,गौरी निशा,जूही कुमारी, नेहा कुमारी, मो0 कैफ अनवर,रंधीर कुमार के अलावा तनिषा भारती हैं, इसमें दस पंचायत कार्यपालक सहायक ने योगदान दिया है, एक योगदान नहीं दिए हैं। अंचल कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक त्रिलोकी नाथ सिन्हा को स्थानांतरित किया गया है, वही उनके स्थान पर।विजय कुमार ने योगदान दिया है।इसके अलावा मनरेगा में पीआरएस मंजू कुमारी को तबादला हुआ है। वही प्रमोद कुमार ने पीआरएस के पद पर योगदान दिया है ।

### तीन महिलाओं को हुआ बंध्याकरण

**नारदीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में परिवार कल्याण पखवाड़े के तहत गुरुवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने महिलाओं को बंध्याकरण की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न गांवों के तीन महिलाओं को बंध्याकरण किया गया।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने परिवार नियोजन में आये महिला को खून जांच,मूत्र जांच,रक्त चाप व अन्य जांच किया।इस मौके पर एएनएम स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिफ आलम,फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

### मुलाकात के एक साल बाद किया लव मैरिज, पंचायती में परिवार वाले जताते रहे विरोध, दूल्हा बाइक पर बैठाकर दुल्हन को ले गया घर

**भागलपुर।** भागलपुर में प्रेमी सबके सामने मांग भरकर प्रेमिका को अपने साथ बाइक पर बैठाकर ससुराल ले गया। दरअसल दोनों एक साल पहले ज्वेलरी की दुकान में मिले थे। दोनों के बीच प्रेम बढ़ता गया। दोनों ने शादी का फैसला ले लिया। बीच में इंटरकास्ट होने की वजह से परिवार वाले नहीं मान रहे थे। जिसके बाद अजय कुमार (23) ने सोनी कुमार (21) के भाई को फोन कर शादी करने के लिए कहा, लेकिन वह तैयार नहीं हुए। जिसके बाद स्थानीय प्रतिनिधि की मौजूदगी में महादेव स्थान में दोनों की शादी हुई। दूल्हा दुल्हन को बाइक पर बैठाकर अपने घर ले गया। ससुराल में सभी विरोध जता रहे थे पर, प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को घर में ही रखा है। मामला लोदीपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर का है। मामले को लेकर पंचायती हुई। जिसमें दोनों पक्ष शामिल हुए। शादी के लिए परिजनों को समझाया गया, पर वे लोग नहीं माने। लड़के वालों ने गाली-गलौज किया। लड़के की मां और भाई लड़की के परिवार वालों से गाली-गलौज करते दिखे। दूसरी तरफ लड़की के परिवार वालों ने लड़की से कहा कि शादी तुम अपनी मर्जी से कर रही हो। वापस दोबारा घर नहीं लौटना। भरी पंचायत में प्रेमिका सोनी ने बताया कि प्रेमी (अजय) से एक साल पहले मुलाकात हुई थी। हम लोगों ने तीन महीना पहले शादी के लिए बातचीत कर लिया था। अब शादी हम इन्हीं से करेंगे। वहीं, मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लिखित रूप में दोनों पक्षों से आवेदन दिया गया है। आगे किसी भी तरह की कोई बात सामने आएगी तो उसपर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अपने मांगो को लेकर संविदा पर बहाल एएनएम का रोषपूर्ण प्रदर्शन

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गई, कामकाज प्रभावित

निज संवाददाता। नवादा

संविदा पर बहाल एएनएम के द्वारा गुरुवार को नवादा में सिविल सर्जन कार्यालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई। दर्जनों एएनएम ने सिविल सर्जन कार्यालय पर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर प्रदर्शन किया। राज्य संघ के निर्णय के आलोक में संविदा आधारित एएनएम आंदोलन पर उतरी हैं। एएनएम के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से बच्चों को दिए जाने वाले टीकाकरण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होना तय माना जा रहा है। इन्हीं एएनएम के भरोसे पूरे बिहार में टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलता है। बता दें कि जबसे बिहार सरकार द्वारा




एफआरएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का आदेश जारी किया गया संविदा आधारित एएनएम विरोध पर उतर आई हैं। समान काम के लिए समान वेतन की मांग भी एएनएम के द्वारा की जा रही है। अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर एएनएम के द्वारा स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यपालक निदेशक, जिलाधिकारी तथा सिविल सर्जन को लिखित आवेदन देकर सूचित किया गया है। जिसमें कई मुद्दे को उठाया गया है। इन लोगों का कहना है कि संविदा के आधार एमआरएनए एनएचएम के तहत एएनएम काम कर रही है, उनका वेतन बहुत ही कम है। अब एचआरए पोर्टल के जरिए रजिस्ट्रेशन करवा कर अटेंडेंस बनाने को कहा जा रहा है, जो गलत है। मौके पर कुमारी रोहिणी, रिना कुमारी, दीपमाला सिन्हा, षीलम कुमारी, सोनाली कुमारी, स्वीटी कुमारी, डेजी कुमारी, अन्नू देवी, सोनी कुमारी, उषा कुमारी आदि मौजूद थी।

## वार्ड सदस्य का चौथे दिन भी आमरण अनशन रहा जारी



पंचायती राज कार्यालय नारदीगंज के निकट अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे वार्ड सदस्य

निज संवाददाता। नारदीगंज

प्रखंड के ननौरा पंचायत के विभिन्न वार्डो में अवैध राशि निकासी के विरुद्ध में अनिश्चित कालीन आमरण अनशन गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा है। यह अनिश्चित कालीन आमरण अनशन में इस पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य जितेन्द्र कुमार कर रहे हैं,वे पंचायती राज कार्यालय, नारदीगंज के बाहरी परिसर में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।इस दौरान आमरण अनशन के चौथे दिन भी स्लाइन हुआ।इस दौरान स्वास्थ्य जांच के लिए डा0 इरशाद हसन, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार समेत अन्य पहुंचे, और रक्तचाप, ब्लड शुगर की जांच की। वार्ड सदस्य ने कहा जब तक न्याय नहीं होगी, तब तक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन जारी रहेगा। इस दौरान हंडिया पंचायत के मुखिया अजय पंडित, मिथिलेश कुमार सुमन, भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह, राजाराम सिंह,साबिर अंसारी,भरत चौहान समेत अन्य लोग आमरण अनशन पर बैठे वार्ड सदस्य से मुलाकात की, और मामले की जानकारी लेने के बाद कहा कि इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाय, एवं अनशन पर बैठे वार्ड सदस्य को सुरक्षा व न्याय देने की मांग की जिला प्रशासन से की है।

## तजिया पहलाम के दौरान करतब दिखा रहे युवक झुलसा, चिंताजनक हालात में भर्ती

निज संवाददाता। रजौली

नगर पंचायत क्षेत्र में बुधवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर मुस्लिम समुदाय के द्वारा जुलूस निकाला गया था।इसी दौरान मुस्लिम समुदाय के युवकों के द्वारा लाठी और डण्डा सहित कई तरह के खेल दिखाए जा रहे थे।इसी दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के तकिया मुहल्ला निवासी शमीम शाह उर्फ बजडु के 17 वर्षीय पुत्र जीशान शाह आग का खेल खेलने लगा।खेल के दौरान आग की चपेट में आने से जीशान बुरी तरह जख्मी हो गया और जुलूस में चीख-पुकार मच गया।जिसके बाद जुलूस में शामिल लोगों के द्वारा झुलसे युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।युवक की हालात देखकर



अस्पताल में इलाजरत घायल युवक

परिजनों ने जख्मी युवक को नवादा के निजी अस्पताल में इलाज कराना मुनासिब समझा और नवादा के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## मोबाइल ऐप से कांवड़िया देख सकेंगे गंगा घाट की भीड़, सुल्तानगंज में अंतिम चरण पर श्रावणी मेला की तैयारी, DM बोले-ड्रोन से होगी निगरानी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सुल्तानगंज में श्रावणी मेला की तैयारियां अंतिम चरण पर है। इस बार कांवरियों के लिए पहली बार विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इस साल रैन शैल्टर के इंतजाम के साथ-साथ टेंट सिटी का भी निर्माण किया जा रहा है। यहां 200 बेड की सुविधा रहेगी। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल, पंखा, कूलर, शौचालय के इंतजाम रहेंगे। इसके साथ ही टेंट सिटी में भी हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही कांवड़ियों पथ पर भी बालू बिछाया गया है। पथ पर जगह-जगह PHED की ओर से शौचालय, पेयजल स्प्रिंकल वाटर के इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ियों की विशेष सुविधा के लिए इस बार सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वहीं, एक मोबाइल एप्प भी बनाया गया है। इस एप्प के माध्यम से कांवड़िया यह देख सकेंगे कि गंगा किनारे घाट पर कितनी भीड़ है। यह कांवड़ियां देवघर की भीड़ की स्थिति जान सकेंगे। सुल्तानगंज से कंकड़ियां पथ तक तैयारियां अंतिम चरण पर है। डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि कांवड़ियों की जो मूलभूत सुविधाएं हैं, वह तो हमलोग कर ही रहे हैं। जो गंगा घाट है,



वहां पर आने जाने का एक-एक रास्ता अलग से करवा रहे हैं। जगह-जगह से सीसीटीवी लगाकर उसका मॉनिटरिंग किया जाएगा। साथ ही हम लोग दुकानदारों को भी रेगुलेट कर रहे हैं कि सड़क से कम से कम 10 मीटर दूर में ही दुकान लगाएं। इससे आम लोगों के लिए आवागमन में अवरुद्ध ना हो। जितने वहां पर पंडित हैं, उन सभी को शिफ्ट वाइज और कंप्यूटराइज टाइमिंग से आवंटन करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एक आने वाला और एक जाने वाला रास्ते में तैनात पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं से रेगुलेट करेंगे कि आगे भीड़ है, कृपया थोड़ी देर रुक जाए और उसके बाद जाएं। उन्होंने बताया कि एक मोबाइल एप्लिकेशन हमलोग तैयार कर रहे हैं, जिसमें श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करेंगे । जिससे पता चलेगा की किस टाइमिंग में श्रद्धालु दर्शन करना चाहते हैं। वाहन पड़ाव हमलोग काफी दूर रखेंगे, ताकि जो पैदल यात्री हैं उन्हें असुविधा न हो।

# सीडीपीओ मंजू कुमारी को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई

निज संवाददाता। नारदीगंज

प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को विदाई सह स्वागत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर इस बाल विकास परियोजना कार्यालय,नारदीगंज में कार्यरत स्थान्तरित सीडीपीओ मंजू कुमारी व स्थान्तरित प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। वे 30 जून 2024 को स्थान्तरित हो गई। वही नवपदस्थापित सीडीपीओ मंजू कुमारी को स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्थान्तरित मंजू कुमारी को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। बताया गया सीडीपीओ मंजू कुमारी पांच जनवरी 2021 में योगदान दिया था,और 30 जून 2024 को स्थानांतरित हुए। वही प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार 18 फरवरी 2020 को योगदान व 29 जून 2024 को स्थानांतरित हुए।कार्यक्रम में आये लोगों ने कार्यो को काफी सराहना की।स्थान्तरित सीडीपीओ मंजू कुमारी व प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार ने कहा आपसभी का काफी स्नेह, प्यार व सहयोग मिला है,जो जीवन में सदा अविस्मरणीय रहेगा। इस दौरान पोषण समेत अच्छे ढंग से केंद्र संचालित करने




वाले सेविकाओं में किरण कुमारी, रेखा कुमारी, कुमारी पूजा,गीता शर्मा,रश्मी रंजन,प्रमिला कुमारी, शोभा कुमारी, ममता कुमारी, मुन्नी देवी,अर्चना कुमारी, शंकुतला देवी समेत अन्य को स्थांतरित सीडीपीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य को लेकर प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार समेत अन्य कर्मी को भी सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार आर्य,प्रधान लिपिक सुशील सिंह, महिला पर्यवेक्षिका कुमारी आशा रानी, शबा परवीन, डाटा आपरेटर विजयानंद, सेविका रूबी कुमारी, गीता शर्मा, लक्ष्मी कुमारी, शोभा कुमारी, निभा कुमारी, कुमारी पूजा समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## बारात से लौट रहे बाइक में ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, दूल्हा का भाई समेत तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बारात से लौट रहे बाइक सवार युवक को सामने से आ रही ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार दूल्हे का भाई समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। सभी घायल को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलवा दियारा निवासी मतलु सिंह का 19 वर्षीय बेटा फंटूश कुमार, भेलवा टिकारामपुर गांव निवासी राम बिलास सिंह का 18 वर्षीय बेटा दीपक कुमार और नौवागढ़ी स्थित लक्ष्मीपुर बाबा कासी स्थान गैड़ा पहाड़ निवासी श्रवण साह का 19 वर्षीय बेटा (दूल्हे का भाई) राकेश कुमार के रूप में हुई है।

**पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा:** वहीं, घटना की जानकारी देते हुए सदर अस्पताल में इलाजरत राकेश कुमार में बताया कि मैं अपने बड़े भाई उत्तम की शादी में ग्रामीणों के साथ बारात में बेगूसराय



जिला अंतर्गत दरियापुर गांव गया था और आज गुरुवार की दोपहर बारात से वापस अपने घर मुंगेर जिला अंतर्गत फसल थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी स्थित लक्ष्मीपुर बाबा कासी स्थान गैड़ा पहाड़ वापस लौट रहा था। इस दौरान श्रीकृष्ण सेतु पथ पर बेगूसराय जिला अंतर्गत सफदलपुर के समीप एक ई-रिक्शा, जो गली से निकलकर सीधे मुख्य सड़क पर आने के क्रम में सीधे मेरे बाइक में टक्कर मार दी। इससे हम लोग असंतुलन होकर सड़क पर गिर पड़े। इस घटना में बाइक क्षतिग्रस्त होने के साथ हम तीन लोग जो बाइक पर सवार थे, वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हम लोगों का इलाज पहले निजी अस्पताल में कराया, उसके बाद घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन हम लोगों को लेकर सदर अस्पताल आए हुए हैं। घटना को लेकर घायल ने बताया कि बेगूसराय की पुलिस मौके पर पहुंची थी और पूछताछ कर हम लोगों को इलाज के लिए भेज दिया।

# आने वाले दिनों में जल संकट की समस्या होगी विकराल

निज संवाददाता। नवादा

**संतोष कुमार वर्मा।** बिहार में जल की संकट एवं परेशानियों का सबसे बड़ा वजह नल जल योजना के द्वारा पानी को अनावश्यक एव अज्ञान बनकर बहा रहे ग्रामीण क्षेत्रों में 100 घरों को अगर देखा जाए तो उसमें 80 घरो में बिना नल के लगातार दिन भर पानी बहता रहता है।नल जल योजना का बोरिंग जहां लगाया गया है,उसे संचालित करने के लिए ना तो सरकार द्वारा और न हीं प्रशासन एवं लोकल जनप्रतिनिधि के द्वारा किसी भी तरह का कोई नियम कानून लागू नहीं किया गया है।जिसके घर के पास नल जल योजना का बोरिंग लगा हुआ है उनके मन के मुताबिक दिनभर कभी भी चालू कर दिया जाता है और जहां एक बाल्टी पानी की जरूरत है वही 10 टैंकर लगातार बहा दिया जाता है। घरों में बिना पानी के जरूरत के भी नल से लगातार दिन भर पानी बहता रहता है।कई बार कुछ समाजसेवी द्वारा मना करने पर उन्हें यह कहा जाता है किया हमारे लिए सरकार लगाया है,हमारी मर्जी हम पानी को दिनभर चलाएं या सुबह शाम चलाएं तुम बोलने वाले कौन होते हो अगर पानी की कमी हुई तो यहां सबसे ज्यादा परेशानी वही लोगों को होगा जिन्हें मुफ्त में आसानी से नल जल योजना के माध्यम से पानी मिल रहा है, उन्हें सबसे ज्यादा दिक्कत होगा पृथ्वी की सतह पर जो पानी है। उसमें से 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है जो नमकीन है और पीने के काम नहीं आ सकता। केवल तीन प्रतिशत पानी पीने योग्य है जिसमें से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों और तालाबों में है जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है. ये तो आप जानते ही हैं कि पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है. 1.6 प्रतिशत पानी ज़मीन के नीचे है और 0.001 प्रतिशत वाष्प और बादलों के रूप में है. पृथ्वी की सतह पर जो पानी है उसमें से 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है जो नमकीन है और पीने के काम नहीं आ सकता लोगों को समझने और समझाने की जरूरत है इसका समय आ गया है की पानी बर्बादी करने पर भी कानून बनाया जाए और उन्हें सजा का भी प्रावधान बनाया जाए जिससे कि लोगों में थोड़ा डर आए और पानी का बचाव करना शुरू करें एवं अन्य लोगों में भी जागरूकता फैलाएं कई बार जिला मुख्यालय में भी बड़े-बड़े पाइपलाइन के माध्यम से पानी का बहाव लगातार महीना तक चलता रहता है पानी का बचाव एवं सुरक्षा के लिए अलग से विभाग बनाया गया है इसके बावजूद भी विभाग अपना काम करने में असफल है जब से नल जल योजना का प्रारंभ हुआ तब से अब तक जमीन के अंदर पानी का लेयर दिन-ब-दिन घटता चला जा रहा है ग्लोबल वार्मिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है कि प्रत्येक वर्ष तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और लोगों को गर्मी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रतिवर्ष 2 से 3 डिग्री तापमान तेजी से बढ़ रहा है अगर इसी तरह से तापमान बढ़ता रहा तो एक दिन पूरे पृथ्वी पर विनाश आ जाएगा लोगों को लगता है की बरसात के दिनों में बारिश का पानी जमीन के अंदर मिलकर पीने योग्य पानी बन जाता हैं तो यह सोच गलत है पीने वाले पानी में यह पानी मात्र लगभग 0.11 % ही मिल पाता है बाकी पानी नदियों के माध्यम से बहाव होकर वह समुद्र में चला जाता है बचा हुआ पानी वाष्प बनकर ऊपर बादलों में मिल जा रहा है दो-तीन वर्षो से बारिश भी कम होने के कारण हमारे अन्नदाता किसानों को भी अनाज उगाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जल के बिना सब कुछ अधूरा है अगर पृथ्वी पर जल ही ना रहे तो मानव जीवन ही समाप्त हो जाएगा पर्यावरण को लोग कितने गलत तरीके से दुष्प्रभावित कर रहे हैं कि शायद वो दिन दूर नहीं जब प्यासा पक्षी तड़प तड़प के मरते हैं शायद इस तरह से मनुष्य भी तड़प तड़प कर मरना शुरू कर देना लोगों को अभी से ही जागरूक होना पड़ेगा हमारे भारत की धरती पर दो सौ लाख पेड़ लगाने की जरूरत है और वह भी इसी एक दो वर्षों में क्योंकि दो-तीन डिग्री लगातार प्रतिवर्ष तापमान बढ़ते जा रहा है तो आगे आने वाले पांच 10 वर्षों में यह तापमान 55 और 60 डिग्री तक पहुंच जाएगा जो कि मनुष्य के सहनशीलता के काफी अधिक होगा लोग मरने पर विवस हो जाएंगे इसलिए एक-दो वर्षों में अगर हर व्यक्ति एक वृक्ष भी लगाए और उसे 5 वर्षों तक देखभाल करें तो आने वाले पांच दस वर्षों में हमारा पृथ्वी हरा भरा हो जाएगा एवं वातावरण में संतुलन आएगा मैं संतोष कुमार वर्मा शारीरिक शिक्षा शिक्षक इंटर विद्यालय आंती नवादा सोशल मीडिया के माध्यम से लोग रिल्स एवं शॉर्ट वीडियो या फैमिली फोटो डालकर अपना प्रचार कर रहे हैं वही हम कई वर्षों से लगातार पानी बहाव का चर्चा एवं इसके दुष्परिणामों को डालते आ रहे हैं साथ ही साथ पर्यावरण जागरूकता के माध्यम से पेड़ लगाने का भी कार्य कई वर्षों से स्वयं कर रहे हैं और दूसरों को भी जागरुक कर प्रेरित कर रहे हैं ताकि आगे आने वाले इतने बड़े महा संकट को टाला जा सके इसका यही एक उपाय है पानी बचाओ वृक्ष लगाओ इस नारे के साथ हम अपने धरती एवं बिहार को बचा सकते हैं जय हिंद जय भारत जय बिहार जय पर्यावरण।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता को सच्चाई बतानी चाहिए, गहलोत ने भजनलाल के दावों पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के बिजलीघरों को आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दावों पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा- राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता को इसकी सच्चाई बताई जानी चाहिए. क्या दोनों मुख्यमंत्रियों को अधिकारी इस मुद्दे पर गुमराह कर रहे हैं ? या दोनों मुख्यमंत्री मिलकर अपने-अपने राजनीतिक हितों के अनुरूप जनता को गुमराह कर रहे हैं. बिजली जैसे जरूरी मुद्दे पर दोनों सरकारों को संवेदनशील होने की आवश्यकता है। इस तरह की भ्रम फैलाने वाली राजनीति से किसका भला होगा ? उन्होंने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को जनता को इसकी सच्चाई बतानी चाहिए। दरअसल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दावा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 91.21 हेक्टेयर वन भूमी का उपयोग करने की अनुमति दे दी है, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं है। अशोक गहलोत ने आज एक बयान जारी कर कहा कि यह बेहद ही आश्चर्यजनक है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के बयानों में विरोधाभास है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दावा करते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजस्थान के विद्युत गृहों के लिए कोयले की आपूर्ति के लिए हसदेव अरण्य कोलफील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग करने की अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि ऐसी कोई बात ही नहीं है।

### बेटे के साथ हैवानियत कर मां ने बनवाया वीडियो

**हरिद्वार, एजेंसी।** वह 11 साल के लड़के के पेट पर बैठ जाती है। फिर लगातार मुक्कों से उसपर हमला करने लगती है। बच्चे का बाल पकड़कर नोचने लगती है। उसका सिर जोर-जोर से जमीन पर पटकती हुई दिखती है। वायरल हो रहे वीडियो में हैवानियत की हदें पार करने वाली कोई और नहीं बल्कि उस मासूम की मां निकली। जन्म देने वाली मां अपने बेटे को पीटते हुए चिल्लाकर कहती है, बनाओ इसका वीडियो। यह देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार के झबरेडा का मामला है। मां की दरिंदगी का वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में मासूम रो-रोकर चिल्ला रहा है। वह पीने के लिए पानी मांग रहा है। लेकिन उसकी मां लगातार पीट रही है। वह उसका दोनों हाथ पकड़कर उसके छाती को दांत से काटने लगती है। ऐसा वह दो बार करती है। बेटे का मुंह नोचकर गला दबाने लगती है। मासूम अपनी मां को पीछे हटाने की कोशिश करता है। लेकिन उसकी मां गर्दन मोड़ देती है। फिर वह उसे लात मारकर भगा देती है।

### कुत्ते से हैवानियत, डंडे से पीटा फिर गले में रस्सी डाल सड़क पर घसीटा

**नंदुरबार, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नंदुरबार शहर में पुलिस ने एक शख्स पर कुत्ते से हैवानियत की हदें पार करने के मामले में मामला दर्ज किया है। उसने कथित तौर पर पहले डंडे से कुत्ते को बेरहमी से पीटा और फिर गले में रस्सी डालकर उसे सड़क पर घसीटा। इस घटना में कुत्ते की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स के लिए काम करने वाली महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 10 जुलाई की शाम माधव गुरव (50) ने लावारिस कुत्ते की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि गुरव ने कथित तौर पर कुत्ते के गले में रस्सी बांध उसे सड़क पर घसीटा। अधिकारी ने बताया कि पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) के लिए काम करने वाली प्रीति जायसवाल और उनकी दोस्त घायल कुत्ते को नंदुरबार के एक सरकारी अस्पताल ले गईं, लेकिन दो घंटे के भीतर ही कुत्ते ने दम तोड़ दिया। जब जायसवाल ने पेटा के अन्य सदस्यों को घटना के बारे में बताया तो सिनचना सुब्रमण्यम (30) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद गुरव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत पशु को मारने या अपंग करने का मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गुरव को नोटिस भेजा है और मामले की जांच जारी है।

# विवाद के बाद धाम शब्द हटाया, दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाकर रहेंग

**रौतेला ने किया ऐलान**

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाने के मुद्दे पर उपजा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने केदारनाथ मंदिर की नकल बनाने की योजना के लिए ट्रस्ट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं, श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र रौतेला ने बुधवार को कहा कि वह यहां केदारनाथ मंदिर बनाकर ही रहेंगे।

श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र रौतेला ने कहा कि वह दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने से पीछे नहीं हटेंगे और जरूरत पड़ने पर कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

उत्तराखंड में मंदिरों और मंदिरों की देखरेख करने वाली शीर्ष संस्था बद्रीनाथ-



केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने दिल्ली के बुराड़ी में मूल केदारनाथ मंदिर की नकल बनाने की योजना के लिए दिल्ली ट्रस्ट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं, चार धाम से जुड़े उत्तराखंड के पुजारियों ने भी दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाने की योजना पर घोर आपत्ति जताई है। विवाद के बीच ट्रस्ट के संस्थापक रौतेला ने कहा कि उन्होंने भ्रम से बचने के लिए अपने ट्रस्ट के नाम से धाम शब्द हटाने का फैसला किया है, लेकिन यहां भक्तों के लिए मंदिर बनाने से पीछे नहीं हटेंगे। रौतेला ने पीटीआई-भाषा से कहा, केदारनाथ की तर्ज पर मंदिर बनाने वाले हम पहले लोग नहीं हैं। इंदौर और मुंबई में भी ऐसा है। अगर वे (बीकेटीसी) कानूनी कार्रवाई करना चाहते हैं तो उन्हें सभी के खिलाफ ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, हम हिंदुओं और सनातन धर्म के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। कानूनी चुनौती के बावजूद हम मंदिर बनाना जारी रखेंगे। रौतेला ने बताया कि दिल्ली में केदारनाथ मंदिर उनके ट्रस्ट द्वारा एकत्रित दान राशि से बनाया जाएगा और अगले दो से तीन वर्षों में तैयार हो जाएगा। वहीं, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने आरोप लगाया कि एक ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके भक्तों को दिल्ली में केदारनाथ धाम के ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था करने का वादा किया जा रहा है। इसके खिलाफ उन्होंने उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अजय ने कहा, हमने कानूनी राय ली है और दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के निर्माण को रोकने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

## उमर अब्दुल्ला ने कहा, सरकार को आतंकी हमलों में जिम्मेदारी लेनी होगी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने डोडा जिले में सोमवार शाम सुरक्षाबलों पर आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस हमले में एक अधिकारी सहित सेना के चार जवान और एक स्थानीय पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पिछले एक साल से जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। शायद ही जम्मू का कोई ऐसा इलाका है, जो आतंकी गतिविधियों से बचा है। पीर पंजाल में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। रियासी, सांबा, कठुआ में भी हमले हो रहे हैं। अगर हमारी सूचना सही है तो पिछले एक साल में हमारे सुरक्षा बलों के 55 लोग मारे गए हैं। हर हमले के बाद केंद्र सरकार कहती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है, लेकिन हमें आतंकवाद का खात्मा होता नजर नहीं आ रहा है।

सरकार यह नहीं बताती है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। ऐसे हमलों के बाद किसी न किसी की जिम्मेदारी जरूर बनती है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी स्वीकारनी होगी।उन्होंने जम्मू-कश्मीर के डीजी के बारे में कहा कि उन्होंने सियासत में कदम रख दिए हैं। बेहतर यह होता कि सियासत का काम नेताओं को करने देते। उनका काम यहां के हालातों को बेहतर बनाना, आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना है। डीजी का काम आतंकवादियों के खिलाफ लड़ना है, इसलिए उनको अपना काम करना चाहिए और हमको अपना काम करने दें।

उमर अब्दुल्ला ने मुहर्रम के जुलूस में लोगों की गिरफ्तारी पर कहा कि पुलिस को इस तरह की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। किसी और धर्म के लोगों को निशाना नहीं बनाया जाता है।

## शिमला में अंग्रेजों के जमाने से हो रहे शोर के खिलाफ शिकायत

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रोजाना ऑफिस टाइमिंग के दौरान सुबह व शाम को बजने वाले सायरन के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता महिला ने सायरन बजने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का हवाला देते हुए शहर के दो थानों में शिकायत दर्ज करवाई है। इस शिकायत मिलने से पुलिस भी हैरान है और उसने सायरन बजाने वाले सरकारी विभागों से पत्राचार कर इस सम्बन्ध में जवाब मांगा है। साथ ही पुलिस सायरन को लेकर कानूनी पहलुओं पर भी विचार कर रही है, क्योंकि यह मामला सीधे तौर पर प्रशासन व सरकार से जुड़ा है।

शहर के दो पुलिस थानों सदर व छोटा शिमला में दी शिकायत में मानवाधिकार कार्यकर्ता सुमन कदम ने सायरन बजाए जाने की परम्परा पर सवाल खड़े किए हैं, साथ ही यह भी कहा है कि इसकी तीखी आवाज से शहरवासी परेशान हो रहे हैं और खासकर बुजुर्गों व बीमार लोगों के लिए यह बेहद नुकसानदायक है।

दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने सायरन बजाए जाने को गैर कानूनी ठहराते हुए इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ स्त्रद्धक्र दर्ज करने की भी मांग की है। अपनी शिकायत में महिला ने तर्क दिया है कि आज के तकनीकी युग में ऑफिस टाइमिंग के लिए सायरन बजाना तर्गसंगत नहीं है, क्योंकि सभी के पास मोबाइल व घड़ियां हैं और किसी को भी ऑफिस टाइमिंग की सूचना देने की जरूरत नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय व हिमाचल सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की ध्वनि बजाने के लिए इसकी मात्रा 55 डेसिबल निर्धारित की गई है, जबकि शिमला शहर के सी.टी.ओ. कार्यालय और छोटा शिमला में राज्य सचिवालय के समीप पुलिस थाना के पीछे दीवार पर लगे सायरन की ध्वनि इससे कहीं अधिक है। छोटा शिमला में लगे सायरन की ध्वनि को मापा गया तो यह 89.3 डेसिबल पाई गई, जबकि सी.टी.ओ. में लगे भौंपू की ध्वनि की मात्रा 88.30 डेसिबल पाई गई। इस संबंध में शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस थाना छोटा शिमला व सदर पुलिस थाना शिमला में इनकी शिकायत देते हुए हिमाचल प्रदेश इंस्ट्रूमैंटल्ज (कंट्रोल ऑफ नोइसेज) एक्ट-1969 की धारा-3 के तहत स्त्रद्धक्र दर्ज करने को लेकर शिकायत पत्र भेजा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस संबंध में जब जिला प्रशासन से इसकी अनुमति के बारे में पूछा गया तो ए.डी.एम. कानून व्यवस्था ने साफ कहा है कि इस प्रकार की कोई अनुमति जिला प्रशासन की ओर से नहीं दी गई है। यानी जो सायरन लंबे समय से शिमला में बज रहे है, वह पूरी तरह से गैर कानूनी है।

## बिजली बिल आधे की जगह दोगुने हुए, बढ़ी दरों को लेकर कांग्रेस का एकसाथ प्रदर्शन

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को डिस्कॉम द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में 55 से अधिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के खिलाफ नारे लगाए और शहर में डिस्कॉम के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने बिजली की दरों को आधा करने का वादा किया था लेकिन पिछले एक दशक में सरकार ने पिछले दरवाजे से दरों को दोगुना कर दिया। यादव ने कहा, आम आदमी पार्टी की सरकार इस वादे के साथ आई थी कि ये बिजली बिल आधे कर देंगे, आज 10 साल बाद यह साफ दिख रहा है कि जो बिल आधे होने चाहिए थे वह दोगुने हो गए हैं। शीला दीक्षित की सरकार के समय 2013 में औसत बिलिंग






दर लगभग 5 रुपए थी, अब यह 10 रुपए प्रति यूनिट हो गई है। अगर केजरीवाल ने आधी दर पर बिजली देने का अपना वादा पूरा किया होता तो दर 2.50 रुपए होनी चाहिए थी। इस सरकार ने वादे बहुत किए लेकिन पूरे कुछ नहीं किए। यह सरकार लगातार लोगों को धोखा देने का काम कर रही है। यादव ने आरोप लगाया कि डिस्कॉम को बिजली खरीद समायोजन शुल्क में नौ प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी करने की अनुमति मिल गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिजली दरों में इस वृद्धि से दुकानदारों, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयों और आम घरों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ा है। यादव ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार पिछले 10 वर्षों से बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालने के लिए बिजली कंपनियों को हर वर्ष चुपचाप पीपीएसी सरचार्ज में छह से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की अनुमति दे रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने अपने 15 साल के कार्यकाल में बिजली दरों में केवल चार बार और नाममात्र वृद्धि की थी, लेकिन केजरीवाल सरकार के तहत डिस्कॉम को पीपीएसी सरचार्ज के नाम पर बिजली दरें बढ़ाने की खुली छूट दी गई, जिससे बिजली उपभोक्ताओं पर असहनीय वित्तीय बोझ पड़ा है।

## कुवैत दूतावास में महिला का यौन उत्पीड़न, 70 साल के अबू बकर पर आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली स्थित कुवैत दूतावास के एक कर्मचारी को महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सेंट्रल दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित कुवैत दूतावास में काम करने वाली एक हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ यहां के वर्कर पर गलत काम करने का आरोप लगा है। अधिकारियों ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी है। आरोपी की पहचान 70 साल के अबू बकर के तौर पर हुई है। पुलिस ने इस मामले में बीते गुरुवार को स्त्रद्धक्र दर्ज की थी और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, गुरुवार को एक पीसीआर कॉल के जरिए उन्हें इस घटना की जानकारी मिली थी। फोन करने वाले शख्स ने खुद को 20 साल की पीड़िता का पति बताया था। अधिकारी ने कहा कि फोन करने वाले शख्स ने बताया, अबू बकर पिछले दो सालों से दूतावास में काम कर रहा है। उसने काम के दौरान उनकी पत्नी का यौन उत्पीड़न किया है।

अधिकारी ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद स्थानीय पुलिस थाने की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची थी और फिर मामले की जांच की गई। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के तहत चाणक्यपुरी थाने में केस दर्ज किया गया।

## एयरपोर्ट पर बेहोश होकर गिर पड़े बुजुर्ग, महिला डॉक्टर ने यूं बचा ली जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली एयरपोर्ट पर महिला चिकित्सक की सूझबूझ से एक बुजुर्ग की जान बच गई। दरअसल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर करीब 60 साल के बुजुर्ग अचानक बेहोश होकर गिर गए। एयरपोर्ट पर जमीन पर पड़े बुजुर्ग के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन तब ही वहां पहुंची एक महिला चिकित्सक ने तुरंत सीपीआर देकर बुजुर्ग की जान बचा ली। बताया जा रहा है कि महिला डॉक्टर ने कुछ मिनटों तक लगातार बुजुर्ग को सीपीआर दिया और फिर उनको होश आ गया।

बताया जा रहा है कि यह घटना 14 जुलाई की है। इस दिन यह बुजुर्ग इंडिया की फ्लाइट संख्या 6ई 2023 से दिल्ली से भुवनेश्वर जाने की तैयारी में थे। उनकी फ्लाइट शाम साढ़े पांच बजे थी। जब वो लेकिन विमान पर चढ़ने से पहले एयरपोर्ट के अंदर फूड कोर्ट में थे तब ही अचानक वो बेहोश हो गए। उस वक्त दिल्ली एयरपोर्ट पर मेदांता अस्पताल की महिला चिकित्सक की तैनाती थी। महिला चिकित्सक बिना वक्त गंवाए तुरंत मदद के लिए वहां पहुंच गई। उन्होंने सीपीआर देकर बुजुर्ग की जान बचा ली।

इस पूरी घटना का एक वीडियो भी अब सामने आया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि बुजुर्ग यात्री जमीन पर बेहोश पड़े हैं। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ लग गई है। भीड़ के बीच एक महिला डॉक्टर बुजुर्ग को लगातार सीपीआर दे रही हैं। महिला को सीपीआर देते दुख कुछ अन्य लोग भी उनकी मदद करने लगते हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद कई लोगों ने लेडी डॉक्टर की तारीफ की है।

## गालों को काटा, दांत तोड़ दिए...; कोर्ट ने रेप के दोषी को सजा सुनाते हुए कहा- तुम रहम के लायक नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की एक अदालत ने पांच साल की बच्ची से बलात्कार के दोषी एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा दोषी ने बच्ची के साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया था। ऐसे में वह रहम करने के लायक नहीं है।

बच्चों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए अदालत ने कहा कि इस जघन्य कृत्य के लिए सजा भी वैसी ही मिलनी चाहिए, ताकि यह इस तरह के अपराध को रोकने में एक प्रभावी निवारक के रूप में काम कर सके।

रोहिणी जिला अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर उस व्यक्ति के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसे पहले यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी ठहराया गया था। 28 वर्षीय व्यक्ति को अपहरण, गंभीर चोट पहुंचाने और बलात्कार के दंडनीय अपराधों का भी दोषी ठहराया गया था।

अतिरिक्त लोक अभियोजक योगिता कौशिक ने कहा कि दोषी के घृणित और निंदनीय कृत्य सहानुभूति के पात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण करते समय आदमी ने उसके गालों को काट लिया और उसके चेहरे पर इतनी जोर से वार किया कि उसके दांत टूट गए।

11 जुलाई को पारित एक आदेश में न्यायाधीश ने कहा था कि यह अदालत बच्चों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती दर पर दुख व्यक्त करती है। पांच साल की बच्ची भाई दूज त्योहार के लिए अपने नाना-नानी के घर गई थी, जहां से उसका अपहरण कर दोषी ने उसके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया। बच्ची की गरिमा और शारीरिक पवित्रता नष्ट की गई। यह कहना कि बच्चा समाज के लिए एक उपहार है, दोषी जैसे व्यक्ति के कारण बेतुका लगता है। पीड़िता को बिना किसी गलती के ऐसी पीड़ा सहनी पड़ी।

अदालत ने सजा सुनाने के दौरान कहा कि यौन अपराध ने बच्चे के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और इसलिए सजा जघन्य कृत्य की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए ताकि यह समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के लिए एक चेतावनी के रूप में काम कर सके। अपराध की गंभीरता, बच्चे और दोषी की उम्र, दोषी और पीड़ित बच्चे की पारिवारिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोषी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अदालत ने दोषी व्यक्ति को अपहरण और गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध के लिए सात साल के कठोर कारावास की सजा भी सुनाई। साथ ही बच्ची के परिजनों को 10.5 लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया।

## शरद की पार्टी का बड़ा दावा- अजित पवार को सरकार से बाहर जाने के लिए कह रही भाजपा

**मुंबई, एजेंसी।**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने बुधवार को दावा किया कि आरएसएस से जुड़े मराठी साप्ताहिक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन पर सवाल उठाने वाली एक रिपोर्ट उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दल छोड़ने का एक सूक्ष्म संदेश है। आरएसएस से जुड़े प्रकाशन विवेक का दावा है कि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गठबंधन के बाद महाराष्ट्र में मतदाताओं की भावनाएं भाजपा के खिलाफ हो गईं, जिसके परिणामस्वरूप भगवा पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा।

प्रकाशन द्वारा किए गए एक अनौपचारिक सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा के सदस्यों ने पवार के साथ हाथ मिलाने के पार्टी के फैसले को अस्वीकार कर दिया। अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार की एनसीपी को तोड़ दिया और पिछले साल जुलाई में महायुति गठबंधन में शामिल हो गए।

लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा के



सांसदों की संख्या घटकर नौ रह गई। शिवसेना और एनसीपी ने क्रमशः सात और एक सीट जीती। इसके विपरीत, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने शानदार प्रदर्शन किया। 48 में से 30 सीटें जीतीं।

बुधवार को एनसीपी (एसपी) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि भाजपा को एहसास हो गया है कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ उसका गठबंधन महाराष्ट्र में आने वाले विधानसभा चुनावों में उसकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि महाराष्ट्र के लोगों ने बड़े पैमाने पर एनसीपी (एसपी) के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा भी पूरे मामले में सावधानी से काम कर रही है क्योंकि वह चुनाव जीतना चाहती है। लेकिन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ उसका गठबंधन उन्हें लोकसभा चुनावों की तरह चुनाव हारने वाला है।

उन्होंने आगे कहा, साप्ताहिक (विवेक) के जरिए भाजपा खुद को अजीत पवार से दूर करने की कोशिश कर रही है। शायद उन्हें किसी न किसी तरह महायुति छोड़ने के लिए कह रहे हैं।

क्रैस्टो ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने भाजपा के एनसीपी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, अजित पवार को साथ लाने के फैसले ने भाजपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है।

## दबिश के दौरान पिस्टल अनलॉक करते में चली गोली, एसओजी सिपाही की मौत

**अलीगढ़, एजेंसी।**
अलीगढ़ में गौकशी के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को दबिश देने जा रही पुलिस व एसओजी टीम के साथ बुधवार देर रात बड़ी घटना हो गई। टीम में शामिल एक दरोगा की पिस्टल लोड करते समय फंस गई। जिसे दूसरे सब इंस्पेक्टर द्वारा अनलॉक करने का प्रयास किया तो अचानक गोली चल गई। गोली सब इंस्पेक्टर के पेट पर लगते हुए पास में खड़े एसओजी सिपाही के सिर में जा घुसी। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। घायल का एसआई का इलाज जारी है।

अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन के अनुसार नौ जुलाई को थाना गभाना क्षेत्र में एक गौकशी की घटना घटित हुई थी। गौकशी के अभियुक्तों की तलाश में पुलिस टीमें लगीं थीं। बुधवार देर रात इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक ज्वाइंट टीम का गठन किया गया था। जिसमें थाना गांधीपार्क, गभाना व एसओजी को शामिल किया गया था। दबिश के लिए टीम ने अपने-अपने हथियार लोड किए। इस दौरान एक दरोगा मजहर हसन की पिस्टल लोड करते में फंस गई। उनके द्वारा जब पिस्टल अनलॉक नहीं हो सकी तो पास में ही खड़े सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने पिस्टल को अनलॉक करने का प्रयास किया तो अचानक गोली चल गई। गोली एसआई राजीव के पेट से लगते हुए पास में खड़े एसओजी सिपाही याकूब के सिर में लगी। घटना से पुलिस टीम में हड़कंप मच गया। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने एसओजी सिपाही को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। घायल एसआई का इलाज जारी है। एक बार फिर से पुलिस कर्मियों के हथियार चलाने की ट्रेनिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




## संपादकीय

### बदलती चुनौतियां, देश में आबादी बढ़ने की रफ्तार कम हो रही

विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर भारत सरकार की ओर से जारी किए गए ये आंकड़े कई लिहाज से उत्साहवर्धक कहे जाएंगे कि देश के 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों ने टोटल फर्टिलिटी रेट को रिप्लेसमेंट लेवल (2.1) से नीचे लाने में कामयाबी हासिल कर ली है। टीएफआर का आशय किसी महिला द्वारा पूरे जीवन काल में जन्म दिए जाने वाले बच्चों की औसत संख्या से है और रिप्लेसमेंट लेवल वह स्तर है जिस पर किसी खास समाज या क्षेत्र की आबादी संतुलित रहती है। यानी किसी देश में टीएफआर के रिप्लेसमेंट लेवल पर पहुंचने का मतलब यह माना जाता है कि अब जनसंख्या में बढ़ोतरी को चुनौती के रूप में लेने की जरूरत नहीं है। भारत के संदर्भ में, यह देखना दिलचस्प है कि जनसंख्या वृद्धि को एक चुनौती के रूप में लेते हुए कैसे हम धीरे-धीरे उस स्थिति में आ गए जहां हमारे लिए चुनौती जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाने की उतनी नहीं, जितनी डेमोग्राफिक डिविडेंड का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल करने की है। खास बात यह कि हम एक लोकतांत्रिक समाज के तौर पर अपने रास्ते चलते हुए यहां पहुंचे हैं। हमें चीन के उन बाध्यकारी तरीकों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ी जो एक समय काफी आकर्षक माने जाते थे, पर आखिरकार बड़े हानिकारक साबित हुए। हर साल की तरह इस बार भी विश्व जनसंख्या दिवस पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी बाकायदा आंकड़े जारी कर बताया गया है कि आने वाले दशकों में भारत की आबादी का अन्य देशों के मुकाबले अनुपात क्या रहेगा। इन गणनाओं की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इनकी प्रामाणिकता असंदिग्ध इसलिए भी नहीं मानी जा सकती क्योंकि भारत में जनगणना के वास्तविक आंकड़े करीब डेढ़ दशक पुराने हैं। 2011 के बाद 2021 में जनगणना होनी थी जो अभी तक नहीं हुई है। टीएफआर के इन आंकड़ों की खासियत यह भी है कि इसमें कोई चौंकाने वाला ट्रेंड नहीं बल्कि एक तरह की निरंतरता दिखती है। 1950 में अस्त्रक्रका जो आंकड़ा 6.18 पर था, वह 1990 में 4.6 पर आया और 2021 में 1.91 पर आ गया। ये आंकड़े न केवल एक राष्ट्र के रूप में हमारी हाल के दशकों में हुई ग्रोथ की पुष्टि करते हैं बल्कि परिवार और समाज में महिलाओं की बेहतर स्थिति भी बयान करते हैं। बहरहाल, टीएफआर कम होने का मतलब यह नहीं कि देश की आबादी में बढ़ोतरी नहीं होगी।

# तीन साल में योगी आदित्यनाथ कितने बदल पायेंगे हालात

(अजय कुमार)

*केंद्र में भले ही लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बन गई है लेकिन पार्टी के लिए सबसे मजबूत सियासी जमीन यूपी में खिसकने की टीस सभी नेताओं को हो रही है। इसलिए अब पार्टी ने नुकसान पहुंचाने वालों के साथ उन मतदाताओं के बारे में भी पता लगाने का फैसला किया गया है कि जो इस बार भाजपा के बजाए विपक्ष की तरफ खिसक गए हैं। यूपी में बीजेपी का ग्राफ गिरने की पूरी समीक्षा के बाद यूपी बीजेपी में संगठन स्तर पर भी कई बदलाव हो सकते हैं। यूपी बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है।*

आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान उठाना पड़ा। यूपी की वजह से केंद्र में मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बन पाई, जो बीजेपी यूपी में 80 सीटें जीतने का सपना पाले हुए थी, वह 33 सीटों पर सिमट गई। बीजेपी का ग्राफ इतनी तेजी से गिरा की अब तो विपक्षी नेता खासकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव तो दिल्ली में मोदी को सबक सिखाने के पश्चात तीन साल बाद 2027 में योगी को भी धूल चटाने की बात करने लगे हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं और तब योगी की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। 2027 के चुनाव में जहां राहुल गांधी और अखिलेश यादव बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान में उतरेंगे, वहीं बीजेपी को 2024 के नतीजे कचोटते रहेंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी 2024 जैसे चुनावी नतीजे 2027 विधानसभा चुनाव में नहीं देखना चाहती है। इसीलिये बीजेपी आलाकमान के साथ-साथ सीएम योगी आत्यिनाथ उन मुद्दों की धार कुंद करने में लग गये हैं जिसके सहारे कांग्रेस-सपा गठबंधन ने बीजेपी को आईना दिखाया था। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने संविधान, दलित ओबीसी आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई को बीजेपी के खिलाफ सबसे मजबूत चुनावी हथियार बनाया था। अबकी से राहुल के मुंह से अडानी-अंबानी, नोटबंदी, राफेल विमान खरीद भ्रष्टाचार, चौकीदार चोर है, जैसे तमाम जुमले सुनने को नहीं मिले थे। राहुल गांधी के साथ-साथ अखिलेश यादव भी अपनी जनसभाओं में दो ही बातें दोहराते रहे, पहला मोदी को 400 सीटें मिली तो वह संविधान बदल देंगे, दूसरा दलितों और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। इसके अलावा राहुल की महिलाओं को 8500 रूपये प्रति माह देने की गांरटी ने भी बीजेपी का खेल बिगाड़ दिया।

चुनाव बाद भी जिस तरह से राहुल गांधी संविधान की किताब लिये घूम रहे हैं उसकी काट के लिये अब मोदी सरकार ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। मोदी के मंत्री से लेकर छोटे-बड़े सभी नेता लगातार बता रहे हैं कि 1975 में किस तरह से तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी लगाकर संविधान की आत्मा को तार-तार कर दिया था। सदन में तो इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव तक पास हो गया। सबसे खास बात यह रही कि मोदी सरकार जब इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाई तो इसके खिलाफ कांग्रेस सदन में अकेले ही खड़ी नजर आई। राहुल के सबसे मजबूत साथी समझे जाने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इमरजेंसी मुद्दे पर कांग्रेस के साथ नहीं गये। बहरहाल, आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। योगी ने इसके लिये अभी से सरकार के पेंच कसना शुरू कर दिये हैं। संगठन स्तर पर भी काम चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के शुरुआती तीन-चार महीनों में सम्पन्न होना है। इस हिसाब से सरकार के पास तीन साल से भी कम का समय बचा है। यह तय माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी खराब छवि वाले विधायकों का टिकट काटने में भी आलाकमान परहेज नहीं करेगा। गौरतलब हो, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग ने जो आकड़े जारी किये हैं उसके अनुसार यूपी में 80 लोकसभा सीटें जिसके अंतर्गत 403 विधान सभाएं आती हैं,वहां अबकी से बीजेपी 162 विधान सभा क्षेत्रों में समाजवादी और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी से पिछड़ गई थी। इन 162 विधान सभा क्षेत्र के विधायकों पर भी गाज गिर सकती है। वहीं 2027 में विपक्ष एक बार फिर से बेरोजगारी को मुद्दा नहीं बना पाये इसके लिये योगी ने सभी खाली पड़े रिक्त पदों को भरने के लिये बम्पर नौकरियां निकाली हैं। अभी एक लाख नौकरियां निकाले जाने की बात कही जा रही है जिसका आंकड़ा 2027 के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने तक पांच लाख तक पहुंच सकता हे। इसी के साथ पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इसमें लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये भी एसटीएफ तेजी से काम कर रही है। बेरोगारी और पेपर लीक की घटनाओं के चलते युवा वर्ग केन्द्र और राज्य सरकारों के खिलाफ काफी आक्रोशित है। उधर, इन युवाओं को गुस्से को विपक्ष हवा-पानी देने का काम कर रहा है। ऐसी ही एक मोदी सरकार की एक और योजना अग्निवीर भी सरकार के लिये बढ़ा मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष लगातार इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। इस योजना का दुष्प्रभाव मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में देख भी चुकी है। कुल मिलाकर योगी सरकार बम्बर नौकरियां निकाल कर विपक्ष को उसकी बेरोजगारी वाली सियासत से 'बेरोजगार' करना चाहती है। बात सरकार से हटकर संगठन स्तर की कि जाये तो लोकसभा चुनाव में यूपी से मिली चोट भाजपा को बेचैन किए हुए हैं। योगी की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा के जिम्मेदार अब यूपी में पार्टी के ग्राफ गिरने के कारणों की पड़ताल पर लगा है। पार्टी स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने वोट में आई गिरावट को लेकर चर्चा की। तय किया गया है कि भाजपा के पक्ष में कम मतदान की जांच होगी। दरअसल, यूपी के चुनाव परिणाम से भाजपा के स्थानीय से लेकर शीर्ष नेतृत्व में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार करीब नौ फीसदी कम वोट मिले हैं। अब इन्हीं वोट का पता लगाने को लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है कि आखिर यह वोट भाजपा से छिटक कर कहां गया। इसका पता करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। फोर्स के सदस्य गांव-गांव जाकर यह पता लगाएंगे कि भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले ओबीसी और दलितों में सेंध किस दल ने लगाया है। यह भी पता लगाया जाएगा कि गैर यादव ओबीसी और गैर जाटव दलितों को भाजपा से बिदकाने में किन-किन लोगों का हाथ है।

## आधुनिक एक्सप्रेस-हादसों की बनी सड़क

तमाम सरकारी दावों के बावजूद देश में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन बड़े सड़क हादसों की खबरें आ जाती हैं। खासकर आधुनिक तकनीक से बने एक्सप्रेस-वे पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार बस के टैंकर से टकराने और उसमें अठारह लोगों के मारे जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। पहले भी इस मार्ग पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि एक्सप्रेस-वे पर आखिर इतने बड़े हादसे क्यों हो रहे हैं? पिछले वर्ष नवंबर में केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक रपट के मुताबिक, 2022 में देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 32.9 फीसद एक्सप्रेस-वे पर हुईं और इनकी वजह तेज रफ्तार थी। दरअसल, एक्सप्रेस-वे पर दिन-प्रतिदिन वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हर वक्त बनी रहती है।वैसे तो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। मगर, ये कानून तभी कारगर साबित होंगे, जब प्रशासनिक तंत्र इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करेगा। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटना संभावित चिह्नित स्थलों पर भी वाहनों की निगरानी के लिए माकूल व्यवस्था नदारद होती है। हालांकि, एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी की व्यवस्था है, लेकिन उनकी भी नियमित निगरानी किए जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना के संभावित खतरों को समय रहते टाला जा सके।बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। मगर, इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती है।

# मोदी 3.0 के पहले तीस दिन

(शशि शेखर)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछली 9 जुलाई को क्या कर रहे थे? वह मॉस्को में थे। उन्होंने उस दिन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर-वार्ता की और साझा बयान जारी किया। इससे एक दिन पूर्व मोदी ने पुतिन से अनौपचारिक बातचीत के दौरान दो महत्वपूर्ण बातें कहीं। पहली यह कि मैं अपने साथ एक अरब चालीस करोड़ भारतवासियों का प्यार लेकर आया हूं। दूसरी, बमों के धमाकों के बीच शांति नहीं स्थापित हो सकती। प्रधानमंत्री अपने पहले वाक्य के जरिये कह रहे थे, आप या दुनिया का कोई और सत्तानायक यह समझने की भूल न करे कि मुझे जो जनादेश मिला है, वह पहले से कमजोर है। मैं एक संप्रभु देश का सर्वशक्तिमान प्रधानमंत्री हूं। यकीनन, पुतिन ने उनके इस भाव को जस का तस ग्रहण किया। अब आते हैं दूसरे बयान पर। वह बमों और हिंसा का उल्लेख कर पश्चिमी देशों को संदेश दे रहे थे कि भारतीय विदेश नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जो मानते हैं कि भारत को खुले तौर पर अमेरिका के साथ जाना चाहिए, उन्हें भी इस दौरान समुचित प्रत्युत्तर मिला। यहां 'क्वाड' का उल्लेख जरूरी है। यह अनौपचारिक, पर महत्वपूर्ण रणनीतिक मंच है, जिसमें भारत के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सहभागिता है। अब जब अमेरिका नाटो के 75वें वर्ष में उसे पूर्वी यूरोप से एशिया तक ले जाना चाहता है, तब नाटो का हिस्सा बने बिना हम क्वाड के जरिये अपनी संतुलनकारी नीति को कायम रख सकते हैं। भारतीय विदेश नीति सबको साथ लेकर चलने के साथ राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि स्थान देती है। यही वजह है कि सीमा विवाद के बावजूद चीन हमारा प्रमुखतम व्यापारिक सहयोगी है। अमेरिका की घुड़कियों के बावजूद हम रूस से हथियार और तेल खरीदते हैं। चीन और रूस चाहें या न चाहें, अमेरिका सहित सभी पश्चिमी देशों से भारत के आत्मीय रिश्ते हैं। लेकिन मैं यहां विदेश नीति पर चर्चा नहीं करना चाहता। मेरा मकसद इसी 9 जुलाई को पूरे हुए मोदी 3.0 के पहले महीने पर बात करना है। जनादेश के तत्काल बाद से सवाल उठने लगे थे कि भारतीय जनता पार्टी इस बार बहुमत हासिल करने से वंचित रह गई। उसे अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, यानी राजग के सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा। नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से नई दिल्ली तक सिर्फ बहुमत की सरकारें चलाई हैं। वह इस स्थिति में अपने दायित्व का निर्वाह कैसे करेंगे? यही वजह है कि उनके पहले महीने के क्रिया-कलापों पर चर्चा जरूरी है। इस एक माह ने आने वाले चार साल 11 महीनों की प्रस्तावना रच दी है। मंत्रिमंडल गठन से शुरू करते हैं। मतगणना के बाद से कुछ लोग मानते थे कि मोदी को मंत्रिमंडल के गठन में खासी मशक्कत करनी होगी। चर्चाएं थीं कि तेलुगू देशम पार्टी और जनता दल (यूनाइटेड) कड़ा मोल-भाव करेंगे। ऐसा हुआ क्या? किसी भी मंत्रिमंडल की पहचान कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्युरिटी, यानी सीसीएस से होती है। इस समूह के पास अकूत शक्ति होती है। उसमें सभी पुराने चेहरे कायम रहे। इसी तरह, इन दोनों बड़े सहयोगियों को जो विभाग मिले, उनकी बहुत चर्चा न तो पहले होती थी, न आगे होने वाली है। हमेशा सबल और समर्थ तरीके से अगुवाई के अभ्यस्त नरेंद्र मोदी के वक्त में किसी और की चर्चा की जगह भी कहां है? मंत्रिमंडल की मानिंद लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा, इस पर भी अफवाहों का बाजार गर्म था। समझदारों को तो तभी इशारा मिल गया था, जब महज चंद दिन पहले बीजू जनता दल से पुराना नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी के शिविर में आए भतृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। उस समय उनसे वरिष्ठ सांसद सदन में मौजूद थे। विपक्ष ने शोर मचाया कि यह गलत है, पर उसकी एक न चली। बाद में ओम बिरला अध्यक्ष की आसंदी पर पुनः जा विराजे। बिरला अपने पिछले कार्यकाल में खासे विवादों में रहे थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5435

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5434

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5435

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आह्वान करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, ह्दय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, बिदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्टीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेंड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

### वर्ग पहेली 5434 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ही | मा | सू | म | र | जा | |
| ह | रा | र | त | | वा | त | ज |
| त | | को | | मौ | न | | क |
| इं | सा | नी | | | गी | द | ड़ |
| दौ | र | | आ | ला | प | | ना |
| री | ना | रा | य | | त्र | य | |
| | थ | का | | जां | | की | ना |
| | | | आ | च | म | न | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज सम्मान की प्राप्ति होगी और योजनाएं सफल होंगी। देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के बाद के हिस्से में आपकी तरक्की होगी और आपके कार्य सफल होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा।

### वृष
आज आय में वृद्धि का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता मिलने से हर्ष होगा। शाम को कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी और आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। शाम को दोस्तों के साथ वक्त बिताएंगे और किसी पार्टी को एंजॉय करेंगे। फालतू खर्च से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### कर्क
आज दिन सामान्य है और आपको अपने काम में लाभ होगा। व्यापार में मुनाफा अच्छा होने से खर्च करने का भी मन करेगा और परिवार के साथ आउटिंग पर जा सकते हैं। घरेलू कामों को भी पूरा करेंगे और शॉपिंग करने का प्लान भी बना सकते हैं। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखकर काम करेंगे ।

### सिंह
आज दिन सबसे खास होगा। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधारकर ठीक कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। अभी तक आपको जिस काम में बाधा का सामना करना पड़ रहा था वह पूरा होने से हर्ष होगा। किसी व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### मिथुन
आज आपको अपने काम में लाभ होने से सम्मान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको जिसके पूरा होने में संदेह हो। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### कन्या
आज हर काम बहुत ही सावधानी से करने की सलाह है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। किसी से पैसों का लेनदेन न करें। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। किसी मामले में निवेश करने से पहले किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें तो आपको लाभ होगा।

### तुला
आज दिन काफी रचनात्मक है और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य पूरा होने से आपको खुशी होगी। आपके धन में वृद्धि होने किस्मत चमकेगी और कारोबार में आगे बढ़ेंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको कुछ लोगों की मदद से रिलैक्स करने में सहायता होगी। ऑफिस में सहयोगियों का पूरा साथ आपको मिलेगा।

### वृश्चिक
आज आर्थिक मामले में सावधानी रखने की सलाह है और बेहतर होगा कि दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान देने की बजाए अपने काम पर फोकस करें। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य पूर्ण करें। हर मामले में फैसला आपके हित में आएगा। अपने मन की बात किसी से शेयर न करें।

### मकर
आज का दिन बहुत ही लाभकारक है। हर काम आपकी प्लानिंग के हिसाब से पूरा होने से आपको खुशी होगी और नए उत्साह के साथ हर कार्य पूर्ण करें। कार्य व्यवहार में सुधार करें तो सीनियर्स भी आपकी भरपूर मदद करेंगे। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू कर सकते हैं और सफलता से आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन आर्थिक मामलों में काफी सकारात्मक होगा और आपको फंसी पेमेंट मिलने से आपके कार्य पूर्ण होंगे। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का लाभ मिलेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता लाएंगे तो आपका फायदा होगा। काम में नई जान आएगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके काम में आप खुद को एंजॉय करेंगे। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई भी ऐसी डील न करें कि आपको नुकसान उठाना पड़े।

### धनु
आज जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें सफल होंगे। अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाओं को भी आप आगे बढ़ाएंगे। ऑफिस में आपके मन का माहौल बन जाएगा और काम करने में आपको मजा आएगा। आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में परिवार के साथ हल्की फुल्की आउटिंग में धर्न खर्च होगा।

### मीन
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठा सकते हैं, आपके लिए लाभ के योग बने हैं। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नया करेंगे तो आपको लाभ होगा। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है और आपको किसी की मदद करनी पड़ सकती है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानें और अपने काम पर फोकस करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### दुमका के गुमरो पहाड़ से मिला युवती का अधजला शव

**दुमका, एजेंसी।** दुमका में गुरुवार सुबह एक युवती का अधजला शव बरामद हुआ है. शव की बरामदगी मसलिया प्रखंड के गुमरो पहाड़ से हुई है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है. प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज ग्रामीणों से बातचीत कर मामले की छानबीन कर रहे हैं. खबर लिखे जाने तक मृत युवती की शिनाख्त नहीं हो पायी है.

### झारखंड के बोकारो में दिनदहाड़े लोहा कारोबारी की हत्या

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो में गुरुवार को दिनदहाड़े एक लोहा कारोबारी की हत्या कर दी गई। बिजनेसमैन की पहचान शंकर रवानी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर 9 में बाइक और कार सवार अपराधियों ने लोहा कारोबारी शंकर रवानी की गुरुवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद कारोबारी को लहूलुहान स्थिति में बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह कार और बाइक सवारों ने लोहा व्यापारी शंकर रवानी पर हमला किया। सेक्टर 9 इलाके में रवानी पर गोली चलाई गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीएड, एमएड में नामांकन के लिए काउंसलिंग शुरू

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित बीएड, एमएड तथा एमपीएड पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए पहली काउंसलिंग की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने बुधवार को इन पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग की तिथियां तय कर दीं। इसके तहत आनलाइन निबंधन तथा विकल्प भरने की प्रक्रिया 18 जुलाई से 25 जुलाई तक आनलाइन संपन्न होगी। आनलाइन निबंधन तथा विकल्प में किसी प्रकार का संशोधन 26-27 जुलाई को हो सकेगा। पर्षद 30 जुलाई को सीटों का आवंटन करेगा। आवंटित संस्थानों में नामांकन 31 जुलाई से सात अगस्त तक होगा। बता दें कि पर्षद ने इस परीक्षा का परिणाम 27 मई को ही प्रकाशित कर दिया है।

### जवाई टीम पहाड़पुर ने 2/0 से जीत हासिल किया ट्राफी

**दुमका, एजेंसी।** प्रखंड अंतर्गत चिकनिया पंचायत के बाला बहियार गांव में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को जवाई टीम पहाड़पुर बनाम नाचनगड़िया टीम के बीच खेला गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए जंवाई टीम पहाड़पुर ने 2/0 से जीत हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इसके पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन युवा नेता एवं समाजसेवी मुकेश आरडीएक्स टुडू एवं ग्राम प्रधान राम टुडू द्वारा फुटबॉल को कीक मारकर किया गया। समापन समारोह में देर शाम मुकेश आर डी एक्स टुडू, ग्राम प्रधान राम टुडू खेल संचालक डेगु श्री, होपना मुर्मु के द्वारा संयुक्त रूप से विजेता उप विजेता सहित तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिया में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर खेल समिति के मुन्ना सोरेन सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### बेहतर स्वास्थय सेवा के लिए डॉ. परिमल सिन्हा को मिला सम्मान

**गिरिडीह, एजेंसी।** सीसीएल गिरिडीह कोलियरी के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सीसीएल हॉस्पीटल के सीएमओ डॉक्टर परिमल सिन्हा को सम्मानित किया है। बुधवार को जीएम के चैंबर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ परिमल को मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बताया गया कि डॉ. परिमल सिन्हा ने कोविड काल में लगातार जागरूकता अभियान चलाया था। साथ ही 24 घंटे फोन पर उपलब्ध होकर अपनी सेवाएं उपलब्ध कराते रहे। इसके अलावा पूरे साल गिरिडीह कोलियरी के आसपास के गांवों में नि:शुल्क मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा दी। डॉ. परिमल ने विभिन्न सरकारी स्कूलों में फ्री कैंप लगाकर सभी बच्चों का ब्लड ग्रुप जांच किया। साथ ही साथ रक्तदान शिविर लगाकर 144 यूनिट रक्त संग्रह करके रेडक्रॉस को उपलब्ध कराया। आई कैंप लगाकर लोगों की नेत्र जांच की गई। साथ ही उचित दवा व परामर्श दिया।

# चरमपंथी नापाक इरादों का प्रदर्शन कर रहेः पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसके जरिए उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर मुस्लिम तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया और सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जो वीडियो शेयर किया उसमें एक युवक फिलिस्तीन का झंडा लहराते हुए नजर आ रहा है। मरांडी ने कहा कि झामुमो सरकार से मिली शह की बदौलत अब ऐसे चरमपंथी विचारधारा के लोग खुलकर अपने इरादे जताने लगे हैं।

मरांडी ने एक्स अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हेमंत सोरेन सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण के परिणामस्वरूप अब झारखंड में देशविरोधी चरमपंथी विचारधारा के लोग खुलकर अपने नापाक इरादों का प्रदर्शन करने लगे हैं। प्रदेश की उप-राजधानी दुमका में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन का झंडा लहराया जाना देशद्रोह का कृत्य है, साथ ही क्षेत्र की आम जनता के बीच भयादोहन किए जाने का भी कुत्सित प्रयास है।

आगे मरांडी ने लिखा, संथाल परगना की आदिवासी मूलवासी पहचान को समाप्त करने और वोटबैंक सुरक्षित करने के उद्देश्य से जिस प्रकार राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया गया है, आम जनता को उसके भीषण दुष्परिणाम भुगतने होंगे। गृह मंत्रालय तालिबानी मानसिकता वाले ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

**क्या है उस वीडियो में..**मरांडी ने जो वीडियो शेयर किया वह दुमका के दुधानी चौक का बताया जा रहा है।





इस वीडियो में डीजे वाहन पर चढ़कर खड़ा युवक फिलिस्तीन का झंडा लहराता नजर आ रहा है। साथ ही डीजे से पब्लिक बोलती हमको मियां-मियां भाई...गाना बजता हुआ सुनाई दे रहा है। इसके अलावा वाहन के सामने खड़े युवक हाथों में हथियार लेकर गाने पर झूम रहे हैं। इस वीडियो को भारत सरकार के गृह मंत्रालय को टैग करते हुए मरांडी ने झंडा लहराने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की।

उधर गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस वीडियो को शेयर करते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। दुबे ने लिखा कि संथालपरगना में आदिवासी समाज को भगाकर घुसपैठियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि उप-राजधानी दुमका में मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया, जो हेमंत सोरेन जी की कर्मभूमि है। उन्होंने गृह मंत्रालय और एनआईए से घटना की जांच की मांग करते हुए लिखा कि देशद्रोही तालिबान समर्थकों को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए। वहीं इस मामले में विश्व हिंदू परिषद ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन फिलिस्तीनी झंडा लहराने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है तो दुमका बंद का आह्वान किया जाएगा।

इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद झारखंड पुलिस ने भी इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दुमका के उपमंडल पुलिस अधिकारी विजय कुमार महतो ने पीटीआई को बताया, ये वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे हैं। हम इन वीडियो की जांच कर रहे हैं। अगर ये वीडियो असली हैं तो हम कार्रवाई करेंगे।

**लोहरदगा में भी सोमवार रात लहराए थे झंडे :** इसके अलावा प्रदेश के लोहरदगा शहर में कचहरी पथ पर भी सोमवार की रात कुछ असामाजिक तत्वों ने फिलिस्तीन का झंडा लहराते हुए फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए थे। जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ। इस मामले को लेकर लोहरदगा के पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां ने कहा कि यह मामला पुलिस के संज्ञान में है। दो-तीन बच्चे वीडियो में नारेबाजी करते दिख रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच करवा रही है। उन्होंने कहा कि पहले भी पुराने कानून में विदेशी ध्वज फहराने और विदेश के पक्ष में नारा लगाना देशद्रोही के श्रेणी में आता था। नए कानून में इसे और स्पष्ट तरीके उल्लेखित किया गया है।

## सपने देख रही बीजेपी, घबरा गए हैं शिवराज-हिमंत, जेएमएम का भाजपा नेताओं पर निशाना





**राज्य ब्यूरो, रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा नेताओं के आरोपों पर पलटवार किया है। महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि ये फिर से राज्य में सत्ता में आने का सपना देख रहे हैं। सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अपार लोकप्रियता से भाजपा के सारे नेता घबरा गए हैं। इसी बौखलाहट में बाहर से आए शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा अनर्गल बयान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन्हें आदिवासियों की चिंता सता रही है तो मध्य प्रदेश और असम में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को रोकने की पहल क्यों नहीं करते हैं। मध्य प्रदेश में आदिवासियों पर लगातार हमले और अत्याचार हुए।

उन्हें जल, जंगल, जमीन से बेदखल किया जा रहा है। असम में स्थानीय आदिवासियों की स्थिति बहुत खराब है। वहां झारखंड से गए आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति तक का दर्जा नहीं है। उन्हें टी-ट्राइब कहा जाता है।

विनोद पांडेय ने यह भी कहा कि असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा अपने राज्य के बाढ़ पीड़ितों को छोड़कर यहां राजनीति कर रहे हैं। दोनों नेताओं को यह देखना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में ये आधे हो गए। राज्य की सभी आदिवासी आरक्षित सीटों पर भाजपा चुनाव हार गई। आगामी विधानसभा चुनाव में इनका पूरी तरह सफाया हो जाएगा। भाजपा को राज्य में अपने नेताओं पर भरोसा नहीं है।

झामुमो नेता ने कहा कि जनता की अदालत में जब ये हार गए तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फर्जी मामले में फंसाने की कोशिश की गई। ये घुसपैठ और डेमोग्राफी में बदलाव की बात किस मुंह से रहे हैं।

उन्होंने कहा, इन्हें बताना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद घुसपैठ कैसे हो रहा है यह इनका राजनीतिक शिगूफा है। भाजपा की नफरत फैलाने की राजनीति को देश और राज्य के लोग समझ गए हैं।


## बारात में मटन के लिए हंगामा, गुस्से में दुल्हन ने शादी से कर दिया इनकार

**चौपारण, एजेंसी।** एक बारात में मटन के लिए हंगामा खड़ा हो गया। बारातियों ने दुल्हन पक्ष के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों तरफ से जमकर हाथापाई हुई। इसी दौरान बारात से दूल्हा कहीं चला गया। अपनी शादी में हंगामा देख दुल्हन ने एक बड़ा कदम उठाया। उसने शादी से इनकार कर दिया। इस फैसले का सपोर्ट उसके मां-बाप ने भी किया। यह झारखंड के हजारीबाग जिले की घटना है।

जानकारी के मुताबिक, चौपारण प्रखंड गोविंदपुरटांड़ गांव में एक शादी समारोह में मटन खाने को लेकर बारातियों ने हंगामा किया। इस दौरान बाराती और दुल्हन पक्ष में जमकर मारपीट हुई। कुछ बाराती दूल्हे को साथ लेकर चले गए। हालांकि बाद में दूल्हा शादी के लिए तैयार हुआ, लेकिन दुल्हन ने इनकार कर दिया। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

गोविंदपुरटांड़ गांव में प्रहलाद गिरी की बेटी की शादी कोडरमा जिले के गवनपुर कांको निवासी रामकृत गिरी के बेटे से तय हुई थी। मंगलवार की रात्रि बारात





गोविंदपुरटांड़ पहुंची। जयमाला के बाद बाराती भोजन करने बैठ गए। भोजन के दौरान मटन देने में देरी हो गई। इसी को लेकर विवाद खड़ा हुआ। कन्या के माता-पिता भी अपनी बेटी के फैसले के साथ दिखे। अंततः बारात बिना दुल्हन के लौट गई। रांची के डोरंडा इलाके की रहने वाली एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर मंदिर ले जाकर शादी किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में राहुल सिंह नामक युवक के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।नाबालिग के परिजन ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनके भाई ने ई रिक्शा चलाने के लिए राहुल को दिया था। इस वजह से वह घर भी आया जाया करता था। पिछले दिनों, 14 जुलाई की सुबह पांच वह पानी पीने के बहाने घर घुसा। उनकी भतीजी को अगवा कर अपने साथ एक मंदिर ले गया। उसके मांग में सिंदूर भरकर उसे लेकर फरार हो गया।जानकारी मिलने के बाद परिजन थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। साथ ही नाबालिग की जल्द से जल्द पता लगाने का अनुरोध किया। वहीं केस दर्ज होने के बाद पुलिस नाबालिग लड़की की खोजबीन में जुट गई है।

## नायकडीह-खैरवानी के ग्रामीणों ने कचड़ा गिराने वाले वाहन को लौटाया

**गिरडीह, एजेंसी।** धनवार नगर पंचायत क्षेत्र से कचड़ा लेकर आ रहे वाहनों को जरीसिंगा पंचायत नायकडीह-खैरवानी के ग्रामीणों ने बुधवार सुबह नायकडीह के पास रोक दिया। सुपरवाइजर पवन कुमार के द्वारा ग्रामीणों से कचड़ा वाहन जाने देने का आग्रह किया गया लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे। तत्पश्चात चालक को कचड़ा सहित वाहन को पुनः नगर पंचायत लेकर लौटना पड़ा। बतला दें कि नायकडीह-खैरवानी के बीच कचड़ा गिराने से ग्रामीणों में रोष है।



इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगभग चार वर्ष से कचड़ा गिराया जा रहा है। जिससे यहां के दर्जनों ग्रामीणों-किसानों के मवेशियों की मौत हो चुकी है। दिनभर कुत्ता का झुंड वहां मंडराता रहता है जिससे राहगीरों को भी परेशानी होती है। कचड़ा वाहन रोकने की अगुवाई कर रहे बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष राजेश यादव व सुभाष यादव ने कहा कि आज के बाद यहां कचड़ा नहीं गिराने देंगे। इसके लिए हमलोगों को जेल भी जाना पड़ेगा तो मंजूर है।

सुभाष ने बताया कि हमलोगों ने इसका कई बार विरोध किया बावजूद नगर पंचायत का कचड़ा लगातार यहां गिराया जा रहा है। जिससे आमजनों के साथ खासकर यहां के गरीब किसानों को काफी नुकसान हुआ है। पिछली बार जब हमलोग कचड़ा वाहन को रोके थे तो उस वक्त के एसडीएम धीरेंद्र सिंह के साथ छठ पूजा तक कचड़ा गिराने की बात पर सहमती बनी थी लेकिन छठ पूजा गुजर जाने के इतने दिनों के बाद भी नगर पंचायत कचड़ा फेंकने से बाज नहीं आ रहा है।

राजेश ने बताया कि चार साल में हमलोगों ने कचड़ा फेंकने से मना करने के लिए चार पाच बार आन्दोलन किया तथा लगातार पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि दूसरी जगह जमीन चिन्हित हो चुकी है। एक दो माह बाद यहां कचड़ा नहीं फेंका जायेगा लेकिन लगातार कचड़ा फेंका जा रहा है। हमलोग अब यहां किसी भी हाल में कचड़ा नहीं फेंकने देंगे। बताया कि चारा की खोज में गए तुलसी महतो का बैल कचड़े वाली जगह में आग से झुलस गया था। नुनमन यादव का बैल मर गया।

## स्वशासन व्यवस्था माझी परगना महाल पहले से और ज्यादा होगा मजबूत, नये कार्यकारी सदस्यों को संचालन की दी गयी जिम्मेदारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** घाटशिला के माझी परगना महाल बाखुल पावड़ा में बुधवार को माझी परगना महाल पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का कार्यकारी सदस्यों का विस्तार देश परगना बाबा बैजू मुर्मू के अध्यक्षता में किया गया.

बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गाचरण मुर्मू को धाड़ दिशोम देश पारानिक, श्याम सुंदर मुर्मू को देश गोडेत, बिरेन टुडू को देश जायरेत और संजय मुर्मू को देश जोगो जायरेत बनाया गया. जून में हुई 14वां महासम्मेलन में पारित प्रस्तावों को गांव-गांव तक पहुंचाने व अमल में लाने के लिए पांच जोगो पारानिक में दीपक मुर्मू, डॉ. ज्योतिंद्र नाथ बेसरा, श्याम चरण टुडू, बिंदे सोरेन, मार्शल मुर्मू को जिम्मेदारी दी गयी है. वहीं 10 जोगो गोडेत में जगदीश बास्के, कुशाल हांसदा, ठाकुर सोरेन, बंगाल मार्डी, रामचंद्र सोरेन, बाजून मुर्मू, सुशांत हेंब्रम, दिकू बेसरा, पिताम मार्डी, निबाई बास्के के अलावा धाड़ दिशोम के प्रत्येक तोरोप से सात-सात सक्रिय सदस्यों को नामित किया गया. महाल को दिशा-निर्देश देने के लिए सलाहकार समूह में बास्ता सोरेन, माझी युवराज टुडू, लेदेम किस्कू, डॉ जुझार टुडू, मधु सोरेन, पंचानन सोरेन, कुंवर मार्डी, शंकर मार्डी,



अर्जुन सोरेन व सुरेंद्र टुडू को जिम्मेदारी दी गयी है. बैठक में तोरोप परगना हरिपोदो मुर्मू, सुशील कुमार हांसदा, दसमत हांसदा, पूनता मुर्मू, लखन मार्डी, सिरजन मार्डी, शत्रुघन मुर्मू, दसमत मुर्मू, बुद्धेश्वर किस्कू, बिपिन मुर्मू, सुखराम किस्कू, लेदेम मुर्मू, बिरसिंह बास्के, विश्वनाथ मार्डी समेत काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे.

देश परगना बैजू मुर्मू ने कहा कि माझी परगना महाल हजारों सालों से पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को संचालित करते आ रहा है. वर्तमान समय में भी स्वशासन व्यवस्था के तहत माझी बाबा, परगना, तोरोफ परगना, पीड़ परगना आदि समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं. माझी परगना व्यवस्था का अलिखित संविधान हजारों वर्षों पूर्व ही पूर्वजों द्वारा स्थापित किया गया है. जो आज भी संताल समाज के व्यवहार, गीत- संगीत, कहानी व सामाजिक पूजन विधि में जिंदा है. हम सबों को अपने स्वशासन व्यवस्था पर गर्व महसूस करना चाहिए. उन्होंने कहा कि समाज को कुशल नेतृत्व करना आज के समय में किसी चुनौती से कम नहीं है. इसलिए समाज को वर्तमान समय के हिसाब से हर तरह से मजबूत बनाये रखने के लिए बुद्धिजीवियों को उनके कार्यानुभव के अनुसार जिम्मेदारी दी जा रही है. स्वशासन व्यवस्था को संचालन में जिनको भी जिम्मेदारी दी गयी है वे अपनी जवाबदेही को भलीभांति समझे और समाज हित में कार्य करें.

आदिवासी स्वशासन व्यवस्था माझी परगना महाल अपने समाज को पहले से अधिक मजबूत और संगठित बनाना चाहती है. इसका मुख्य उद्देश्य पूर्वजों द्वारा बनाए गए नीति नियमों को जीवित रखना और नए नीति नियमों की जानकारी समाज के लोगों को देना है. इस दिशा में कुशल स्वशासन व्यवस्था के अगुवाओं का चयन किया गया है. ये समाज अगुआ समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. उनके नेतृत्व में समाज दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की करेगा. ये अगुआ समाज के सभी वर्गों को एकजुट करेंगे और उन्हें नयी राह दिखाएंगे. इस प्रक्रिया से आदिवासी समाज अपनी परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित रखते हुए आधुनिकता की ओर बढ़ेगा. नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के ज्ञान और अनुभव से अवगत कराने के साथ-साथ उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा. इस प्रकार, आदिवासी स्वशासन व्यवस्था समाज को समृद्धि और प्रगति की ओर ले जाएगी.

## घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर जमीन लूट रहः शिवराज सिंह चौहान

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को दावा किया कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार सत्ता में वापस आती है तो झारखंड के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। हटिया में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव झारखंड और इसकी परंपराओं को बचाने के लिए है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि सिर्फ भाजपा ही झारखंड को बचा सकती है और इसे समृद्ध बना सकती है ताकि लोगों को रोजी-रोटी के लिए अन्य राज्यों में पलायन न करना पड़े।

शिवराज ने कहा, हम वोटों के लालच में झारखंड की अस्मिता के साथ खिलवाड़ नहीं होने दे सकते। अगर झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन फिर से सत्ता में आता है तो राज्य के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है। चौहान ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी करके आदिवासियों की जमीन लूट रहे हैं।

हेमंत सोरेन सरकार पर हमला करते हुए चौहान ने आरोप लगाया कि सरकार ने राज्य के लोगों को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने युवाओं को नौकरी और बेरोजगार युवकों को भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन, इसने न तो किसी को नौकरी दी और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया। इसने युवाओं को धोखा दिया है। चौहान ने कहा, इसी तरह, महिलाओं को खाना पकाने की लागत के रूप में 2,000 रुपए प्रति माह और बिना किसी गारंटी के 50,000 रुपए तक का ऋण देने का वादा किया गया था।

लेकिन, राज्य की किसी भी महिला को इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय झामुमो नीत सरकार खनिज और रेत की लूट में लिप्त रही। चौहान ने दावा किया, लूट इतनी बड़ी थी कि कई पहाड़ियां गायब हो गईं। झारखंड चुनाव के प्रभारी चौहान ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी चिंता जताई।

## रांची में 10वीं पास के लिए नौकरी पाने का खास मौका, चौकीदार के लिए 357 पदों पर वैकेंसी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची से निकट सरायकेला खरसावां में डिप्टी कमिश्नर ऑफिस में चौकीदार के लिए 357 पदों पर वैकेंसी निकाली गई है. ऐसे में जानें कैसे कर सकते हैं आप इसके लिए आवेदन, क्या होनी चाहिए इस भर्ती के लिए योग्यता और क्या है इस भर्ती की पूरी प्रक्रिया. झारखंड के इस चौकीदार भर्ती में अनारक्षित वर्ग के लोगों के लिए 142 पद हैं, अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए 146 पद हैं, अनुसूचित जाति के लिए 3 पद हैं, अत्यंत पिछड़े वर्ग के लिए 1 पद है, पिछड़े वर्ग के लिए 15 पद हैं, और ईडब्ल्यूएस के तहत आने वाले लोगों के लिए 50 पद है.

इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं पास होना अनिवार्य है, साथ ही उम्मीदवारों को झारखंड का स्थायी निवासी होना चाहिए, और उन्हें साइकिल चलाना आना चाहिए, साथ ही बात करें अगर उम्र सीमा की तो इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों की उम्र 18 से 35 साल के बीच होनी चाहिए, हालांकि रिजर्व वर्ग के लोगों के लिए ऊपरी आयु सीमा में विशेष तौर से छूट है.

इस भर्ती के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को एप्लीकेशन फॉर्म और उसके साथ सारे जरूरी दस्तावेज की कॉपी को 25 जुलाई तक जिला के सामान्य शाखा, उपयुक्त कार्यालय, सरायकेला में जमा करवाने होंगे. या आप आवेदन को स्पीड पोस्ट के जरिए उपायुक्त कार्यालय, सरायकेला, खरसावां, 833219 के पते पर भी भेज सकते हैं. बता दें कि आवेदन करने के लिए एसएससी और एसटी वर्ग के लोगों को 100 रुपए की आवेदन राशि देनी होगी वहीं सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए आवेदन फीस 200 रुपए होगी.इस परीक्षा में चयनित होने के लिए अभ्यर्थियों को रिटन परीक्षा देनी होगी. परीक्षा का सिलेबस सामान्य ज्ञान और स्थानीय भाषा पर आधारित रहेगा, और इन दोनों ही विषयों से 50 एमसीक्यू सवाल पूछे जाएंगे.

## बोकारो में ताबड़तोड़ फायरिंग, अपराधियों ने एक को उतारा मौत के घाट, पुलिस जांच में जुटी

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है. गुरुवार सुबह जिले के सेक्टर 9 स्थित हटिया मोड़ में फायरिंग हुई. जिसमें एक व्यक्ति को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया. अपराधियों ने 5-7 राउंड ताबड़तोड़ गोली चलाई. मृतक की पहचान शंकर रवानी के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है.

मृतक शंकर रवानी अपराधी किस्म का व्यक्ति था और वह सजा कई मामलों में याफ्ता भी रह चुका है. कई महीनो पूर्व हटिया मोड़ से नया मोड़ जाने के क्रम में उस पर गोलीबारी भी हुई थी. इस दौरान



गोली उसके कमर पर लगी थी. जिसमें वह बाल बाल बच गया था. लेकिन गुरुवार सुबह हुई घटना के बाद से लोग जिला की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं.

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी रामदेव उरांव ने बताया कि शंकर रवानी अपने स्कॉर्पियो की वॉशिंग कर रहा था. इस दौरान चंद्रपुरा की तरफ से एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आई और उसमें से दो लोग नीचे उतरकर ताबतोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी. गोली लगने के बाद वह जमीन पर गिर पड़ा. इसके बाद तुरंत दो सवार अपराधी मौके पर पहुंचे और उसके कनपटी में गोली मारकर फरार हो गये.

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उसे बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. फिलहाल सिटी डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है. वारदात की असल वजह क्या है इसकी तो स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है लेकिन बताया जाता है कि मृतक का बोकारो स्टील प्लांट के छाई ट्रांसपोर्टिंग समेत अन्य कार्यो को लेकर विवाद होता रहा है. इस घटना को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है. हालांकि पुलिस का इस मामले पर कहना है कि जांच के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा.घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया.

इसके बाद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सड़क जाम होने वाहनों की लंबी कतार लग गयी. राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

इधर इस पूरे मामले पर विस्थापित नेता रघुनाथ महतो का कहना है कि पिछले वर्ष हुई घटना के बाद पुलिस को कई लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी गई थी. लेकिन पुलिस ने इस पर कोई काम नहीं किया. यही कारण है कि आज शंकर रवानी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस सिर्फ अवैध वसूली और अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है. इस वजह से अपराधियों का मनोबल

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# अखिलेश यादव का बड़ा ऑफर... सौ विधायक लाओ, सरकार बनाओ!

## केशव मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा बयान

**लखनऊ , एजेंसी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा में राजनीतिक चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि मानसून ऑफर है-100 लाओ और सरकार बनाओ।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, अगर भाजपा में कोई भी नेता 100 विधायकों का समर्थन जुटा लेता है तो सपा मुख्यमंत्री पद के लिए उसे समर्थन दे सकती है। इसे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा है।

इसके साथ ही तरह-तरह की राजनीतिक चर्चाओं के बीच दिल्ली से केशव के लखनऊ लौटने पर अखिलेश ने कटाक्ष भी किया है- लौट के बुद्धू घर को आए।



यहां बता दें कि केशव प्रसाद मौर्य ने भी बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर एक्स के जरिये हमला बोलते हुए उन्हें सपा बहादुर की संज्ञा देते हुए कहा था कि यूपी और केंद्र दोनों ही जगह मजबूत सरकार है। 2017 की तरह 2027 में भी हम यूपी में सरकार बनाएंगे। उन्होंने सपा के पीडीए को धोखा करार दिया था।

### मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान को अखिलेश ने बताया सामाजिक अपराध, बोले- कोर्ट संज्ञान ले और कार्रवाई करे

लखनऊ , एजेंसी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जारी किए गए आदेश को सामाजिक अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट को ऐसे मामलों का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए और जांच करवाकर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर जारी किए गए फरमान में कहा है कि सभी दुकानदार दुकान के बाहर अपना नाम जरूर लिखें। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसे आदेश सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि ज और जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा?

**माननीय न्यायालय स्वत:** संज्ञान ले और ऐसे प्रशासन के पीछे के शासन तक की मंशा की जांच करवाकर, उचित दंडात्मक कार्रवाई करे। ऐसे आदेश सामाजिक अपराध हैं, जो सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं। प्रदेश में कांवड़ा यात्रा शुरू होने वाली है। इसे लेकर प्रशासन ने खास तैयारियां की हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## छात्र ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या, खून से लथपथ पड़ा मिला शव

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के मदेयगंज में बृहस्पतिवार तड़के एक छात्र ने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी करने की वजह नहीं पता चला सकी। सुसाइड नोट भी नहीं मिला।

खदरा के शिवनगर निवासी दिलीप पांडेय सिक्योरिटी गार्ड हैं। रात में पूरा परिवार सो रहा था। उनका 19 वर्षीय बेटा शिवा पांडेय कमरे में अकेले सो रहा था। तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसने रिवाल्वर से माथे पर गोली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो वह बेड पर खून से लथपथ पड़ा मिला।

एडीसीपी सेंट्रल मनीषा सिंह ने बताया कि आत्महत्या करने के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है। परिजन भी कुछ जानकारी नहीं दे सके। मोबाइल कब्जे में लिया गया है। अगर परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी जिस रिवाल्वर से गोली मारी गई है उसको कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## हद है: प्रोबेशन कार्यालय के पास शादियों में मिलने वाले उपहारों की सूची ही नहीं

**वाराणसी।** जुलाई महीने में 7 से 12 जुलाई तक कुल छह दिन लगन थी। शहर में छह दिनों में हजारों की संख्या में विवाह भी हुए हैं। लेकिन अभी तक किसी ने भी जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में शादी में मिले उपहारों की सूची जमा नही कराई है जबकि हाल ही में दहेज प्रतिषेध नियमावली 1999 के तहत इसे अनिवार्य कर दिया गया था।

सूची ने मिलने से जिला प्रोबेशन अधिकारी भी इसे लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि इस नियम के अधिक प्रचार प्रसार की जरूरत है। गेस्ट हाउस, बरात घर से संपर्क किया जा रहा है, उनके माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**अनिवार्य हो गया है उपहारों की सूची देना:** वर्ष 1999 में वैसे तो यह नियम बन गया था लेकिन इसका पालन अब कराने पर जोर दिया जा रहा है। हाल ही में कोर्ट ने भी कहा है कि अगर भविष्य में दहेज को लेकर मुकदमा दर्ज कराया जाता है तो उसे विवाह में वर वधू पक्ष से दिए गए उपहारों की सूची दिखानी होगी। इसी के चलते विवाह के बाद सूची को जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया गया है। देखा जाए तो सीजन में ज्यादातर शादियां मैरिज हॉल, बैंक्वेट हॉल, गेस्ट हाउस से होती हैं। जिसके चलते वहां भी दीवारों पर सूचना अंकित करनी है। लेकिन अभी तक यह सूचना अंकित नहीं हो पाई है। जिसके चलते लोगों को इस नियम के बारे में जानकारी ही नहीं है।

## पुलिस का खेल: चोरों का नहीं सुराग..चोरी के 666 मुकदमों में से 580 में लगी एफआर

**अलीगढ़ , एजेंसी।** पुलिस चोरी जैसे अपराध में अपराधियों को हर कीमत पर पकड़ने और माल बरामद करने का दावा करती है। मगर, विवेचकों के स्तर विवेचनाओं का बोझ कम करने की दशा में कदम उठाकर एक ही अपराध में पकड़े गए अपराधियों पर अन्य मुकदमे खोल दिए जाते हैं। यह दिखा दिया जाता है कि चोरी का माल बरामद नहीं हुआ। प्रयास जारी हैं। इसी का परिणाम है कि बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष चोरी के मुकदमों में एफआर लगती है। इसी वर्ष पिछले छह माह में दर्ज चोरी के 666 मुकदमों में से 580 में पुलिस ने एफआर लगाई है। चोरी से जुड़े मुकदमों को लेकर साफ है कि बाइक चोरी के अधिकतर मामलों में बाइक बरामद न होने पर पीड़ित बीमा क्लेम लेता है। उसके मुकदमे को एफआर करने पर ही क्लेम लिया जाता है। इसके चलते उनसे जुड़े मुकदमों में एफआर अधिकांश लगती है। इसी तरह चोरी के अन्य मुकदमों में पुलिस स्तर से माल बरामद न होने की दशा में लंबे प्रयास के बाद एफआर लगाई जाती है। दूसरा यह भी होता है कि किसी एक घटना के संबंध में चोरी के आरोपी पकड़े गए तो फिर आसपास की कई घटनाएं उन्हीं पर खोल दी जाती हैं। हालांकि, उन घटनाओं से संबंधित माल बरामद नहीं होता।

# औचक निरीक्षण के लिए बछरावां सीएचसी पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, गंदगी देखकर भड़के



**बछरावां (रायबरेली), एजेंसी।** रायबरेली जिले में गुरुवार सुबह 7: 30 बजे अचानक डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक औचक निरीक्षण के लिए बछरावां सीएचसी पहुंच गए। स्वास्थ्य मंत्री ने पर्चा काउंटर पर जाकर एक महिला का पर्चा अपने पास से एक रुपये देकर बनवाया। फिर स्वास्थ्य मंत्री सीएचसी कार्यालय पहुंचे जहां उपस्थिति रजिस्टर की जांच की जिसमें 41 कर्मचारियों के स्टाफ में 11 अनुपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री सीएचसी में फैली गंदगी को लेकर भड़क गए। साफ सफाई के निर्देश दिए। सीएचसी में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की। डिप्टी सीएम जैसे ही जन औषधि केंद्र की ओर बढ़े तो देखा कि उसमें ताला लटक रहा। जिस पर अधीक्षक को निर्देश देते हुए तत्काल जन औषधि केंद्र के संचालक को बुलाने के निर्देश दिए। संचालक के पहुंचने के बाद ताला खुलवाकर हिदायत दी गई कि आगे से समय से जन औषधि केंद्र का संचालन कराया जाए। इसके बाद वह फतेहपुर के लिए रवाना हो गए।

# विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ेंगी सपा-कांग्रेस, इसके बदले सपा को हरियाणा-महाराष्ट्र में मिलेगी हिस्सेदारी



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव साथ में मिलकर लड़ा था। यह गठबंधन प्रदेश में होने वाले उपचुनावों में भी दिख सकता है। यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में कांटे की टक्कर रहेगी। सत्ताधारी भाजपा की ओर से जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमान संभाल ली है, वहीं सरपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी यह चुनाव कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ने के संकेत दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि इसके एवज में कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा के चुनाव में सपा को सीटें देगी।

यूपी में लोकसभा की 37 सीटें जीतकर सपा देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है, पर अभी भी चुनाव आयोग में उसका दर्जा राज्य दल का ही है। आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए उसे अन्य राज्यों में विस्तार करना होगा। यही वजह है कि सपा और कांग्रेस नेतृत्व के बीच महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव में सपा को सीटें देने पर सहमति बन गई है। यूपी समेत अन्य राज्यों के चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच ही होगी।

यूपी में विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं। ये सीटें हैं-सीसामऊ, करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवा और मीरापुर। इनमें से पांच सीटें करहल, सीसामऊ, मिल्कीपुर, कटेहरी और कुंदरकी अभी सपा के पास थीं। जबकि, खैर, गाजियाबाद व फूलपुर भाजपा, मझवा निषाद पार्टी और मीरापुर रालोद ने जीती थीं। अखिलेश यादव से जब यह पूछा गया कि उप चुनाव में कांग्रेस को कितनी सीटें देंगे, उनका जवाब था कि इन सीटों से सरकार तो बनने नहीं जा रही हैं। फिर, हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मीडिया जितनी सीटें कहेगा, कांग्रेस को दे दी जाएंगी। इससे माना जा रहा है कि सपा विधानसभा उपचुनाव इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सपा सूत्रों का कहना है कि एक-दो सीटें कांग्रेस को दी जा सकती हैं।

# खिदमत: मदीने में सात हजार मरीजों का किया इलाज, डायबिटीज के केस सबसे ज्यादा

## इस डॉक्टर को मिला जियारत का मौका





**वाराणसी, एजेंसी।** करीब ढाई महीने तक दुनिया की सबसे पाक सरजमीं पर लोगों की खिदमत करने का मौका बनारस के चिकित्सक डॉ. शेर मोहम्मद को मिला। बीते ढाई महीनों में उन्होंने सात हजार हाजियों को डॉक्टरी सलाह देकर उनकी खिदमत की। इनमें सबसे ज्यादा केस डायबिटीज के सामने आए।


डॉ. शेर मोहम्मद के मुताबिक दूसरे मुल्क की आबोहवा के चलते कई जायरीन को वायरल फीवर भी हुआ। हृदय रोग की समस्या भी देखने को मिली। कई बच्चे निमोनियाग्रस्त भी मिले।

बड़ागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. शेर मोहम्मद का कहना है कि हर मुसलमान हज की ख्वाहिश रखता है। लेकिन, मेरा हज ऐसे पूरा होगा, इसका अंदाजा नहीं था। मुझे न सिर्फ काबा का तवाफ करने का मौका मिला, बल्कि हाजियों की खिदमत करने का भी मौका मिला। ये मेरे लिए दोहरा सवाब कमाने का जरिया बना। ये हजयात्रा को मैं कभी नहीं भूल सकता। काबा में मरीजों की सेवा करने के लिए हज कमेटी की मांग पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी भेजी गई थी। यूपी से भी इसमें 17 डॉक्टर और 10 पैरामेडिकल स्टाफ का चयन किया गया। डॉ. शेर मोहम्मद के अनुसार वह पहले ऐसे डॉक्टर हैं, जिन्हें हाजियों की सेवा का मौका मिला।

**डेढ़ माह मक्का, 15 दिन मदीने में इलाज:** प्रतिनियुक्ति पर हजयात्रियों की सेवा के लिए नियुक्त डॉ. शेर मोहम्मद के अनुसार मक्का में 15 अलग-अलग डिस्पेंसरी भी बनाई गई थी। इसके अलावा छोटे-बड़े अस्पताल भी कनेक्ट में रहे। ढाई महीने में डेढ़ माह तक मक्का के अजीजिया में और 15 दिन में मदीना में बने 20-30 बेड वाले अस्पताल की ओपीडी में मरीजों का इलाज किया गया।

# इस बार सावन में भक्तों को नहीं मिलेगी लॉकर की सुविधा , डीसीपी सुरक्षा ने जारी किया निर्देश

**वाराणसी , एजेंसी।** सावन महीने की सुरक्षा को लेकर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पिनाक भवन में डीसीपी सुरक्षा सूर्यकांत त्रिपाठी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें तय हुआ कि प्रत्येक सोमवार के दिन सभी प्रकार के दैनिक पास निरस्त रहेंगे और स्पर्श दर्शन पर भी पूरी तरह से रोक रहेगी। सावन में हर सोमवार को कॉरिडोर परिसर में लॉकर की सुविधा किसी भी श्रद्धालु को नहीं मिलेगी।



संबंधित अधिकारियों को डीसीपी सुरक्षा ने निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार के दिन श्रद्धालुओं को बैग, मोबाइल फोन, मोबाइल एसेसरीज अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण सामग्रियों पर प्रतिबंध रहेगा। प्रत्येक सोमवार के दिन पूजा सामग्री जैसे माला, फूल, प्रसाद, गंगाजल व दूध के अलावा कोई अन्य सामग्री पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन-पूजन कराए जाने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग और जिग-जैग की व्यवस्था हो। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेय जल व छाया की व्यवस्था की जाए। प्रवेश व निकास मार्गों पर पर्याप्त साइनेज बोर्ड की व्यवस्था। रविवार की रात 12 बजे से अगले आदेश तक मैदागिन से गोदौलिया चौराहे तक नो व्हीकल जोन बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए परिसर में आपात चिकित्सा, खोया-पाया केन्द्र, पुलिस सहायता केन्द्र व पर्याप्त संख्या में लाऊडहेलर व लाऊडस्पीकर की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक सोमवार के दिन गणमान्य व्यक्तियों के लिए निश्चित समयावधि में प्रोटोकाल दर्शन-पूजन की व्यवस्था रहेगी।

# विधायक फतेहबहादुर सिंह को जान का खतरा- सुरक्षा और सुनवाई नहीं होने से निराश

**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंपियरगंज के सात बार के विधायक और राज्य सरकार के मंत्री रह चुके भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने साजिश कर उनके हत्या की योजना तैयार की है। इसे लेकर राज्य सरकार के अधिकारियों से लेकर सीएम को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है। लेकिन, इसके बाद भी अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लगातार विधायक होते आ रहा हूं और यही बात विपक्षियों को अखर रही है। कहा, अगर जिंदा रहूंगा तभी तो राजनीति करूंगा। मेरे पिता ने 52 वर्ष में दुनिया छोड दी थी और 54 वर्ष में छोड़ दूंगा। आरोपा लगाया कि विपक्षियों ने उनकी हत्या के लिए एक करोड़ रुपये इकट्ठा भी करवा लिया है। इसपर राज्य सरकार और सीएम योगी आदित्यनाथ को कड़ी कार्रवाई करवानी चाहिए। आरोप लगाया, पत्र लिखकर खुद से सूचना देने के बाद भी आज तक राज्य सरकार के किसी अधिकारियों ने उनसे संपर्क नहीं किया है।



# रामनगर बंदरगाह तक बिछेगी 10 किमी लंबी रेल लाइन

## जल परिवहन व (डीएफसी) ने बनाया था ब्लू प्रिंट

**वाराणसी , एजेंसी।** हाइड्रोजन जलयान के सहारे जल परिवहन को धार देने में जुटा आईडब्ल्यूएआई का जुड़ाव जल्द ही डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) से होगा। जिवनाथपुर रेलवे स्टेशन से रामनगर बंदरगाह तक लगभग 10 किमी की रेलवे लाइन बिछेगी।

फ्रेट विलेज विकसित होने और हाइड्रोजन प्लांट स्थापित होने के बाद से यह सब कार्य पूरा होगा। पिछले दिनों जल परिवहन और डीएफसी अधिकारियों संग हुई बैठक में इसका खाका खींचा गया है।

सागरमाला के एमडी दिलीप गुप्ता ने भी माल परिवहन को बढ़ावा देने और जलपोत की आवाजाही के लिए गंगा में पर्याप्त पानी होने आदि कई बिंदुओं पर जलमार्ग अधिकारियों संग मंथन किया है। रामनगर के राल्हुपुर में 200 करोड़ की लागत से 2018 में मल्टीमॉडल टर्मिनल बनाया गया है। हल्दिया-वाराणसी जलमार्ग-1 को बांग्लादेश तक जोड़ने की तैयारी भी है। इस बीच बंदरगाह पर कंटेनर से खाद्यान्न समेत अन्य माल का आयात-निर्यात भी कोलकाता और वाराणसी के बीच हुआ है। जल परिवहन को धार देने के लिए लगातार कई प्रयास भी किए जा रहे हैं।




### औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा लाभ

रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज-एक और दो है। बबुरी के चंदाइत में भी पीपीपी मॉडल पर औद्योगिक पार्क बसाया जा रहा है। रामनगर एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। ऐसे में रामनगर बंदरगाह, डीएफसी लाइन का जुड़ाव होने से इन औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों के कंटेनर समेत अन्य माल की आवाजाही आसान हो सकेगी। उद्योग इकाइयों को समय से कच्चा माल मिलने से उन्हें भी राहत होगी।

### गंगा का जलस्तर बना हुआ है चिंता का सबब

2018 में बने रामनगर बंदरगाह से माल की आवाजाही उतना नहीं हो सकी है, जितना अपेक्षा की गई थी। जलमार्ग-1 के बीच जगह-जगह कम पानी और ड्रेजिंग न होने से जलपोत फंस जाते हैं। हाइड्रोजन जलयान को ही कोलकाता से काशी पहुंचने में 20 दिन से अधिक लगे। गाजीपुर में गंगा का जलस्तर कम होने से अक्सर जलपोत वहां फंसता है। जल परिवहन अधिकारियों का दावा है कि अगले तीन से चार माह के अंदर जलमार्ग-1 की ड्रेजिंग शुरू कराई जाएगी।

# मायके जाने के लिए पत्नी ने कहा, नाराज पति ने चाकू से गोदकर कर दी हत्या

**गोरखपुर , एजेंसी।** कैंपियरगंज इलाके के शिवपुर गांव के विशुनपुरवा टोले में मंगलवार देर रात करीब तीन बजे राहुल भारती ने पत्नी मनीषा (26) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वह मनीषा के मायके जाने के लिए कहने से नाराज था। घटना के बाद परिवार के सभी सदस्य फरार हो गए। मनीषा के पिता संजय मद्धेशिया की तहरीर पर पुलिस ने राहुल भारती पर हत्या का केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार को मनीषा अपने मायके दिल्ली स्थित नरेला जाने वाली था। मनीषा के पिता संजय मद्धेशिया बेटी को विदा कराने उसके ससुराल आए थे। जानकारी के मुताबिक, देवरिया के मालवीयनगर निवासी संजय मद्धेशिया परिवार के साथ नरेला, दिल्ली में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार देर रात करीब तीन बजे दामाद राहुल ने बेटी मनीषा के नाक, कान, गले और पेट पर चाकू से वार किया। वह दूसरे कमरे में सोए थे। बेटी के कमरे से चिल्लाने की आवाज आने लगी। कमरे को किसी तरह से खोलकर अंदर गया तो बेटी मनीषा खून से लथपथ थी। दामाद कमरे से निकलकर भाग गया। मनीषा को एंबुलेंस से कैंपियरगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनीषा के दो बच्चे तीन वर्ष का रोहन और दो वर्ष की बेटी लाडो है। एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी राहुल भारती के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



# संपन्न परिवार से आती हैं मिर्जापुर की 'रधिया' प्रशंसा शर्मा

मिर्जापुर सीरीज में रधिया का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्रशंसा शर्मा रियल लाइफ में काफी अलग है। प्रशंसा ने कहा कि लोगों को मेरा किरदार इतना रियल लगा है कि उन्हें लगता है कि मैं रियलिटी में भी रधिया जैसी ही हूं। प्रशंसा ने कहा कि वो एक संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार से आती हैं। बचपन से एक्टिंग में रुझान रहा है। मिर्जापुर के अलावा उन्होंने फिल्म बिच्छू का खेल में भी अहम भूमिका निभाई थी। प्रशंसा ने रधिया के किरदार और अपनी निजी जीवन के बारे में खुलकर बात की है।

## लोगों को ताज्जुब होता है मैं इंग्लिश बोल लेती हूं

आपका किरदार इतना रियल लगा है कि लोगों को लगता है कि आप सच में रधिया जैसी ही हो? जवाब में उन्होंने कहा, 'लोग ये जानकर ताज्जुब खाते हैं कि मैं इंग्लिश बोल लेती हूं। लोगों को जब पता चलता है कि मैंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से फिलॉसफी की पढ़ाई की है तो वे और चौंक जाते हैं। खैर मेरे लिए यह एक जीत की तरह है कि मैंने किरदार ही ऐसा निभाया है कि लोगों को यह रियल लगने लगा है।'

## बचपन से एक्टिंग में रहा रुझान, थिएटर भी कर चुकी हैं

प्रशंसा मूल रूप से झारखंड के झुमरीतिलैया की रहने वाली हैं। उन्होंने देहरादून के बोर्डिंग स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद हिंदू कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। प्रशंसा का बचपन से एक्टिंग में रुझान था। वो स्कूल के दिनों से ही थिएटर करती रहती थीं। दिल्ली में जाकर भी उन्होंने थिएटर करना जारी रखा। इसके बाद वे मुंबई आ गईं। प्रशंसा ने फिल्म बिच्छू का खेल में पूनम का किरदार निभाया था, जिसमें भी उन्होंने काफी प्रभावित किया था।

## मुंबई आने पर सबसे बड़ा चैलेंज कॉन्टैक्ट बनाना था

मुंबई आने पर सबसे ज्यादा स्ट्रगल क्या रहा, क्या रिजेक्शंस भी फेस करने पड़े? कहा, 'मुंबई आने के बाद सबसे बड़ा चैलेंज तो यही था कि मैं किसी को जानती नहीं थी। कुछ पता ही नहीं था कि जाना कहां है, मिलना किससे है? प्रोसेस के बारे में दूर-दूर तक कुछ जानकारी नहीं थी। जहां तक रिजेक्शंस की बात है तो जरूर, एक एक्टर को रिजेक्शंस तो फेस करने ही पड़ते हैं। इसमें कोई बुराई भी नहीं है।



# प्रकाश झा की राजनीति के बाद मुझे बोल्ड रोल मिलने लगे थे


अपनी प्यारी सी मुस्कान और साफ-सुथरी इमेज के लिए जानी जाने वाली ऐक्ट्रेस श्रुति सेठ इन दिनों अपनी क्राइम थ्रिलर सीरीज 36 डेज को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, इससे पहले श्रुति प्रकाश झा की फिल्म राजनीति में अपने बोल्ड रोल से भी सबको चौंका चुकी हैं। हाल ही में श्रुति ने हमसे उस रोल के चलते हुई टाइपकास्टिंग से लेकर शरारत के सीक्वल तक पर खुलकर बातचीत की।छोटे पर्दे पर शरारत, बालवीर और कॉमेडी सर्कस जैसे फैमिली शोज का हिस्सा रहीं स्वीट-सिंपल और साफ-सुथरी इमेज वाली ऐक्ट्रेस श्रुति सेठ ने साल 2010 में आई प्रकाश झा की फिल्म राजनीति में अपने बोल्ड अवतार से सबको चौंका दिया था। हालांकि, वह श्रुति के लिए वह रोल न केवल बेहद मुश्किल था, बल्कि उसके चलते उन्हें बोल्ड रोल में ही टाइकास्ट कर दिया गया।

## उस सीन को लेकर मैं और अर्जुन दोनों नर्वस थे

श्रुति ने कहा, राजनीति के बाद मैं वैसी ही भूमिकाओं में टाइपकास्ट हो गई। मुझे बहुत सारे वैसे ही रोल ऑफर होने लगे कि मैम इसमें बहुत बोल्ड सीन हैं। जबकि, राजनीति करने की मेरी अलग कई वजहें थीं। एक तो मैं प्रकाश झा की फिल्मों की फैन रही हूं तो उनके साथ काम करना मेरी खुशनसीबी थी। फिर, एक ऐसी सत्ता की लालची पॉलिटिकल वर्कर जो टिकट के लिए कुछ भी करने को तैयार है, वह रोल भी मेरे लिए बहुत चैलेंजिंग था। मुझे याद है, मैंने अर्जुन रामपाल के साथ वो जो (अंतरंग) सीन किया था, उसे करने से पहले इतनी नर्वस थी कि पूरी रात सो नहीं पाई थी कि वो कैसा दिखेगा, सही से शूट होगा या नहीं, पर बाद में मुझे पता चला कि मुझसे ज्यादा नर्वस अर्जुन थे। वे कई रातों तक नहीं सो पाए थे। हम दोनों के लिए वह सीन बहुत मुश्किल था लेकिन प्रकाश झा ने उसे ऐसे शूट किया कि वह जितना संभव हो, रियल लगे पर खराब न लगे और हम दोनों ऐक्टर्स सहजता से उसे कर सकें। मगर उस फिल्म के बाद मुझे तीन साल तक वैसे ही किरदार मिलते रहे जिसमें बोल्ड सीन थे। मुझे लोगों को बोलना पड़ा कि मैंने उसे बोल्ड सीन के लिए नहीं किया था, फिल्म के लिए किया था।

## ओटीटी पर शुरू हुई दूसरी पारी

इन दिनों क्राइम थ्रिलर सीरीज 36 डेज के चर्चा बटोर रहीं श्रुति बहुत चुनिंदा काम क्यों करती हैं? इसपर उन्होंने कहा, मुझे काम नहीं मिलता, इसलिए। जितना मिलेगा उतना ही तो करूंगी। वैसे, मुझे लगता है कि ओटीटी की वजह से मैं अभी काफी काम कर रही हूं। जैसे, फॉरगॉटेन आर्मी, ब्लडी ब्रदर्स, दिल दोस्ती डिलेमा, 36 डेज जैसा क्राइम थ्रिलर जॉनर भी मैंने एक्सप्लोर नहीं किया था तो मैं इसे अपनी दूसरी पारी कहूंगी। मुझे लगता है कि मैंने टीवी पर जो शो किए, उससे बाकी चीजें दब गईं, क्योंकि वो ज्यादा दिखे हैं, ज्यादा चले भी हैं। कई सालों तक कई सीजन में। जैसे शरारत चार साल चला था। स्वीट लाइफ ऑफ करण ऐंड कबीर तीन सीजन तक चला।



# मुझे गुस्सा आता है जब मैं कुछ गलत होता हुआ देखती हूं

मिर्जापुर 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई है। सीरीज की हर तरफ चर्चा हो रही है। लेकिन गोलू के किरदार को दर्शक सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस किरदार को श्वेता त्रिपाठी ने निभाया है। श्वेता ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें भी मेल डोमिनेंस फेस करना पड़ा था। लेकिन चीजें अब पहले से बहुत बेहतर हो गई हैं। एक अच्छी चीज है कि अब इन चीजों में बदलाव आ रहा है। बदलाव आने की वजह यह है कि इस चीज को लेकर बहुत सालों पहले महिलाएं और पुरुषों ने बगावत शुरू कर दी थी, जिसका नतीजा आज देखने को मिल रहा है। इसलिए मेरा मानना है कि हम कोई भी लड़ाई अपने लिए नहीं लड़ते हैं, बल्कि आने वाली जेनरेशन के लिए लड़ते हैं। मेरी किस्मत अच्छी भी रही कि अधिकतर बड़े डायरेक्टर्स ने मुझे जेंडर के आधार पर अलग महसूस नहीं कराया है। मेरा मानना है कि इंसान को इंसान के जैसे ट्रीट करना चाहिए। जेंडर या धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं करना चाहिए।

## आपको गुस्सा कब आता है?

मुझे गुस्सा तब आता है, जब मैं अन्याय या कुछ गलत होता हुआ देखती हूं। एक किस्सा बताती हूं। मैं कहीं शूट कर रही थी। तभी देखा कि एक एक्टर को जूता दिया गया, लेकिन वो उसके पैर के हिसाब से छोटा था। लेकिन उसने प्रोडक्शन टीम को यह बात नहीं बताई। कुछ समय बाद उसके पैर से खून निकलने लगा। ये देख मुझे बहुत बुरा लगा। फिर मैंने प्रोडक्शन टीम से बात की। वहीं उस एक्टर से भी कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में सब करना ठीक है, लेकिन अपनी जरूरतों के लिए सही डिमांड करना गलत नहीं है। मैं तब सबसे ज्यादा दुखी होती हूं जब मुझे उन प्रोजेक्ट्स में काम नहीं मिलता, जिसमें मैं काम करना चाहती हूं। वजह ये है कि मैं एक्टर हूं और मेरा काम ही एक्टिंग करना है। फिलहाल मेरी लाइफ में सब कुछ अच्छा चल रहा है।

# औरों में कहां दम था में अजय के किरदार से उठा पर्दा

अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी वाली फिल्म औरों में कहां दम था की रिलीज डेट में अगर बदलाव न हुआ होता तो अब तक रिलीज हो चुकी होती। 5 जुलाई इसकी रिलीज डेट रखी गई थी, लेकिन अचानक इसे आगे बढ़ा दिया गया। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी इस फिल्म का जो दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं उनके लिए खुशखबरी है। इस फिल्म का नया गाना रिलीज होने जा रहा है, जिसका टीजर आज सामने आया है। इस फिल्म के अब तक जितने गाने रिलीज हुए हैं, सभी खूब पसंद किए जा रहे हैं। म्यूजिकल लव स्टोरी पर आधारित इस फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी ऑस्कर विजेता एमएम कीरावणी पर है। अब तक रिलीज हुए गानों से लेकर ट्रेलर तक, यह फिल्म खूब चर्चा बटोर रही है। यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। गाने के टीजर के अलावा निर्देशक नीरज पांडे ने अजय देवगन के किरदार कृष्णा से भी परिचय कराया है। फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए उन्होंने लिखा है, कृष्णा का परिचय! बेहद चंचल, आवेगशील है, लेकिन रोमांटिक है। नीरज पांडे का यह दिलचस्प कैप्शन अजय देवगन के किरदार का परिचय दे रहा है। फिल्म देखने के लिए बेकरार दर्शकों के लिए यह एक तोहफा है। नीरज पांडे के इस पोस्ट पर यूजर्स खुशी जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपका तो जलवा ही अलग है बॉस। एक अन्य यूजर ने लिखा, कृष्णा को जाने बिना ही हमें सिनेमाघरों में उसे देखने का इंतजार है।



# रणदीप हुड्डा ने बताई बॉलीवुड पार्टीज की हकीकत


बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने बॉलीवुड पार्टीज के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड पार्टीज नेटवर्किंग के लिए अहम होती हैं, ये बात उन्हें बहुत बाद में पता चली थी। वो तो शुरुआती करियर में इन पार्टियों में सिर्फ मौज-मस्ती के लिए जाते थे लेकिन इन पार्टियों की हकीकत का अंदाजा उन्हें काफी टाइम बाद हुआ।

## मैं पार्टियों में दिल की बातें कह देता था

हाल ही में एक इंटरव्यू में रणदीप ने कहा, पार्टी तो बहुत करते हैं, लेकिन अब घर पर करते हैं । करियर के शुरुआती दौर में मैंने बहुत बॉलीवुड पार्टीज अटेंड कीं। मुझे बहुत बाद में पता चला कि ये तो नेटवर्किंग पार्टीज होती हैं और मैं वहां पार्टी करने जाता था। कनेक्शन और नेटवर्किंग बढ़ाने के बजाए मैं इन पार्टियों में शराब पीकर अपनी दिल की बातें कह देता था। पता नहीं किसको क्या बोला होगा। रणदीप ने आगे कहा, मुझे बहुत बाद में समझ आया कि इन पार्टियों में ऐसा नहीं किया जाता है। आपको केवल हाथ में ड्रिंक लेना होता है, लोगों के हालचाल लेकर उनसे बातें करनी होती हैं और ये पता करना होता है कि कौन किस फिल्म पर काम कर रहा है। ये बॉलीवुड पार्टीज केवल नेटवर्किंग पार्टीज होती हैं क्योंकि असली पार्टी तो आप अपने रियल फ्रेंड्स से करते हैं जिनके साथ आप कंफर्टेबल होते हैं।

रणदीप हुड्डा की पिछली फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर थी। फिल्म में लीड रोल निभाने के साथ-साथ रणदीप ने इससे डायरेक्टोरियल डेब्यू भी किया था। रणदीप ने 2001 में फिल्म मानसून वेडिंग से डेब्यू किया था। इसके बाद वो कई फिल्मों में नजर आए हैं। रणदीप मॉडलिंग और प्रोडक्शन में भी हाथ आजमा चुके हैं।





# अभिमन्यु सिंह की फिल्म फिल्म 'कोकीन' में आलोक पांडे को मिला दमदार किरदार

वेब सीरीज 'बंबई मेरी जान' में दाऊद इब्राहिम की बहन का किरदार करके अगर कृतिका कामरा ने खूब तालियां बटोरी तो उसके मामा के किरदार में अभिनेता आलोक पांडे की तारीफ अब तक हो रही है। हाल ही में खबर आई थी कि कृतिका कामरा को प्राइम वीडियो की सीरीज 'मटका किंग' में अभिनेता विजय वर्मा के साथ लीड रोल मिला है और अब खबर ये है कि आलोक पांडे ने देश में कोकीन के सबसे बड़े रैकेट पर बनी फिल्म 'कोकीन' में महत्वपूर्ण भूमिका हासिल कर ली है। इस फिल्म में वह चर्चित अभिनेता अभिमन्यु सिंह के साथ नजर आएंगे। अभिनेता अभिमन्यु सिंह निर्देशक श्रवण तिवारी की क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कोकीन' में एक पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिमन्यु सिंह की पत्नी सरगम सिंह इस फिल्म के निर्माताओं में से एक हैं। सरगम सिंह कहती हैं, हम अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू करने के बारे में काफी समय से सोच रहे थे और सही प्रोजेक्ट का इंतज़ार कर रहे थे। जब हमें कोकीन जैसा सब्जेक्ट मिला, तो हमने इसी से शुरुआत करने का फैसला किया यह आज के युवाओं की कहानी कह रही है, कि कैसे वे इस अंधेरी दुनिया में फंस रहे हैं? जानकारी के मुताबिक फिल्म 'कोकीन' ड्रग्स की खतरनाक दुनिया को हकीकत के काफी करीब दर्शाती है। मुंबई की पृष्ठभूमि में सेट इस फिल्म में अभिमन्यु सिंह ने जलाल की भूमिका निभाई है। यह क्राइम थ्रिलर कानून के रखवालों और अपराधियों के बीच गहरे संबंधों को भी दर्शाती है। यह कहानी एक ताकतवर ड्रग डीलर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भ्रष्ट पुलिस वालों और राजनेताओं की मिलीभगत से कोकीन के कारोबार पर काबू रखता है।

## अपने किरदार को लेकर उत्साहित हैं अभिमन्यु



अभिनेता अभिमन्यु सिंह कहते हैं, इस फिल्म में मैं एक पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभा रहा हूं। इस किरदार के बारे में विस्तार से बात करना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन इस फिल्म में कई चौंकाने वाले टर्न और ट्विस्ट्स हैं जिनके इंतजार में ही असली आनंद है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म में अभिमन्यु सिंह को अपने भाई को बचाने के लिए हर संभव कोशिश करनी पड़ती है, एक खतरनाक कारोबारी के जाल में फंस गया है। अभिमन्यु के भाई का किरदार फिल्म में आलोक पांडे निभा रहे हैं। आलोक ने अपनी वेब सीरीज 'बंबई मेरी जान' के बाद से ही तमाम निर्देशकों को प्रभावित किया हुआ है।

# मेरी एक्टिंग की दुकान अच्छी चल रही है, राजनीति में दिलचस्पी नहीं है

फेमस कालीन भैया का किरदार निभाने वाले बेहतरीन सितारों में से एक पंकज त्रिपाठी ने राजनीति में आने के बारे में कहा कि उन्हें इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि उनकी एक्टिंग की दुकान अच्छी चल रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या अभिनेता की राजनीति में शामिल होने में कोई दिलचस्पी है, पंकज ने बताया, नहीं, अभी तो फिलहाल एक्टिंग की दुकान अच्छी चल रही है। पंकज इस समय मिर्जापुर 3 में दिखाई दे रहे हैं। यह पार्ट इस बार गुड्डू और गोलू पर केंद्रित है, क्योंकि इसमें कालीन भैया के नेतृत्व में त्रिपाठियों का शासन पूर्वांचल में समाप्त होता दिख रहा है। हालांकि सिंहासन को पाने के लिए काफी लड़ाई और खून-खराबा होता है। पंकज ने इंटेंस सीन्स के बारे में कहा, मैंने सीजन नहीं देखा है। मैंने सिर्फ अपने सीन्स देखे हैं। कालीन भैया ने इस बार कोई हिंसा नहीं की है। सैंतालीस वर्षीय स्टार ने कहा, मेरे कई दोस्तों ने कहा कि वे मुझे और देखना चाहते थे, और अंत में जब उन्होंने मुझे देखा तो वे संतुष्ट थे कि कालीन भैया वापस आ गए हैं। जब एक मजबूत किरदार कमजोर हो जाता है जैसा कि सीजन में दिखाया गया था, यही वह मोड़ है जहां जीवन में आप हमेशा ऊपर नहीं होते बल्कि नीचे भी देखते हैं। अपने आगामी काम के बारे में पंकज ने कहा कि उनकी पहली फिल्म स्त्री 2 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# यशस्वी जायसवाल टेस्ट और टी20 रैंकिंग में भारत के एकमात्र टॉप-10 बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल आईसीसी टी20 रैंकिंग में छठे नंबर पर हैं। उनके प्रदर्शन की निरंतरता ने उनको टेस्ट मैचों में भी टॉप-10 में जगह दिलाई है। वे टेस्ट क्रिकेट में 8वें स्थान पर मौजूद हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में जायसवाल दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। जायसवाल ने शुरुआती दो मैच नहीं खेले थे, वर्ना वह सीरीज के टॉप रन स्कोरर भी बन सकते थे। जायसवाल सीरीज के तीसरे मैच में टीम के साथ जुड़े , और उन्होंने तीन मैचों की तीन पारियों में 70.50 की औसत के साथ 141 रन बनाए।

सीरीज के टॉप स्कोरर शुभमन गिल थे, जिन्होंने 5 मैचों की पांच पारियों में 170 रन बनाए थे। हालांकि गिल की औसत 42.50 रही थी। जायसवाल इस समय इकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं, जो टेस्ट और टी0 रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल हैं। टी20 मैचों में ऑस्ट्रेलियाई सनसनी ट्रेविस हेड नंबर एक पर हैं। भारत के मिस्टर 360 डिग्री खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव नंबर दो पर हैं। उसके बाद भारतीय बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ टॉप-10 में शामिल हैं। टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन नंबर एक पर हैं। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः जो रूट और बाबर आजम हैं।

यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर में 9 मैचों में 68.53 की औसत के साथ 1028 रन बनाए हैं। उन्होंने 20 टी20 मैचों में 37.20 की औसत के साथ 643 रन बनाए हैं। खास बात यह है कि जायसवाल ने अभी तक एक भी वनडे मैच नहीं खेला है। वह दो फॉर्मेट में भारत के लिए खेलते हैं और दोनों में टॉप-10 में हैं।





# 15 की उम्र में पहला ओलिंपिक गोल्ड

पेरिस ओलंपिक

## 23 साल में लिया संन्यास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन ओलिंपिक के सबसे सफल देशों में शामिल है। हर ओलिंपिक में अमेरिका और चीन में सबसे ज्यादा मेडल जीतने की टक्कर होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि टीम की सबसे सफल ओलिंपियन कौन है? चीन के लिए 4 खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा 5-5 मेडल जीते हैं। इसमें एक ऐसी भी खिलाड़ी का नाम है, जिसने सिर्फ 23 साल की उम्र में ही खेल से संन्यास ले लिया था। उस खिलाड़ी का नाम है- चेन रुओलिन।

### डेब्यू ओलिंपिक में ही दो गोल्ड

डाइविंग की खिलाड़ी चेन रुओलिन ने घरेलू बीजिंग ओलिंपिक में ही डेब्यू किया था। तब उनकी उम्र 15 साल थी। उन्होंने बीजिंग 10 मीटर प्लेटफॉर्म और 10 मीटर सिंक्रो प्लेटफॉर्म में गोल्ड मेडल जीता था। फिर लंदन ओलिंपिक में भी इन दोनों इवेंट में गोल्ड पर कब्जा जमाया।

### रियो में एक ही इवेंट में उतरीं

चेन का जन्म जिआंग्सू के नानटोंगमें हुआ था। वह 2016 में हुए रियो ओलिंपिक में सिर्फ सिंग्रो प्लेटफॉर्म इवेंट में ही उतरीं। यहां भी उन्होंने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उन्होंने 2014 यूथ ओलंपिक में मशाल प्रज्वलित की थी।

### चोट की वजह से लिया संन्यास

अक्टूबर 2016 में 23 साल की उम्र में चेन को संन्यास लेना पड़ा। रियो ओलिंपिक से पहले ही उनके गर्दन में समस्या थी। इसके कारण एक ही इवेंट में क्वालीफाई कर पाई थीं। अगर वह खेलना जारी रखती तो जीवन को भी खतरा हो सकता था।

### सबसे सफल चीनी ओलिंपियन

चेन रुओलिन चीन की सबसे सफल ओलिंपियन में शामिल हैं। वह ओलिंपिक में 5 गोल्ड जीतने वाली टीम की चार खिलाड़ियों में एक हैं। इन चारों में 5वां गोल्ड हासिल करने के समय चेन की उम्र सबसे कम रही।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी 6 गोल्ड

ओलिंपिक में कभी एक भी इवेंट नहीं हारने वालीं चेन के नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में 6 गोल्ड के साथ ही फिना डाइविंग वर्ल्ड कप में 8 गोल्ड हैं। एशियन गेम्स में भी उन्होंने दो गोल्ड जीते हैं।

# कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ के समर्थन ने मुझे प्रेरित रखा: शिवम दुबे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवम दुबे को यूएसए और कैरेबियन में टी20 विश्व कप 2024 में अपने खराब प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। क्रिकेट पंडितों ने उन्हें भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की सबसे कमजोर कड़ी तक करार दिया।



हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में, दुबे ने अपनी उपयोगिता साबित की जब भारत 13.3 ओवर के बाद 103-4 पर संकट में था। दबाव में आकर दुबे विराट कोहली से जुड़ गए, जो भी अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने 16 गेंदों में 27 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें तीन छक्के और एक चौका लगाया।

पांचवें विकेट के लिए कोहली के साथ उनकी 57 रन की साझेदारी पारी को स्थिर करने में महत्वपूर्ण रही। बात करते हुए, हार्ड-हिटिंग बल्लेबाज ने संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में अपनी यात्रा साझा की, और कैसे उन्होंने बहुत अधिक गर्मी का सामना करने के बावजूद खुद को शांत रखा।

# चामरी आगामी महिला एशिया कप में श्रीलंका का नेतृत्व करेंगी

**कोलंबो, एजेंसी।** बिग-हिट ऑलराउंडर चामरी अथापथु 19 जुलाई से दांबुला में शुरू होने वाले आगामी महिला एशिया कप में 15 सदस्यीय श्रीलंका टीम का नेतृत्व करेंगी। विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदेशिका प्रबोधनी और दाएं हाथ की तेज गेंदबाज अचिनी कुलसुरिया, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रीलंका की घरेलू टी20 सीरीज हार का हिस्सा नहीं थीं, मेहमानों के खिलाफ वनडे चरण में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद खुद को टीम में शामिल पाती हैं। टीम में अन्य परिचित नामों में हर्षिता समरविक्रमा, हसिनी परेरा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा के साथ-साथ युवा खिलाड़ी - सलामी बल्लेबाज विशमी गुणरत्ने और बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर शशिनी गिम्हानी शामिल हैं। श्रीलंका अपने अभियान की शुरुआत 20 जुलाई को रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप बी प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, जिसके बाद उसे क्रमशः 22 और 24 जुलाई को मलेशिया और थाईलैंड का सामना करना पड़ेगा। 2022 में महिला एशिया कप के पिछले संस्करण की उपविजेता श्रीलंका इस बार खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में टूर्नामेंट में जा रही है, जिसने पिछले 12 महीनों में घर से दूर टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को हराया है। साथ ही बांग्लादेश में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

# भारतीय दल को सर्वश्रेष्ठ सुविधा देने का प्रयास कर रहे, फिर भी हो रही आलोचना : पीटी उषा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों को उनकी पसंद का सहयोगी स्टाफ मुहैया कराने के लिए खेल मंत्रालय, आईओए और राष्ट्रीय महासंघों ने मिलकर बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने इस शानदार तालमेल पर गौर नहीं करने के लिए आलोचकों को लताड़ भी लगाई।

खेल मंत्रालय ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए 117 खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को मंजूरी दी है। इनमें निजी कोच, मानसिक ट्रेनर और फिजियोथैरेपिस्ट भी शामिल हैं। आईओए विशेष रूप से प्रसिद्ध खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में गठित 13 सदस्यीय खेल विज्ञान टीम भी दल के साथ भेज रहा है। उषा ने कहा, 'आईओए में हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं, जहां खिलाड़ी हमारी योजना और तैयारियों के केंद्र में हैं। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के बीच सामान्य 3:1 अनुपात के बजाय



हमने इसे 1:1 अनुपात से थोड़ा बेहतर करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की हर मांग पूरी करने के प्रयासों के बावजूद कुछ रिपोर्टों में काम की नकारात्मक तस्वीर पेश करना निराशाजनक है। उषा ने कहा, 'खेल मंत्रालय और इसकी इकाइयों, राष्ट्रीय खेल महासंघों और कॉर्पोरेट भागीदारों के साथ मिलकर आईओए ने शानदार टीमवर्क से काम किया है। यह देखकर हैरानी होती है कि कुछ लोगों ने इस तरह के तालमेल को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छह पहलवानों में से एक अंतिम पंघाल कथित तौर पर अपने चार सदस्यीय सहायक स्टाफ के लिए वीजा का इंतजार कर रही हैं, जिससे उनके अभ्यास में बाधा पड़ रही है। उषा ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगी कि खिलाड़ियों के गैर मान्यता प्राप्त सहयोगी स्टाफ के लिए वीजा में और देरी न हो और वह भारत में फ्रांस के दूतावास के साथ अंतिम के कोच भगत सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट हीरा और स्पारिंग पार्टनर विकास का मुद्दा उठाएंगी।

डोपिंग के संदेह में

# पोलिश कैनोइस्ट बोरोस्का पेरिस ओलंपिक से चूकेंगी

**वारसॉ, एजेंसी।** पोलिश कैनो फेडरेशन ने कहा है कि डोपिंग रोधी नियमों के कथित उल्लंघन के कारण स्प्रिंट कैनोइस्ट डोरोटा बोरोस्का को 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पोलैंड की टीम से वापस ले लिया गया है। 28 वर्षीय ने जून में हंगरी के सेज्ड में 2024 ईसीए कैनो स्प्रिंट यूरोपीय चैंपियनशिप में महिलाओं की सी1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।



रिपोर्ट के अनुसार, बोरोस्का को ओलंपिक खेलों में पोलैंड की पदक उम्मीदों में से एक के रूप में देखा गया था। पोलिश कैनो फेडरेशन (पीसीएफ) ने एक बयान में कहा, हम खेल में शुद्धता का समर्थन करते हैं और प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थों के उपयोग की कड़ी निंदा करते हैं। हम संबंधित डोपिंग रोधी अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग की भी घोषणा करते हैं। हालांकि, हम एथलीट के अपराध को पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं करते हैं और हमारा मानना है कि हर किसी को निष्पक्ष ट्रायल का अधिकार है। जून में बोरोस्का से लिए गए एक नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था।

एथलीट अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन के फैसले के खिलाफ अपील कर सकता है, जिसने पेरिस 2024 के लिए उसकी योग्यता को निलंबित कर दिया है।

# शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई (एजेंसी)।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान, 'फेस कर रेस कर' के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा, 'प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक 9 रेस हो चुकी हैं। यूरोप, एशिया और डाउन अंडर में 11 और दौड़ें निर्धारित हैं, जिनका समापन दो अगस्त से सिल्वरस्टोन में ब्रिटिशजीपी के साथ होगा।



महिला एशिया कप

# जीत के साथ शुरूआत करना चाहेगी टीम इंडिया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से पहला मैच



**दाम्बुला (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिये इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का होगा

इस महीने की शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गए। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किये गए हैं।

ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।

**टीम भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

## एक नजर

### राशि नहीं मिलने से विधवा महिलाएं परेशान

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** दाउदनगर नगर परिषद वार्ड नं 2के पार्षद सीमन कुमारी ने डीएम को पत्र लिखकर नगर परिषद क्षेत्र के लाभुक के पारिवारिक लाभ की राशि दिए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद क्षेत्र की विधवा महिलाएं जिनके पति कोरोना काल व बाद के दिनों काल कलवित हुए, वहीं एक मात्र सहारा व परिवार के कर्ताधर्ता थे। सरकार का प्रावधान है कि घर का कर्ताधर्ता जिनकी आयु 60 वर्ष से कम तथा बीपीएल परिवार से है उन्हें पारिवारिक लाभ की राशि दी जाए ताकि वे अपना जीवन बसर कर सके। वार्ड नं 2 के दर्जनों तथा शहर के अन्य वार्ड के लाभुकों की राशि खाते में नहीं भेजी गई है। विधवा महिलाओं ने प्रखंड कार्यालय जाकर ऑनलाइन आवेदन दिया लेकिन खाते में राशि न आने से वे मायूस हैं। इतना ही नहीं उनके विधवा पेंशन भी नहीं मिल रहा है। ऑनलाइन रसीद लेकर कार्यालय जाती है तो बताया जाता है कि आवेदन का अता-पता नहीं है।

### नाबालिग अपहरण के मामले में पिता ने कराया प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र से 12 वर्षीय नाबालिक अपहरण का मामला प्रकाश में आया है।इस मामले में नाबालिक के पिता ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया।उल्लेख किया कि मेरी पुत्री 8 जूलाई को रफीगंज में यज्ञ देखने गई थी।आज तक नहीं लौटी।उस दिन शाम में काम करके घर लौटे तो पता चला कि यज्ञ देखने गई है।घर नहीं लौटने पर काफी खोजबीन किये। आठ दिनों तक परिवार सहित अन्य जगहों पर छानबीन भी किये नही पता चला। बुधवार को रफीगंज थाना में अपहरण को लेकर थाना में आवेदन दिया।बताया कि मेरी पुत्री कन्या विद्यालय की सप्तम वर्ग की छात्रा है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जारी है।

### साजिश के तहत शशिरंजन की हत्या का पिता ने लगाया आरोप

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के औरवां गांव के सामने 21अक्टूबर 2023 को रेलवे ट्रैक पर 28 वर्षीय शशिरंजन कुमार का ट्रेन से कटकर मृत्यु नहीं हुई बल्कि साजिश के तहत हत्या किये जाने का आरोप मृतक के पिता रामपुकार सिंह ने लगाया। पदर्ज प्राथमिकी में औरवां गांव के कारू यादव उर्फ सुरिया डॉन,चकलदह गांव के कैलाश यादव,कुंवर विगहा गांव के भोली यादव,मई गुमटी महीब चौधरी को नामजद आरोपी बनाया है।विभिन्न बिंदुओं को दर्शाते हुए पिता ने उल्लेख किया है कि त्रिपुरा ड्यूटी कर वापस आया तो पूछताछ किया। जिससे उक्त आरोपितों द्वारा साजिस के तहत शशिरंजन की हत्या की गई है।और रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया है। 21अक्टूबर को सुबह सूचना मिला जिससे संतुलन खो दिया था।ऐसी स्थिती में घर वालों को सलाह नहीं दे पाया। जिस पर बगैर पुलिस प्रशासन को सूचना दिए हुए शव को अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

### साइकिल से गिरकर दो बहनें घायल

**बारूण(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** बारुण थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर जोगिया गांव स्थित पुल पर अनियंत्रित हुई साइकिल से गिरकर दो बहने घायल हो गई. घायलों में थाना क्षेत्र के ही नथुनी बिगहा गांव निवासी रामेश्वर राम की पुत्री सोनम कुमारी व अंजली कुमारी शामिल है. सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि सोनम और अंजलि दोनों साइकिल से जोगिया बाजार जा रही थी. सोनम को कैफे दुकान पर फॉर्म भरवाना था और अंजलि को एक निजी क्लीनिक में इलाज करवाना था।

# एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

## सरकारी निर्माण कार्यों से वसूलता था लेवी, जेसीबी मशीन जलाकर हुआ था फरार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में ईंट भट्ठा-पैट्रोल पंप और सरकारी निर्माण कार्यों से लेवी वसूलने वाले एक लाख के इनामी नक्सली बिंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे को दाउदनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह बीते काफी दिनों से फरार चल रहा था। जबकि पुलिस गिरफ्तारी को लेकर लगातार इसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में सूचना मिली की बिंदेश्वरी गोह थाना क्षेत्र के अपने गांव पहाड़पुरा में घर पर है। सूचना के सत्यापन में पहुंची पुलिस को देख नक्सली अचानक भागने लगा। जिसे पीछा कर उस गांव के बघार से गिरफ्तार किया गया। दरअसल इसके खिलाफ रफीगंज थाना में 4 जून को एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें बताया गया कि नक्सलियों का एक टीम रात्रि में ईंट भट्ठा पर पहुंचा था। मालिक को लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जेसीबी मशीन को जला दिया गया था। कांड की गंभीरता के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इसमें पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज के नेतृत्व में छापेमारी की गई। दाउदनगर एसडीपीओ कार्यालय में अयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि पकड़ा गया नक्सली एक लाख रुपए का इनामी है। यह गोह रफीगंज बंदेया टेकारी कोंच सहित अन्य थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहकर ईट भट्ठा और पेट्रोल पंप के मालिकों और अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी देकर लेवी की वसूली करता था।

इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कई बार घर पर छापेमारी की। लेकिन यह हर बार फरार हो जाता था। इसके खिलाफ गोह रफीगंज और खुदवां थाना में केस दर्ज है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद नक्सली को जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से नक्सलियों का मनोबल गिरा हुआ है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। छापेमारी दल में गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान, एसआई सुदीश कुमार, पीएसआई रविंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार, सिपाही बमबम कुमार यादव, राजकुमार मंडल और रामाशीष पासवान शामिल थे।

### नक्सलियों पर पुलिस का शिकंजा

इस सफलता के बाद औरंगाबाद पुलिस की नक्सलियों के विरुद्ध मुहिम को और बल मिला है। पुलिस की यह कार्रवाई नक्सलियों के आतंक को कम करने और जनता में सुरक्षा का भाव बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। औरंगाबाद पुलिस का यह अभियान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजनान्तर्गत 'कन्या जन्मोत्सव- सह-सखी वार्ता' का किया गया आयोजन

निजसंवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजनान्तर्गत देव परियोजना के आंगनबाडी केंद्र महुआ दोहर में 'कन्या जन्मोत्सव-सह- सखी वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव रंजन, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, श्वेता रानी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी , औरंगाबाद एवं मिथलेश कुमार, मिशन समन्वयक, डीएचईडब्ल्यू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक ,महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा कहा गया कि बालिकाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ रही हैं इसलिए इन्हें पढने और आगे बढने का अवसर दें, बेटा- बेटी में अंतर नहीं कर दोनों को समान अवसर दें। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है साथ ही उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कानूनी प्रावधान किया गया है। इसके लिए जिला में 'सखी वन स्टॉप सेंटर' एवं 'जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन' जैसे कार्यालय संचालित हैं,जहां से महिलाऐं एवं बालिकाऐं सहयोग ले सकती हैं। उन्होंने 'सखी वन स्टॉप सेंटर' का मोबाइल नंबर-9771468003 एवं महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर-181 की जानकारी सबों को दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, देव ने कहा कि बच्चियों का लालन-पालन सही तरीके से करते हुए पढाई अवश्य करायें, इन्हें आगे बढने का अवसर दें।कन्या उत्थान योजना एवं मातृ वंदना योजना का लाभ अवश्य लें। उन्होंने बाल विवाह की चर्चा करते हुए कहा की बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करें। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका रानी कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की जानकारी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को देते हुए इसके लाभ को प्राप्त करने के तरीके से अवगत करायीं।

कार्यक्रम के दौरान कन्या जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित नवजात कन्या शिशु एवं माताऐं शीशम कुमारी,मालती कुमारी, गुड़िया कुमारी, सीमा कुमारी, संगीता कुमारी, कुसुम देवी, जितनी देवी एवं ज्ञांती देवी को बधाई संदेश कार्ड एवं बेबी किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका रानी कुमारी,सेविका आरती कुमारी,प्रतिमा कुमारी, चंचला कुमारी एवं नवजात कन्या शिशु की माताऐं, ग्रामीण महिलाएं एवं बालिकाओं की उपस्थिति रही।

## स्कॉर्पियो गाड़ी से नौ गैलन स्पिरिट जब्त

**औरंगाबाद(का.सं.)।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक स्कार्पियों गाड़ी से नौ गैलन स्पिरिट को जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त गाड़ी से स्पिरिट की खेप ले जाई जा रही है। पुलिस ने छापेमारी कर गाड़ी को पकड़ा और उसकी जांच की। इस दौरान गाड़ी से नौ गैलन में रखी गई 315 लीटर स्पिरिट को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराने की अफवाह, पुलिस ने किया खंडन

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में मुहर्रम जुलूस के दौरान सोशल मीडिया पर फिलिस्तीन का झंडा लहराने का मामला सामने आया था। इसको लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन सूचना मिलते ही औरंगाबाद पुलिस ने जांच-पड़ताल की। जिसके बाद वायरल वीडियो को अफवाह करार दिया। मामला नबीनगर थाना क्षेत्र के परसिया गांव का है। पुलिस उपाधिक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि वीडियो नबीनगर का नहीं बल्कि अन्य जगह का है। वीडियो के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनता से अनुरोध है कि इस तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। इसकी सूचना अपने थाना या साइबर थाना को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट ना डालें। अगर कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो पुलिस प्रशासन की ओर से उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी धार्मिक वाले पोस्ट को शेयर ना करें। अगर ऐसा कोई करता है तो उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को तुरंत दें। उन्होंने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की हैं।

# टास्क फोर्स कमिटि की बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को 18 जुलाई 2024 समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के टास्क फोर्स कमिटि की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उद्योग विमाग द्वारा संचालित योजनायें यथा प्रधानमंत्री रोजगारसृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-जे एंड आई) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा युनियन बैंक ऑफ इडिया, एक्सस बैंक, बंधन बैंक एवं आईडीबीआई के जिला समन्वयक के अनुपस्थित रहने पर क्षोभ व्यक्त किया गया। उन्होंने महाप्रबंधक को निदेश दिया कि अनुपस्थिति जिला समन्वयक से अनुपस्थिति का कारण जानने के लिए पत्राचार करें। अगले बैठक में सभी जिला समन्वयक को ससमय योजना के प्रगति प्रतिवेदन के साथ बैठक में शामिल होने की हिदायत दी। जिन बैंकों द्वारा लक्ष्य से काफी कम या शुन्य आवेदन स्वीकृत किया गया है उन्हें अति-शीघ्र आवेदनों की स्वीकृति कर लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया। विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्यम उन्नयन योजना में बैंको द्वारा मात्र 20 आवेदन स्वीकृत किए जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा असंतोषजनक व्यक्त किया गया साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-जे एंड आई) में 72 आवेदन स्वीकृत किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, द्वारा बताया गया कि ऋण आवेदन की स्वीकृति में यदि किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसे वाहट्स्प्प ग्रुप में शेयर करें या सीधे मुझसे से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 2024 को आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक से पूर्व उन सभी आवेदन को स्वीकृत/ अस्वीकृत करें, जो शाखा में लंबित है। उन्होंनेनबैंको से स्वंय भी आवेदन सृजित करने का अनुरोध किया। कुछ समन्वयक द्वारा पिछले वर्ष स्वीकृत ऋण आवेदन का अनुदान अभी तक लंबित होने की शिकायत की तथा कुछ आवेदक द्वारा ससमय कागजात जमा नहीं करने की बात कही। इस पर महाप्रबंधक द्वारा कहा गया कि सभी जिला समन्वयक अपने -अपने क्षेत्राधीन शाखा में लंबित अनुदान की सूची मुझे उपलब्ध कराएं जिससे कि केवीआईसी से समन्वय स्थापित कर अविलंब अनुदान बैंक को उपलब्ध कराई जा सके।

# खेत में मिली अज्ञात युवती की शव



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गुरुवार को एक अज्ञात युवती का शव मिला। घटना गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के सोसुना गांव की है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बंदेया पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया और पहचान में लग गई है। ग्रामीणों ने कहा कि युवती यहां की नहीं है। बंदेया थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सोसुना गांव स्थित बधार में एक युवती का शव है। पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की पहचान नहीं हो पा रही है। मृतका की उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी जा रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव की पहचान 72 घंटे तक नहीं होती है तो पुलिस अंतिम संस्कार कर देगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह युवती हमलोग की गांव की नहीं है। रात करीब 10 बजे तक हमलोग देखे थे। वहां कुछ नहीं था, मगर गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे के आसपास लोगों ने देखा कि एक शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद क्षेत्र में अलग-अलग तरह की बातें होने लगी।

# अवॉर्ड विनिंग चिल्ड्रन बुक का अनुग्रह मध्य विद्यालय में हुआ वितरण

- डीएफओ, एसडीएम, एसडीपीओ एवं डीपीओ ने उपस्थित हो बच्चोंबका बढ़ाया हौसला

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्यालय के प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अवॉर्ड विनिंग युवा लेखिका नेहल नित्या की चर्चित बच्चों की कहानी की किताब द सोल लेब्रिंथ को वर्ग छ सात एवं आठ के सभी बच्चों के बीच वितरण कराया गया ।समारोह के उद्घाटन सत्र में पधारे औरंगाबाद के सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह एवं एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, डीपीओ दया शंकर सिंह,प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह एवं पप्पू कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । स्वागत समाजसेवी पप्पू कुमार ने किया जिन्होंने गोयनका समूह से निःशुल्क पुस्तक मंगवाकर अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों के लिए उपलब्ध करवाया था। एसडीएम एवं एसडीपीओ ने बच्चों को चार बाल कहानियों के संग्रह वाली पुस्तक को प्रदान किया एवं कहा कि पुस्तक एक 14वर्षीय बिहारी लड़की द्वारा लिखी गयी है जिसे ब्रिबुक प्रकाशन ने छापा है। इसकी सभी कहानियां बच्चों की मानसिक क्षमता को एक नया आयाम देगी।डीपीओ स्थापना ने प्रधानाध्यापक की भूमिका को सराहा एवं कहा कि नित्य नवाचारी प्रयासों से विद्यालय को सबल बना रहे हैं।उन्होंने कहा सुलोचना सिंघानिया थाने में 10वीं में पढ़ने वाली नेहल जो सागरिका एवं सुबीर वर्मा बिहारी दंपति की संतान है के कार्य का यहां के बच्चे भी कर के दिखाने का संकल्प लें। अपनी मातृभाषा में ही लिखें। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पधारी डीएफओ रुचि सिंह ने बच्चों को किताबे वितरित कर बहुत ही प्रसन्न हुई और कहीं कि टेक्स्टबुक से इतर भी अच्छे लेखकों की किताबें आपको बड़े लक्ष्यों को साधने की सरल तरकीबें बताएंगी आपको धैर्यवान बनाएंगी।उन्होंने कई महत्वपूर्ण टिप्स बच्चों को दीं और प्रायः आकर मोटिवेशन देने का भी आश्वाशन दीं।

पुस्तक प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह ने प्रायोजक पप्पू जी के प्रति आभार जताया और कहा कि स्कूल में आसपास के सजग लोग सच्चे स्टेकहोल्डर होते हैं। समाज के सभी हितधारक मिलकर बच्चों के माध्यम से मजबूत नीव रख सकते हैं।कार्यक्रम में समाजसेवी भूलन सिंह, मनोज कुमार, सूरज प्रकाश सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें ।

### विश्वविद्यालयों के बीचे बीच शिक्षा के आदान-प्रदान को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर

# विश्वविद्यालय के छात्र रशिया में नैनो बायोटेक्नोलॉजी के अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला में प्राप्त कर सकेंगे प्रशिक्षण

निज संवाददाता




**जमुहार (रोहतास)।** बिहार में तेजी से विकसित हो रहे गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार एवं साउदर्न फेडरल यूनिवर्सिटी रशिया के बीच शिक्षा के आदान-प्रदान को लेकर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके अंतर्गत गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के छात्र रशिया में जाकर नैनो बायोटेक्नोलॉजी के अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विगत 15 जुलाई 2024 को मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सहमति पत्र के मुताबिक यहां के छात्र रशिया में जाकर बिना किसी भुगतान के प्रयोगशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा कैंपस में निशुल्क आवासन भी प्राप्त कर सकेंगे । इतना ही नहीं रशिया के विश्वविद्यालय द्वारा यहां के छात्रों को अल्पावधि नौकरी भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे अपनी शिक्षा सुगमतापूर्वक पूरी कर सकें। यह सहमति पत्र फिलहाल एक साल के लिए किया गया है और इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया गया है। दोनों विश्वविद्यालय एक दूसरे के शिक्षा दीक्षा में सहयोग करेंगे तथा छात्रों के भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सहमति पत्र से फिलहाल सूचना प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी विभाग के छात्र लाभान्वित होंगे जबकि बाद में अन्य क्षेत्रों के लिए भी संभव हो सकेगा।

### बुद्धिजीवियों ने जन सुराज के सुर में मिलाया सुर, कहा

# जन सुराज के विचारों पर चलकर होगी बिहार की उन्नति

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के संगठन 'जन सुराज विचार मंच' ने औरंगाबाद की राजनीति को नई दिशा देने की पहल की है। इस पहल के तहत मंच के बैनर तले शहर के पृथ्वी राज चौहान स्मृति भवन में गुरूवार को बिहार की दशा-दिशा एवं जन सुराज की भूमिका विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में शहर के बुद्धिजीवियों, अधिक्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं आदि ने विचार रखें। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत प्राध्यापक प्रो. रामाधार सिंह ने की जबकि संचालन प्रशांत किशोर की टीम की औरंगाबाद की प्रभारी तस्मिया मुख्तार ने किया। गोष्ठी में विचार रखते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार की दशा और दिशा में बदलाव जरुरी है और बदलाव के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की पहल सराहनीय है। बिहार को एक नए राजनीतिक विकल्प की जरूरत है और यह जन सुराज की पहल हो सकती है लेकिन इसके लिए अभी काफी कुछ काम करना होगा। तभी जाकर जन सुराज को बिहार की दशा और दिशा बदलने का अभियान सफल हो सकेगा। वक्ताओं ने कहा कि जन सुराज ने बिहार में बदलाव के लिए जो पहल की है, उस पहल से लोगों में उम्मीद जगी है। इस उम्मीद में लोग प्रशांत किशोर के संगठन से जुड़े है और औरंगाबाद के भी लोग उनसे जुड़ने के लिए आगे आएंगे। इस कार्यक्रम के बहाने औरंगाबाद में जन सुराज अभियान का आगाज हो चुका है और धीरे धीरे यह कारवां बढ़ता हुआ सांगठनिक आकार लेगा। कार्यक्रम में प्रो. रामाधार सिंह, जगदीश सिंह, जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव, पप्पू ज्वाला सिंह, डॉ. आरयू कुमार, वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महिला नेत्री सुमन अग्रवाल, करिश्मा सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश विद्यार्थी आदित्य श्रीवास्तव, सतीश कुमार वर्मा एवं आशुतोष रंजन आदि ने विचार रखे।

# न्यायधीश को दी गई भावभीनी विदाई



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एसीजेएम सह सब जज डॉ राजेश कुमार सिंह के पदोन्नति पर न्यायधीशों और अधिवक्ताओं ने बधाई व विदाई दी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने न्यायधीश डॉ राजेश कुमार सिंह को व्यवहार न्यायालय सुपौल का सीजेएम बनाया है,26/05/23 से न्यायधीश डॉ राजेश कुमार सिंह व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में बहुत तेजी से वादों का सुनवाई करते थे जिनके तबादला के खबर सुनते ही जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में उदासी फैल गई, और सबजज के कई कोर्ट रिक्त से वादों के सुनवाई के प्रति चिंता बढ़ गई है। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में न्यायधीश डॉ राजेश कुमार सिंह को साल बुके मेमेंटो और माला देकर सम्मानित किया गया, सम्मानित करने वाले न्यायधीश एडीजे आंनद भूषण, एडीजे सौरव सिंह, एसीजेएम डॉ फतेह दिवान, अविनाश कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित शौरभ, ओमप्रकाश नारायण सिंह, शुभांकर शुक्ला, इनके अलावे जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व महासचिव जगनरायण सिंह, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता सहित कार्यसमिति के अधिकांश सदस्य उपस्थित थे।

# शादी समारोह से लौटते वक्त टोला सेवक की मौत, पत्नी और बेटा घायल



निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के ओबरा दाउदनगर पथ पर कारा मोड़ के पास एक गंभीर सड़क दुर्घटना में एक टोला सेवक की मौत हो गई। इस घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने ओबरा पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्तियों को ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। दुर्घटना में दाउदनगर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के निवासी रूपन राम के बेटे संतोष राम (40), उनकी पत्नी मंजू देवी और बेटे करण कुमार शामिल थे। गंभीर चोटों के चलते संतोष राम को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संतोष राम के बेटे करण कुमार ने बताया कि वे अपने माता-पिता के साथ उत्तर प्रदेश के मिलकिया में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार को घर लौट रहे थे। अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से उतरकर उन्होंने एक ऑटो किराए पर लिया और दौलतपुर जा रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार टेंपो ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में संतोष राम की मौके पर ही मौत हो गई।

# चतरा मोड़ के समीप दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, पांच घायल

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर औरंगाबाद अंबा पथ के चतरा मोड़ के समीप दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर प्रखंड के बभंडी गांव निवासी गोबिंद्र कुमार के रूप में की गई है। जबकि इस हादसे में दोनो बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। घायलों में सूरज कुमार,पिता संजय भुइयां, जितेंद्र कुमार पिता उपेंद्र भुइयां तथा मुन्ना कुमार सभी बारुण थाना के गजबोर बिगहा तथा सनोज कुमार पिता शिव कुमार एवं वीरेंद्र कुमार दोनों सदर प्रखंड के बभंडी गांव के रहने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज कुमार एक ही बाइक पर अपने दोस्तों के साथ अंबा सतबहिनी मंदिर अपने फुफेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होने गया था और शादी समारोह को अटेंड कर वापस घर आ रहा था वही सनोज कुमार भी अपने दोस्तों के साथ औरंगाबाद से सतबहिनी मंदिर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। बस इसी क्रम में दोनों की बाइक आपस में जबरदस्त टकरा गई जिससे घटनास्थल पर ही गोविंद कुमार की मौत हो गई। घायलों में दो की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है।

# मुहर्रम जुलूस में पिस्टल लहराने वाला युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व के जुलूस के दौरान पिस्टल लहराने वाले युवक को नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है। गिरफ्तार युवक की पहचान पठान टोली मुहल्ला निवासी मो. कयामुद्दीन के पुत्र मो. सैफ खान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से पिस्टल भी जब्त कर ली है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सख्त आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद मो. सैफ खान ने जुलूस के दौरान पिस्टल लहराकर अशांति फैलाने की कोशिश की। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सटीक सूचना के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सैफ खान का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वर्ष 2020 में एक लूटकांड के मामले में भी वह जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पिस्टल को जब्त कर लिया और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस घटना के बाद नगर में पुलिस की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।